e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 79

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
23.03.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
हमे सुख नहीं मिल सकता यदि विश्वास किन्ही चीजो में करे और अमल किन्ही और चीजो पर

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्यूनतम | 12° |

## ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्मभ्यामक्षमालाकमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**

मां दुर्गा की नौ शक्तियों में से दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्मा शब्द का अर्थ तपस्या से है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप की चारिणी यानि तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इसके बाएं हाथ में कमण्डल और दाएं हाथ में जप की माला रहती है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। इस चक्र में अवस्थित मन वाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है।

### बजट सत्र : सदन में मुख्यमंत्री ने भाजपा पर जमकर बोला हमला

# नियोजन नीति मामले में समय पर देंगे जवाब : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में भाजपा पर जमकर हमला बोला। भाजपा के विधायक नियोजन नीति पर मुख्यमंत्री से जवाब की मांग कर रहे थे। शून्यकाल के बाद सदन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आप 60,40 के समर्थक हैं या 1932 के। इस पर भाजपा विधायकों ने कहा 1932 के। तब मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंह में राम बगल में छुरी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा को भी हाईजैक कर रखा है। उसी तरह ये लोग झारखंड विधानसभा को हाईजैक करना चाह रहे हैं। पहले दिन से ही सदन में यह कोशिश हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के पास ना कोई मुद्दा है और न कोई विषय। भाजपा विधायकों ने सदन के अंदर कल जो तमाशा किया था, उसपर कार्रवाई होनी चाहिए। सदन की गरिमा तार-तार कर ड्रामेबाजी की जा रही है। कपड़े फाड़कर राम भक्त सिद्ध किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह समय पर नियोजन नीति पर सदन में जवाब देंगे।

उन्होंने कहा कि देश की सर्वोच्च पंचायत में आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सभी की चर्चा होती है। कल सदन के अंदर जो वीडियोग्राफी हुई, उसकी जांच होकर कार्रवाई होनी चाहिए। कल ही तपोवन मंदिर के सौंदर्यीकरण का काम शुरू हुआ है। 20 वर्षों से यह ध्यान में नहीं आया।

विपक्ष की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरीके से इन लोगों को देश में घेरा जा रहा है उससे ये लोग घबराए हुए हैं। कपड़े फाड़ने, तरह तरह का रूप धारण करके आना इनकी आदत बन गई है। इन्हें लगता है कि सवालों से घिर जाएंगे इसलिए नौटंकी करते हैं। उधर, विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। सीएम ने जल संरक्षण के क्षेत्र में महती भूमिका निभाने वाले महिलाओं को सम्मानित भी किया।

**जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए सीएम ने किया सम्मानित**

**जल संरक्षण के लिए अभियान चलाएं : सीएम**



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जल जीवन मिशन, जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने के लिए रांची जिला के कांके प्रखंड के पिथोरिया पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी, कोडरमा जिले के मरकच्चो पंचायत समिति की सदस्य पार्वती देवी, कोडरमा जिले से मरकच्चो प्रखंड स्थित अरकोचा पंचायत की वार्ड सदस्य पूजा देवी तथा कोडरमा जिले के डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत की पार्वती देवी को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने उन सभी से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों और गतिविधियों की जानकारी ली और उसे सराहा। इस मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल के बिना जिंदगी की कल्पना नही की जा सकती है । ऐसे में जल संरक्षण आज की नितांत जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप जल संरक्षण और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए अभियान चलाएं और दूसरों को इससे जोडें। क्योंकि, सामूहिक प्रयास से ही इसमें कामयाबी हासिल कर सकते हैं। ज्ञात हो कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गत 4 मार्च को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में इन्हें सम्मानित किया था।

## क्षेत्रीय दूरियों को कम करना हमारी प्राथमिकता : पीएम मोदी




**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के नए क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान भारत 6-जी विजन डॉक्यूमेंट का अनावरण और 6-जी अनुसंधान और विकास केंद्र का शुभारंभ भी किया। इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत जी20 बैठक की अध्यक्षता कर रहा है और क्षेत्रीय दूरियों को कम करना हमारी प्राथमिकता है। तकनीकी दूरियों को कम करने में वैश्विक दक्षिण की अहम भूमिका है। आईटीयू का एरिया ऑफिस और इनोवेशन सेंटर इसमें काफी अहम साबित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हर महीने 800 करोड़ रुपए के यूपीआई आधारित भुगतान होते हैं। हर दिन 7 करोड़ ई-अथॉन्टिकेशन होते हैं। 28 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए नागरिकों के बैंक खातों में भेजे गए हैं। 5जी के शुरू होने के 6 महीने में ही हम 6जी टेक्नोलॉजी के बारे में भी बात कर रहे हैं। यह भारत के विश्वास को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टेलीकॉम तकनीक सिर्फ ताकत दिखाने का तरीका नहीं है बल्कि यह लोगों को सशक्त बनाने का मिशन है। भारत में 125 शहरों में 5जी कनेक्शन शुरू हो गए हैं। भारत में 100 5जी लैब देश भर में बनाए जाएंगे।

**प्रधानमंत्री ने नव संवत्सर, नवरात्र, गुड़ी पड़वा, चेती चांद व नवरेह की बधाई दी**

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को नव संवत्सर, नवरात्र, गुड़ी पड़वा, चेती चांद, नवरेह आदि त्योहारों की बधाई दी और उनके खुशहाल जीवन की कामना की. उन्होंने एक ट्वीट में कहा, देशवासियों को नव संवत्सर की असीम शुभकामनाएं. एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, आप सभी को नवरात्रि की अनंत शुभकामनाएं. श्रद्धा और भक्ति का यह पावन-पुनीत अवसर देशवासियों के जीवन को सुख-संपदा और सौभाग्य से रोशन करे. जय माता दी! पीएम मोदी ने अलग-अलग ट्वीट कर देशवासियों को उगादि, नवरेह, गुड़ी पड़वा, चेती चांद आदि त्योहारों की भी बधाई दी. ये त्योहार पारंपरिक हिंदू नव वर्ष की शुरुआत के अवसर पर मनाए जाते हैं और हमारे देश की संस्कृति और समृद्ध विरासत को दर्शाते हैं.

## धनबादः बरवाअड्डा सड़क हादसे में तीन की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाईवे-2 पर लोहारबरवा के समीप ऑटो और सेमी ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। टक्कर में एक महिला समेत तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए स्व. निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल (एसएनएम एमसीएच) में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि वह लोग ऐनाकोठी लेदाटांड मजार से ऑटो में बैठ कर धनबाद आ रहे थे। इसी दौरान लोहारबरवा मोड़ के समीप 407 वाहन की टक्कर से ऑटो पलट गया।

इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि चार लोग घायल हुए हैं। ऑटो सवार सभी लोग एक ही परिवार के बताए जा रहे है। घटना के बाद मौके पर जुटी स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एसएनए मएमसीएच भेजा गया है। मृतकों में एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार सभी लोग झरिया स्थित एना इस्लामपुर के रहने वाले थे, जो राजगंज स्थित लेदाटांड मजार से लौटकर वापस घर जा रहे थे।

इसी दौरान सेमी ट्रक 407 से ऑटो की टक्कर हो गई और ऑटो पलट गयी।

# झारखंड विनियोग संख्या-दो विधेयक ध्वनिमत से पारित



### मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट बिल, प्रवर समिति को भेजा गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड विधानसभा में बुधवार को भोजनावकाश के बाद सदन से झारखंड विनियोग संख्या 2 विधेयक 2023 ध्वनिमत से पारित हुआ। सदन में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट भी आया, जिसे मुख्यमंत्री के आग्रह पर स्पीकर ने प्रवर समिति में भेज दिया। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह डॉक्टर और मरीज दोनों से संबंधित विधेयक है। न्याय सबके साथ होना चाहिए। सरकार इसके पक्ष में है। जितनी चिंता गरीबों के जानमाल की है उतनी ही चिंता डॉक्टरों के जानमाल की भी है। सरकार को सभी के जानमाल की चिंता है। साथ ही कहा कि इस बिल पर लगभग 30 संशोधन आये हैं। सभी खंडों में संशोधन है। इसकी गंभीरता को देखते हुए इसे प्रवर समिति में भेजा जाये। इससे पहले माले विधायक बिनोद सिंह, आजसू विधायक लंबोदर महतो, भाजपा विधायक अमित मंडल और अमर बावरी ने इस बिल को प्रवर समिति में भेजने की मांग की थी।

### 15 दिनों में जनता के सवाल गौण रहे : आलमगीर

झारखंड विधानसभा में बुधवार को भोजनावकाश के बाद गृह, आपदा प्रबंधन, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा हुई। अनुदान मांग पर चर्चा का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर ने कहा कि सदन में आजकल शेरो शायरी बहुत हो रही है। हम चाहते हैं कि सदन के बाद एक मुशायरा भी करा लिया जाय। सदन में यह देखा गया कि सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप हुआ। मेरा मानना है कि सदन में विषयों पर सकारात्मक चर्चा होनी चाहिए। 15 दिनों में देखा कि जनता के सवाल गौण रहे। हमारी सरकार के तीन साल के कार्यकाल को देखिए, जनता से जो वादा किया उसपर काम किया। गरीबों के लिए योजना लाया। गांव में लोगों को न्याय मिले इसके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की। तीन वर्षों में एक नहीं अनेक योजनाएं चलायी। हमारी सरकार जनता के बीच रहकर काम किया। सेविका और सहायिका के मामले में हमारी सरकार ने मानदेय दिया। उन्होंने कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी को, 1932 खतियान और सरना कोड को सदन से पारित कराया लेकिन विपक्ष ने कभी यह कोशिश नहीं किया कि केंद्र सरकार से इसपर सहमति ली जाय। प्रधानमंत्री आवास के लिए हमारी सरकार ने घोषणा किया था कि और 50 हजार रुपये देंगे लेकिन केंद्र से चालू वित्तीय वर्ष में अलॉट नहीं हुआ। 2022-23 में सरकार ने कैबिनेट से 568 प्रस्ताव पारित किया है जो जनहित में है। हमारी सरकार संवेदनशील है और जनता की भावनाओं के अनुरूप नीति बना रही है। विधि व्यवस्था के मामले में उन्होंने कहा कि राज्य के 300 पुलिस थाने में महिला डेस्क स्टाफ की व्यवस्था की है। साइबर क्राइम के रोकथाम के लिए भी सरकार तेजी से काम कर रही है। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि तीन वर्षों में सरकार ने मात्र 357 लोगों को नौकरी दी है। भ्रष्टाचार के आरोप में अधिकारी जेल जा रहे हैं और मुख्यमंत्री वैसे अधिकारी को बचाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का आलम यह है कि मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का भी इसकी गिरफ्त में हैं। राज्य के युवा दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके

**नई दिल्ली** : दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता इतनी तेज थी कि दिल्ली और आसपास के कई क्षेत्रों में लोग अपने घरों से बाहर निकल आये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.6 मापी गई है। इसका केंद्र अफगानिस्तान के समीप था। हालांकि दिल्ली में अभी तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप के कारण कुछ जगहों पर लोगों के बीच दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल गए। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में भी लोग सड़कों पर निकल गए। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के कई हिस्से में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए।

### मप्र : नर्मदा नदी में नहाने आए चार युवक डूबे, एक का शव मिला

**बड़वानी** : मध्य प्रदेश के बड़वानी जिला मुख्यालय से 42 किलोमीटर दूर अंजड़ थाना क्षेत्र के लोहारा घाट पर बुधवार को नहाने के दौरान चार युवक नर्मदा नदी में डूब गए। सूचना मिलने पर पुलिस और एसडीआरएएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है चार में से एक युवक का शव बरामद कर लिया है, जबकि शेष तीन की तलाश जारी है। अंजड थाना पुलिस के अनुसार, गुजरात के ग्राम टोकरियां और धार जिले के ग्राम मिर्जापुर से 11 लोग बुधवार को सुबह नर्मदा नदी में नहाने के लिए मलनपुर से नाव में बैठकर लोहारा घाट आए थे। यहां पर नहाने के दौरान एक युवक डूब रहा था। उसे बचाने के लिए उसके तीन दोस्त भी नदी में चले गए जो गहरे पानी में जाने से डूब गए। घटना सुबह 10 बजे की बताई जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और नर्मदा में डूबे युवकों की तलाश शुरू की। इस दौरान राहत एवं बचाव दल ने एक युवक का शव बरामद कर लिया है, जिसकी पहचान मोहम्मद किफातुल्ला निवासी गुजरात के रूप में हुई है। डीएसपी कुंदन सिंह मंडलोई भी मौके पर पहुंच गए हैं।

# गडकरी आज 19 सड़क परियोजनाओं की देंगे सौगात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को झारखंड आएंगे। वे राज्य को दो मेगा सड़क परियोजनाओं समेत 19 नई सड़कों की सौगात देंगे। केंद्रीय मंत्री रांची और स्टील सिटी जमशेदपुर में कुल 19 महत्वपूर्ण सड़कों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। एनएचएआई ने इसकी तैयारी तेज कर दी है। गडकरी जमशेदपुर के गोपाल मैदान से जमशेदपुर क्षेत्र की 10 सड़क परियोजनाओं और रांची के शहीद मैदान से राजधानी से राज्य के विभिन्न जिलों को जोड़ने वाली नौ परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। वे यहां पांच हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और आधारशिला रखेंगे। पहले वे जमशेदपुर पहुंचेंगे। इसके बाद रांची में कार्यक्रम करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार 23 मार्च को केंद्रीय मंत्री गडकरी दोपहर सवा दो बजे सोनारी हवाई अड्डे पर उतरेंगे। वहां से वह गोपाल मैदान पहुंचेंगे। यहां कई योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इसके बाद गोपाल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। वह जमशेदपुर में दो घंटे रहेंगे। इसके बाद सवा चार बजे सोनारी हवाई अड्डा से रांची पहुंचेंगे। यहां वे ओल्ड विधानसभा मैदान में शाम पांच बजे आयोजित शिलान्यास सह उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वे लोगों को संबोधित भी करेंगे।



**जमशेदपुर में डबल-डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर राज्य में होगा अनोखाः** एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा के मुताबिक 23 मार्च को हो रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में बनने वाली काली मंदिर से डिमना चौक-बालगुमा तक का कॉरिडोर राज्य का पहला डबल डेकर कॉरिडोर होगा। इसके बनने से जमशेदपुर की लाइफलाइन भी बदल जायेगी। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर में बाइपास निर्माण की कहीं जगह नहीं है। एक तरफ दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी है। ऐसे में एक तरह ही सड़क है। वर्तमान में जो सड़क है वह फोरलेन पहले से है।

**इन प्रमुख सडकों का होगा शिलान्यास**

-1876 करोड़ की लागत से जमशेदपुर में कालीमंदिर से डिमना चौक बालीगुमा तक फोर लेन का डबल डेकर एलिवेटेड रोड करीब 10 किमी का।
-423 करोड़ से पश्चिमी सिंहभूम में एनएच के एनएच 320 -जी में 0 से 42 किमी तक सड़क का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण।
-99 करोड़ की लागत से पश्चिमी सिंहभूम में एनएच 75 पर झिंकपानी और तालाबुरू रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी।
-96 करोड़ की लागत से एनएच 75 पर झिंकपानी से तालाबुरू रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी।
-91 करोड़ की लागत से एनएच 75 पर सिंहपोखरिया से झिंकपानी रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी।
-514 करोड़ की लागत से पश्चिमी सिंहभूम व सिमडेगा क्षेत्र में एनएच 320 जी पर 98 से 196 किमी के बीच सड़क निर्माण।
-73 करोड़ की लागत से पूर्वी सिंहभूम में भुईया सिनान से सुसनी भाया हाथीखेड़ा रोड का निर्माण।
-104 करोड़ से पूर्वी सिंहभूम में फुलडुंगरी (एनएच 33) से झांटीझरना भाया बुरुडीह तक सड़क निर्माण।
-1007 करोड़ की लागत से बोकारो और रामगढ़ क्षेत्र में जैनामोड़ से गोला तक फोर लेन एक्सप्रेस वे।

### करीमगंज : वेतारबंद में 12 करोड़ की हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

**करीमगंज (असम)** : जिले के राताबाड़ी थाना के वेतारबंद से पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनक पास से लगभग 12 करोड़ रुपये हेरोइन बरामद की है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि एक सूचना के आधार पर करीमगंज पुलिस अधीक्षक पार्थप्रतिम दास के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने बुधवार सुबह राताबाड़ी के वेतारबंद-मिजोरम मार्ग पर चेकिंग अभियान शुरू किया था। तभी मिजोरम से राताबाड़ी की ओर से टूटी हुई लोहे और रबर की सामग्री लेकर टाटा मैजिक वाहन को पुलिस ने रोका। तलाशी के दौरान वाहन से टूटे ड्रम से 121 प्लास्टिक की साबुनदानी मिलीं।

# शतचंडी महायज्ञ को ले निकली 500 श्रद्धालुओं के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** प्रखंड के गुरी गांव में बुधवार को शतचंडी महायज्ञ को ले 500 श्रद्धालुओं के साथ देवी मंदिर स्थित यज्ञस्थल भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भगवत भजन व जयकारे के साथ श्रद्धालुओं की टोली सड़क मार्ग से गुरी, भंडार, झरहा आदि गांव का भ्रमण कर द्वारपार कौरव नदी के तट पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। साथ हीं जय श्री राम के नारे व जयकारे लगाते हुए यज्ञ मंडप तक पहुंचे। जहां कलश स्थापित कर यज्ञ की शुरुआत की गई। यज्ञ 30 मार्च को साधु संतों की विदाई व भव्य भंडारे के साथ पूर्णाहुती होगा। यज्ञ समिति के अध्यक्ष मणिकांत पाठक ने बताया की प्रत्येक दिन भगवत भजन व प्रवचन का कार्यक्रम होगा। प्रवचन को लेकर अयोध्या मानस मर्मज्ञ पंडित सुरेश मिश्रा को आमंत्रित किया गया है। जो शायंकाल 3:00 बजे से 6:00 बजे तक कथावाचक करेंगे। वहीं रात्रि 8:00 बजे से उत्तर प्रदेश से आई मानस कोकिला सावित्री शास्त्री के द्वारा मधुर स्वर में प्रभु श्री राम की कथा का रसपान कराया जाएगा। कलश यात्रा में युवा समाजसेवी अभिमन्यु सिंह, विकास दुबे, ओम प्रकाश पांडेय,अनुज मिश्रा,अरुण पाठक, अध्यक्ष मणिकांत पाठक, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष राकेश मिश्रा, उप कोषाध्यक्ष साहेब राम, सचीव अनुज कुमार मिश्रा, उपसचिव प्रकाश कुमार मिश्रा, यज्ञ समिति के वरिष्ठ सलाहकार नंद कुमार मिश्रा, विजय तिवारी, विनोद पाठक, शिव कुमार तिवारी, शिवराज मिश्रा, दिलीप चंद्रवंशी, विक्की मिश्रा, विपिन मिश्रा, संतोष मिश्रा, राम सती राम, सत्यदेव राम सहित यज्ञ कमिटी व सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु थे।

# घर में घुसा अनियंत्रित हाइवा टेलर, बाल-बाल बचे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ एनएच 98 किनारे स्थित बिरेन्द्र शर्मा तथा बुटमल साव के घर में बुधवार की सुबह अनियंत्रित हाइवा टेलर घुस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त हाइवा टेलर जेएच 05 ए 9096 हरिहरगंज की ओर से आ रही थी। ओवरटेक करने के दौरान हाइवा टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के दाहिनी ओर स्थित दोनों भुक्तभोगी के मकान में घुस कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के समय बिरेन्द्र शर्मा के घर दर्जन भर बच्चे ट्यूशन पढ़ रहे थे जो बाल-बाल बच गये। सूचना के बाद एसआई निर्भय कुमार, एएसआई संजय कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। वहीं पुलिस हाइवा टेलर को जब्त करते हुए चालक को पकड़कर थाना ले गई। मौके पर युवा समाजसेवी राजीव रंजन, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, मुखिया उमेश साव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# वान्या किड्स प्ले स्कूल का हुआ उद्घाटन



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेन रोड सण्डा बॉर्डर के समीप बुधवार को वान्या किड्स प्ले स्कूल का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मोतीराज महिला इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल वीणा सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा में वान्या किड्स प्ले स्कूल बेहतर साबित होगा। उन्होंने कहा कि नर्सरी के बच्चों को पढ़ाना सामान्य शिक्षा से जटिल होता है। स्कूल में दी गई सुविधाऐं बच्चों के सुनहरे भविष्य बनाने में काफी मददगार साबित होगा। इस अवसर पर संचालक रंजीत सिंह, निदेशक पीयूष सिंह शिक्षिका विनीता सिंह, पूजा सिंह, नगमा कुमारी, वर्षा कुमारी, सोनी कुमारी, नैना कुमारी के अलावे मदनमोहन सिंह, राजद के प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, एनसीपी के प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, अमन सिंह, मनुंजय कुमार सिंह, विक्रांत सिंह, प्रोफेसर अमरेश सिंह, मकसूद आलम, युगेश प्रसाद, वैभव राज सिंह, अमन सिंह, ऋषि सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सूर्या एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में बुधवार को सूर्या एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी, सोसाइटी के प्रोग्राम डायरेक्टर रंजीत कुमार पांडेय, प्रशिक्षक अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.प्रशिक्षण में नगर पंचायत क्षेत्र में कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूह को उधमिता विकास, दीनदयाल अंत्योदय राष्टीय शहरी आजीविका मिशन के घटक व सामाजिक मापदंड की जानकारी नगर पंचायत कर्मियों व इस क्षेत्र में कार्यरत 12 महिला स्वयं सहायता समूहों को दिया गया। इस प्रशिक्षण में नगर पंचायत क्षेत्र में व्यवसाय को बढ़ावा देने तथा समूह के द्वारा घरेलू उत्पादन को बाजार तक कैसे पहुंचाया जाय की जानकारी विस्तार से दिया जायेगा. प्रशिक्षण 6 दिनों तक चलेगा जिसमे समाज हित तथा सभी तरह की उपलब्धियों को तथा सामाजिक कुरीतियों को किस तरह प्रचार प्रसार दूर किया जाये की जानकारी दिया जायेगा, ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर नगर पंचायत क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बन सके। मौके पर सीएमएम अमित पांडेय, नगर प्रबंधक रवि कुमार, इरशाद आलम, सीआरपी सुनीता देवी, इशरत खातून, साक्षी महिला समूह, पार्वती महिला समूह, अजमेर महिला समूह, ज्योति महिला समूह सहित अन्य के तीन तीन सदस्य उपस्थित थे।

# शाहपुर व चैनपुर में निकला रामनवमी का मंगला जुलूस, सड़कों पर उमड़ी भक्तों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** जय श्री राम जय जय श्री राम के जयकारे के साथ मंगलवार कि रात चैनपुर व शाहपुर में मंगलवारी जुलूस निकाला गया। इसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों व महावीरी झंडा के साथ बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। महावीर नव युवक दल जनरल शाहपुर के तत्वाधान मे इसका आयोजन किया गया। चैनपुर बाजार क्षेत्र में भी महावीर नवयुवक दल जनरल के तत्वावधान में जुलूस निकाला गया इसमें मेन बाजार से निकलकर महावीर चौक पहुंचा। वहां चट्टीपार, भड़गांवा के गोल का मिलान हुआ। इसके बाद चैनपुर थाना रोड, हॉस्पिटल चौक कश्यप मुहल्ला, सोनार महल्ला, ताड़ मुहल्ला होते वापस पहुंचकर संपन्न हुआ। शाहपुर मे जुलूस विवेकानंद चौक से निकलकर गढ़वा रोड होते हुए हरिजन मुहल्ला, बाजार मुहल्ला, बजरंग मुहल्ला, शांति मुहल्ला, विवेकानंद मुहल्ला, कुम्हार मुहल्ला होते हुए शाहपुर मेन रोड से होते हुए बाजार मुहल्ला स्थित महावीर मंदिर में पुजा पाठ के बाद समापन किया गया ।इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में राम भक्तो ने तलवार बाजी, लाठी डंडा आदि का खेल प्रदर्शन किया ।इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। जुलूस के दौरान चैनपुर पुलिस दलबल के साथ सक्रिय होकर वाहनों का आना जाना सुचारु किया। इसे सफल बनाने में शाहपुर महावीर में युवक दल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, भोला पांडे, अनिल जायसवाल, डब्ल्यू जायसवाल, सुनील गुप्ता, सनी सुशांत, संजय जायसवाल, धीरज जायसवाल, राजेंद्र रवि, दिनेश पासवान, शशि जायसवाल, लवलेश प्रजापति, दीपक जायसवाल, रंजीत प्रसाद, अमित शर्मा एवं चैनपुर के अध्यक्ष चंदू चंद्रशेखर का नाम शामिल है।

# शहर में भव्य तरीके से निकाली गई मंगला जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मंगलवार को जिले के मेदिनीनगर सहित कई क्षेत्रों में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। मेदनीनगर में महावीर नवयुवक दल जेनरल की अगुवाई में कई रामनवमी समितियों के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इसमें पांच हजार से अधिक रामभक्त शामिल हुए। शोभायात्रा मेदनीनगर के विभिन्न मुहल्लों से निकलकर मुख्य बाजार अवस्थित हनुमान मंदिर गई जहां कई हिंदू संगठनों के द्वारा अंग वस्त्र एवं हनुमान चालीसा का वितरण कर रामनवमी समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया । इसके बाद शोभायात्रा बाजार के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए वापस लौटी। शोभायात्रा में कई मोहल्ले एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से रामभक्त पहुंचे थे। जय श्रीराम व भगवा ध्वज से पूरा मेदिनीनगर आह्लादित था। शोभायात्रा के दौरान भव्यता बनाने के लिए एक दूसरे को साफा बांध रहे थे।शोभा यात्रा में युवक गेरूआ वस्त्र धारण कर, हाथ में ध्वाजा लेकर डीजे की धुन पर जय श्रीराम का नारा लगाते नाचते गाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में तब्दील हो गया। उपकार संग हमीदगंज, सुरभि क्लब हमीदगंज, माता अंजनी धाम संघ हमीदगंज, न्यू स्टार क्लब हमीदगंज, विश्वशांति क्लब हमीदगंज, नमो नमो दुर्गे संग हमीदगंज, श्री राम भगत संघ हमीदगंज, सर्वोदय संघ जेलहता महावीर किशोर संघ आबाद गंज, विश्व संघ बाजार क्षेत्र , श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल जीनीयस क्लब बाईपास रोड, जय हनुमान संघ पंपू कल,संस्कार क्लब नवाटोली के द्वारा मंगलवारी शोभायात्रा निकाला गया। इस शोभायात्रा में महावीर नवयूवक दल जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर, दुर्गा जौहरी, बबलू गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, नागेंद्र कुमार नागिन, सोमेश सिंह, संजय सिंह उमेश, प्रभात अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार बर्मन, दीपू चौरसिया श्याम जी चौधरी सुरेश कुमार टाम, राजू चंद्रवंशी अशोक गिरी मुन्ना कुमार लल्लू रामनरेश स्वर्णकार संतोष गुप्ता अरविंद गुप्ता अजीत सिन्हा रंजित चंद्रवांसी पंकज शर्मा ऋषि अग्रवाल अंकित सिंह आयुष सिंह सोनू कृष सिंह एवं काफी संख्या में रामनवमी समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में बैंक शाखा खुलना सराहनीय



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बनसानी गांव में मंगलवार को एक एक्सिस बैंक का नया शाखा खोला गया। इसका उद्धघाटन मुख्य अतिथि श्रीबंशीधर नगर एसडीओ आलोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर किया। मौके पर एसडीओ अलोक कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में निजी बैंक खोला जाना एक सराहनीय कदम है। ग्रामीणों क्षेत्रो में प्राइवेट बैंक खुलने से सरकारी और प्राइवेट बैंको के बीच ग्रामीणों को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रतिस्पर्धा शुरू होगी। कहा कि गाँव में ही बैंक खुलने से लोगो को अब यहाँ अपना बैंक खाता खुलवाने में सहूलियत मिलेगी तथा खाता खुलवाने के लिए उन्हें अपने गाँव से दूर दूसरे बैंक में जाना नही पड़ेगा। वहीं एक्सिस बैंक नये नियुक्त शाखा प्रबंधक नवीन शर्मा ने कहा कि एक्सिस बैंक का उद्धेश्य ग्रामीण क्षेत्रो में बैंक का नये शाखा खोलकर वहाँ के ग्रामीण को बैंकिंग प्रणाली से संबधित सभी प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराना है। कहा कि बनसानी में खुला एक्सिस बैंक का यह शाखा गढ़वा के बाद जिले का दूसरी शाखा है। इस बैंक में और बैंको की अपेक्षा न्यूनतम तीन हजार रूपये से लोगो का खाता खोला जायेगा। बैंक अपने खाताधारकों को समय समय पर कृषि लोन व पर्सनल लोन भी मुहैया करायेगी, और जल्द ही इस बैंक का एटीएम भी खोला जायेगा। इस मौके पर एक्सिस बैंक के कर्मी सूर्य तरुण भौमिक, अभय प्रजापति, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव, जिपस रंजनी शर्मा, उपप्रमुख पिंटू टोपो, ब्रजेश सिंह, भाजयुमो के जयप्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# हैदरनगर देवी धाम में चैती नवरात्र मेला सह शतचंडी पाठ शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू) :** प्रसिद्ध देवी धाम हरिनगर (हैदरनगर) के प्रांगण में बुधवार से नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र मेला सह शतचंडी पाठ का शुभारंभ पूरे उल्लस के साथ विधिव किया गया। इसमें शामिल हैदरनगर (पूर्वी) पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह व जितेन्द्र सिंह व मंदिर समिति के सचिव रामाश्रेस सिंह व कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने फीता काटने के बाद जय माता दी उदघोष के साथ माता के मुख्य द्वार का पट आम श्रद्धालुओं के लिये खोल दिया गया है। उन्होंने क्षेत्र सहित दूर दूर से आये श्रद्धालुओं से संयमित व धैर्य के साथ माता का दर्शन पूजन के बाद ससमय गंतव्य को वापस सकुशल जाने की कामना की। उन्होंने कहा कि उनकी सुविधा के लिये मंदिर परिसर में शौचालय, स्नानागार, प्रकाश, पेयजल के अलावे विश्रामागार की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने किसी भी श्रद्धालुओं को कोई परेशानी आने पर तत्काल मंदिर कार्यालय में संपर्क कर सहयोग लेने का आह्वान किया। मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजा सिंह, भाजयुमोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सोनल सिंह सहित समिति की ओर से प्रतिनियुक्त कई युवा मेला वॉलेंटियर शामिल थे।

# परीक्षार्थियों को जर्जर वाहन पर कराया जा रहा जानलेवा सफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** इन दिनों राज्य भर में मैट्रिक और इंटर का परीक्षा चल रहा है, ज्यादतर परीक्षार्थी अपने सेंटर पर जाने के लिए किराये का टेम्पू जीप व कमांडर का उपयोग करते हैं, जिसका फायदा उठा कर जीप कमांडर व टेम्पू संचालक ओवर लोड कर परिक्षार्थियों को सफर करा रहे है जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, ऐसा ही मामला जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र का भी है, इस क्षेत्र की लगभग ज्यादतर जीप कमांडर का स्थिति जर्जर है फिर भी जीप संचालक परिक्षार्थीयों को ओवर लोड कर तेज रफ्तर से सफर करा रहे है इस ओर ना तो अभिवावक का कोई ध्यान है और ना ही शासन प्रशासन का, वाहन संचालक अपने निजी फायेदे के लिए आठ दस लोगों की सीट पर बीस लोगों को बैठाते है इसके बाद भी दिल नही भरता तो उपर दस और को बैठते है। फिर अपने पूरी रफ्तार से चलते हैं। शासन प्रशासन की उदासीनता कहें या फिर विफलता जो कुछ भी हो अगर कोई अपिर्य घटना होती है तो इसका जिमेदार कौन होगा?

# हिंदू नववर्ष पर सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने निकाली शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने बुधवार को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रम संवत 2080 हिंदू नव वर्ष के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली। इस दौरान विद्यालय के भैया-बहनें व आचार्य नगर भ्रमण में शामिल थे। नगर भ्रमण विद्यालय से शुरू होकर मेन बाजार, एनएच 98 मेन रोड, झंडा चौक, आरसी लाल चौक, दुर्गा मंदिर, महावीर मंदिर होते हुए शोभा यात्रा पुन~ विद्यालय पहुंच कर समाप्त हुई। नगर भ्रमण के दौरान छात्रों ने भारत माता की जय घोष के साथ पथ संचलन किया। मौके पर प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का राज्यभिषेक इसी दिन हुआ था। नगर भ्रमण के दौरान पुरानी बस स्टैंड में मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को पानी का बोतल, बिस्किट आदि देकर जलपान कराया। शोभायात्रा में प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद, मोहन ठाकुर, नीलिमा मेहता, संजय सिंह के अलावे विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष भोला गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।

# रामनवमी त्यौहार को लेकर रमना थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक संपन्न



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी पर्व को लेकर रमना थाना परिसर मे प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोगों व रामनवमी पूजा आयोजन कमिटि के सदस्यों की उपस्थिति मे शांति समिति की बैठक बुधवार के अप्राह्न संपन्न हुई।मौके पर श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओं प्रमोद कुमार केशरी ने कहां कि पर्व आपसी सौहार्द को बढ़ावा देता है।लोग आपस मे मिलजूल कर रामनवमी पर्व मनाए।उन्होने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर पर्व को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट और शेयर करने वालो पर साईबर सेल की विषेश नजर है ।धार्मिक भावना भड़काने,उकसाने सहीत विधि -व्यवस्था को प्रभावित करने वाले सभी गतिविधि पर विशेष नजर है।उन्होंने कहा जूलुस मे निर्धारित डेसीबल पर बजाने का निर्देश दिया है।साथ ही अश्लील और आपत्ति जनक गाना पर रोक रहेगा।उन्होंने कहा का जुलूस निर्धारत समय और रुट पर निकले तथा आयोजन करता वीडियोग्राफी भी कराए इसको अलावा पानी भरा हुआ टैंकर भी साथ रखे।बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह ने कहा कि किसी भी धर्म-समुदाय का त्योहार को हर्षोउल्लास और शांति से मनाने की आवश्कता है। प्रशासन की हुड़दंगीयों पर विषेश नजर पर जरुरत पड़ने पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चिंन्हित लोगों पर कार्रवाई भीहोगी। बैठक को पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा सहीत कई लोगो ने संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, बीससूत्री उपाध्क्ष मंसूर अंसारी, रुपनरायण यादव, मुखिया अजीत कुमार पांडेय, नागेद्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, धनंजय कुमार गुप्ता, विकाश विश्वकर्मा, सोनू सोनी, गुलाम अली, गुलाम रशुल अंसारी सहीत कई लोग मौजूद थे।

# शांति, सौहार्द के साथ मनाएं रामनवमी का त्योहार : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** बुधवार को केतार में स्थित चतुर्भुजी मंदिर परिसर में आगामी रामनवमी का त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ के अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक आहूत किया गया। इस दौरान बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उक्त त्यौहार एवं माहे रमजान का शुभकामनाएं देते हुए प्रखंड वासियों को आह्वान किया कि यह रामनवमी एवं रामनवमी में निकाले गए जुलूस को आपसी भाईचारे के साथ मिलजूल शांति सौहार्द पूर्ण के साथ मनाएं एवं अपील करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया के माध्यम से भर्मक तथ्य एवं असमाजिक मैसेज को किसी भी सूरत में फॉरवर्ड ना करें। अगर किसी गांव में असमाजिक तत्वों द्वारा शांति सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जाए तो उन्हें चिन्हित कर सूचित करें। पदाधिकारियों ने आए हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों से रामनवमी जुलूस एवं चतुर्भुजी परिसर में लगने वाले मेले को लेकर मंतव्य जाना इस दौरान लोगों ने अवगत कराते हुए प्रशासन से मांग किया कि पूर्व में कोरोना महामारी की वजह से भीड़भाड़ कम हो रही थी परंतु इस बार रामनवमी के दिन भीड़ अधिक होने की संभावनाएं हैं इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती हो एवं एक माह चलने वाले मेले को भी प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराई जाए और गर्मी का मौसम होने के चलते अग्निशमन का भी व्यवस्था करने की प्रशासन से मांग की गई। वही थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने उक्त त्यौहार को सभी समुदाय के लोगों से आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की और कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार रामनवमी जुलूस को लेकर कोई भी रूट नया तय नहीं की जाएगी और जुलूस में धार्मिक उन्माद एवं आहात पहुंचाने वाले नारे एवं अश्लील गाना नहीं बजाई जाएगी और कहा कि आज के परिवेश में झूठी खबर को भी लोग बिना सत्यता जाने फेसबुक, वाट्सअप तथा ट्विटर जैसे शोशल मीडिया पर फॉरवर्ड करते हैं जो गलत है। प्रशासन के द्वारा झूठी अपवाह फैलाने वाले पोस्ट पर पैनी नजर रखी जाएगी और चिन्हित कर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख चंद्रावती देवी, सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया प्रमोद कुमार, मुखिया मूंगा साह, मुखिया श्यामसुंदर बैठा, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि विक्रमा सिंह, हेमंत पाठक, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, पुर्व मुखिया प्रतिनिधि विमलेश पासवान, सदर शमीम अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, रामविचार साहू, अली हुसैन अंसारी सहित थाना क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# जलसहिया व पंचायत प्रतिनिधियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू) :** हैदरनगर प्रखंड सभागार में जल सहिया, पंचायत प्रतिनिधि, एवं प्रखण्ड पदाधिकारियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षक कार्यक्रम में हरसु कुमार दयानिधि ने जल दिवस मनाने एवं जल स्वच्छता संवाद कर लोगों के जीवन में स्वच्छता एवं जल की महता पर चर्चा किया। उन्हे जल दिवस के संबंध में विस्तार से बताया गया। जलसहिया को जलसंरक्षण कर गांव के जलस्तर को बनाए रखने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने की बात कही गई। इस मौके पर मनरेगा पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, पंचायती कोडिनेटर, मुखिया, जल सहियाओं ने भाग लिया। सडेया सीमादेवी, काजीनगर दमयन्ती देवी के अलावा कई गाँव में जल दिवस मनाने की जानकारी जल सहिया ने दी।

# अवैध बालू उठाव कर रहे तीन ट्रैक्टर पकड़ाया, थाना लाने के क्रम में पुलिस से ट्रैक्टर लेकर भागे मालिक, दोहरा एफआईआर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद पुलिस अवैध बालू का उठाव कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ कर थाना ला रही थी। बीच रास्ते से ट्रैक्टर मालिकों ने पुलिस से जबरन ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। इस मामले में राजस्व कर्मचारी और एसआई ने अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। हुसैनाबाद के राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर कहा है कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हुसैनाबाद के बड़ेपुर बालू घाट में अवैध रूप से सोन नदी से बालू उठाव हो रहा था। उन्होंने हुसैनाबाद थाना प्रभारी को सूचना किया एवं सशस्त्र सुरक्षा बल के साथ पुलिस पदाधिकारी ठाकुर दास मरांडी, आरक्षी शंकर राम, शैलेंद्र गोस्वामी व द्वारिका प्रजापति को लेकर आवश्यक कार्रवाई हेतु बडेपुर बालू घाट सोन नदी पर पहुंचे तो देखा कि अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है। जिसके नजदीक पहुंचने पर देखकर तीन ट्रैक्टर के चालक गाड़ी को लेकर भाग गए। जिसके बाद सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ने का प्रयास किया गया। परंतु वह लोग भागने में सफल हो गए। काफी प्रयास के बाद टीम में शामिल सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा पकड़कर तीनों ट्रैक्टरों का निरीक्षण किया गया। तीनों

# कामगारपुर के समीप दो बाइक में टक्कर दो घायल



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हुसैनाबाद थाना के जपला छतरपुर मुख्य सड़क पर कंगारपुर गांव के समीप दो बाइक में टक्कर हो गया, जिसमे 10 वीं का परीक्षा देकर वापस लौट रहे छात्र घायल हो गए, घायल छात्र पोलडीह हाई स्कूल का बताया जा रहा है, घायलो में विकास कुमार एवं उसका भाई विक्की कुमार का नाम शामिल है, जो सुपहा गांव के रहने वाले है।

G20 भारत 2023 INDIA | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार (www.morth.nic.in) | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (www.nhai.gov.in) | आज़ादी का अमृत महोत्सव

# भारत सरकार बना रही है झारखण्ड में प्रगति के राजमार्ग



"21वीं सदी का नया भारत, बेहतरीन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, रेल नेटवर्क, एयरपोर्ट ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं होते, बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं।" —नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ₹13,200 करोड़ से अधिक के निवेश से 31 सड़क परियोजनाओं का

### लोकार्पण एवं शिलान्यास

# नितिन गडकरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार

के कर कमलों द्वारा

**गुरुवार, 23 मार्च 2023**

### लोकार्पण

**रांची–महुलिया के जमशेदपुर–महुलिया खण्ड का 4 लेन का निर्माण**
(NH-33, लम्बाई 44 किमी, लागत ₹465 करोड़)

### शिलान्यास

**काली मंदिर–डिमना चौक–बालिगुमा (जमशेदपुर) खण्ड पर 4 लेन डबल डेकर एलिवेटेड कॉरीडोर का निर्माण**
(NH-33, लम्बाई 10 किमी, लागत ₹1876 करोड़)

- **मनोहरपुर–बानो–कोलेबिरा मार्ग का निर्माण** (NH-320जी, लम्बाई 78 किमी, लागत ₹514 करोड़)
- **फुलडुंगरी (NH-33) से झांटीझरना वाया बुरुडीह पथ का निर्माण** (लम्बाई 24 किमी, लागत ₹105 करोड़)
- **तालाबुरु में रेल ओवर ब्रिज का निर्माण** (NH-75E, लागत ₹98 करोड़)
- **बिस्टामपुर में रेल ओवर ब्रिज का निर्माण** (NH-75E, लागत ₹92 करोड़)
- **हाटगम्हरिया–जगन्नाथपुर–नोवामुण्डी–बोकना हाथीचौक मार्ग का निर्माण** (NH-320जी, लम्बाई 41 किमी, लागत ₹423 करोड़)
- **ईलिगडा में रेल ओवर ब्रिज का निर्माण** (NH-75E, लागत ₹100 करोड़)
- **जोड़ापोखर में रेल ओवर ब्रिज का निर्माण** (NH-75E, लम्बाई 2 किमी, लागत ₹97 करोड़)
- **भुईयाँसिनान से सुसनी वाया हाथीखेदा पथ का निर्माण** (लम्बाई 22 किमी, लागत ₹74 करोड़)

**दोपहर: 1:00 बजे, गोपाल मैदान, बिष्टुपुर, जमशेदपुर**

### लोकार्पण

- **गोनियां–बालुमाथ–चंदवा मार्ग का निर्माण** (NH-99, लम्बाई 38 किमी, लागत ₹114 करोड़)
- **बिरहु–सिमरिया–चतरा मार्ग का निर्माण** (NH-100, लम्बाई 46 किमी, लागत ₹48 करोड़)
- **पटेल चौक (रामगढ़) में 6 लेन अंडरपास का निर्माण** (NH-33, लम्बाई 01 किमी, लागत ₹24 करोड़)

### शिलान्यास

- **वाराणसी–रांची इकोनोमिक कॉरिडोर के कुरू से उदयपुरा तक 4 लेन सड़क का निर्माण** (NH-75, लम्बाई 39 किमी, लागत ₹1423 करोड़)
- **वाराणसी–रांची इकोनोमिक कॉरिडोर के भोगु से शंखा तक 4 लेन सड़क का निर्माण** (NH-75, लम्बाई 49 किमी, लागत ₹1391 करोड़)
- **रायपुर–धनबाद इकोनोमिक कॉरिडोर के बोकारो (जैनामोड़) – गोला तक 4 लेन ऐक्सेस कंट्रोल्ड सड़क का निर्माण** (NH-320, लम्बाई 32 किमी, लागत ₹1127 करोड़)
- **लोहरदगा शहर का बाईपास निर्माण** (NH-143A, लम्बाई 20 किमी, लागत ₹459 करोड़)
- **लामटा से गोनिया तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का निर्माण** (NH-99, लम्बाई 18 किमी, लागत ₹98 करोड़)
- **डालटनगंज से राजहरा के बीच रेल ओवर ब्रिज का निर्माण** (LC No. 290/27-29, लागत ₹84 करोड़)
- **बनासो से बुडगड्डा मार्ग का निर्माण** (MDR–93, लम्बाई 28 किमी, लागत ₹68 करोड़)
- **चैनपुर से महुआडांड़ मार्ग (डुमरी तक) 2 लेन सड़क का निर्माण** (MDR–36, लम्बाई 12 किमी, लागत ₹59 करोड़)
- **गोला–चारू मार्ग पर कामता में रेल ओवर ब्रिज का निर्माण** (LC No. MB–21, लागत ₹35 करोड़)
- **वाराणसी–रांची इकोनोमिक कॉरिडोर के उदयपुरा से भोगु तक 4 लेन सड़क का निर्माण** (NH-75, लम्बाई 50 किमी, लागत ₹1437 करोड़)
- **वाराणसी–रांची इकोनोमिक कॉरिडोर के खजुरी से विंढमगंज तक 4 लेन सड़क का निर्माण** (NH-75, लम्बाई 42 किमी, लागत ₹1232 करोड़)
- **रायपुर–धनबाद इकोनोमिक कॉरिडोर के गोला–ओरमांझी तक 4 लेन ऐक्सेस कंट्रोल्ड सड़क का निर्माण** (NH-320बी, लम्बाई 28 किमी, लागत ₹1330 करोड़)
- **चतरा शहर का बाईपास निर्माण** (NH-22, लम्बाई 14 किमी, लागत ₹235 करोड़)
- **दुवारी से रोल तक रोड का निर्माण** (MDR -99, लम्बाई 26 किमी, लागत ₹85 करोड़)
- **कुटीमोड़ (चैनपुर) से हुटार तक वाया रामगढ़ ब्लॉक हेड क्वाटर पथ का निर्माण** (लम्बाई 24 किमी, लागत ₹81 करोड़)
- **मोहम्मद गंज से हैदरनगर (मोहम्मद गंज से दंगवार सड़क) वाया पनसा अघोरी रानीदेवा रोड का निर्माण** (लम्बाई 17 किमी, लागत ₹62 करोड़)
- **गुमला से कोलेबिरा मार्ग का निर्माण** (NH-23, लम्बाई 47 किमी, लागत ₹57 करोड़)
- **देवलटांड़ स्थित भगवान आदित्यनाथ मंदिर को NH-33 से जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण** (लम्बाई 2 किमी, लागत ₹2 करोड़)

**सायं 3:30 बजे, पुराना विधानसभा मैदान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची**

### परियोजनाओं से लाभ

- झारखण्ड के पहले 4 लेन डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण से 45 मिनट की यात्रा मात्र 5 मिनट में
- दिल्ली–कोलकाता और मुंबई–कोलकाता कॉरिडोर के बीच बेहतर कनेक्टिविटी
- कृषि उत्पाद एवं अभ्रक, लोहा, माइका, कोयला आदि खनिज पदार्थों की ढुलाई सुगम, लॉजिस्टिक लागत में कमी
- रामगढ़ के पटेल चौक पर अंडरपास, तालाबुरु, जोड़ापोखर, बिस्टामपुर में रेल ओवर ब्रिज के बनने से सुरक्षित यात्रा व जाम से निजात
- सिंहभूम एवं सिमडेगा के बीच यातायात सुगम
- वाराणसी–रांची इकोनोमिक कॉरिडोर के 4 लेन निर्माण से रांची एवं वाराणसी की यात्रा 10 घंटे की बजाय 5 घंटे में
- रायपुर धनबाद इकोनोमिक कॉरिडोर के रांची (ओरमांझी)–बोकारो ग्रीनफील्ड ऐक्सेस कंट्रोल्ड राजमार्ग के निर्माण से औद्योगिक विकास को रफ्तार
- लोहरदगा, कुरू, चंदवा, लातेहार, मनिका, सतबरवा, डालटनगंज, नगर उंटारी शहरों में बाईपास के निर्माण से आवागमन सुगम
- सुदूर आकांक्षी जिलों, पयर्टन और धार्मिक स्थलों से बेहतर सम्पर्क
- रोज़गार के नए अवसरों का सृजन
- समय और ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी

### गरिमामयी उपस्थिति

- **जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त)** — सड़क परिवहन एवं राजमार्ग एवं नागरिक विमानन राज्यमंत्री, भारत सरकार
- **बाबू लाल मरांडी** — नेता विपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार
- **रघुवर दास** — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार
- **शिबू सोरेन** — सांसद (राज्यसभा) व पूर्व मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार
- **मिथिलेश कुमार ठाकुर** — मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार
- **जोबा मांझी** — मंत्री, महिला, बाल विकास एवं समाज कल्याण, झारखण्ड सरकार
- **बन्ना गुप्ता** — मंत्री, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण आपदा प्रबंधन, झारखण्ड सरकार
- **डॉ. रामेश्वर उरांव** — वित्त मंत्री, झारखण्ड सरकार
- **जगरनाथ महतो** — मंत्री, स्कूली शिक्षा, साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्यनिषेध, झारखण्ड सरकार
- **सत्यानन्द भोक्ता** — मंत्री, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग एवं कौशल विकास विभाग झारखण्ड सरकार

माननीय सांसदगण:– दीपक प्रकाश, जयंत सिन्हा, सुदर्शन भगत, विद्युत बरन महतो, संजय सेठ, विष्णु दयाल राम, सुनील कुमार सिंह, आदित्य प्रसाद, समीर उरांव, गीता कोड़ा, चंद्र प्रकाश चौधरी, धीरज प्रसाद साहू, महुआ माजी

माननीय विधायकगण:– जय प्रकाश भाई पटेल, किशुन कुमार दास, भानु प्रताप शाही, आलोक कुमार चौरसिया, रामचद्र चद्रवंशी, पुष्पादेवी, कोचे मुंडा, सबिता महतो, मंगल कालिंदी, सोना राम सिंकू, नमन विक्सल कोंगारी, रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ, लंबोदर महतो, सनीता चौधरी, कुमार जयमंगल (अनुप सिंह), भूषण तिर्की, राजेश कच्छप, कमलेश कुमार सिंह, विकास कुमार मुंडा, भूषण बाड़ा, बैद्यनाथ राम, रामचद्र सिंह

PR NO-293287 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 22-23

FOR LIVE STREAMING :
www.facebook.com/nitingadkary
https://twitter.com/nitin_gadkari
www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

FASTag

- लगभग 40 करोड़ घंटे प्रतिवर्ष के अमूल्य समय की बचत
- लगभग 35 करोड़ लीटर प्रतिवर्ष ईंधन की बचत
- लगभग 10 लाख टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी से पर्यावरण संरक्षण

इसलिए FASTag अपनाएं... और देशहित में अपना योगदान दें...

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

# 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल व अड़की थाना पुलिस के तत्वाधान में छापेमारी कर अफीम किया गया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अपने कर्तव्य निर्वाहन के साथ-साथ अपने ध्येय वाक्य सेवा सुरक्षा बंधुत्व का अनुशरण करते हुए साइको पुलिस के साथ अभियान पर निकली हुई थी इसी बीच गुप्त सूचना मिला की लुपुंगडीह, थाना अड़की के जंगल क्षेत्र में अफीम हैं , तुरंत ही शसस्त्र सीमा बल डी कम्पनी उलिहातू के द्वारा अड़की पुलिस से संपर्क कर के पुलिस के साथ उक्त स्थान पर तुरंत करवाई किया जिसमे 1.25 किलोग्राम अफीम जो एक पेड़ के नीचे रखा हुया था जो उसे सीज किया गया तथा आगे की करवाई किया गया। इस अभियान में 26बी बाहनी शशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट दिनेश कुमार, डी कम्पनी उलिहातु के कम्पनी कमांडर सोमेन गोराई के साथ जवान और अड़की पुलिस के उप निरीक्षक बिरजू प्रसाद के साथ पुलीस के जवान शामिल थे । 26बी बाहनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट एसडी शेरखान के दिशा निर्देश पर डी कम्पनी उलिहातु ने अपने क्षेत्र में विशेष अभियान चलाते रहते है तथा इसके साथ , इस क्षेत्र के लोगो सामाजिक उत्थान के तहत बिभिन सामाजिक कार्य कर्म को आयोजित करके पिछड़े को समाज के मुख धारा में जोड़ने तथा आत्म निर्भर बनाने के लिए हमेशा पर्यतसील रहता है ।



## रामगढ़ से टाटा जा रही हाइवा को पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी गोला मुख्य पथ पर जामनी टांड उरंगगढ़ा पुल के समीप बीते मंगलवार रात्रि एक बारह चक्का ट्रकअपने आगे चल रही हाईवा को जोरदार टक्कर मार दिया है।टक्कर की वजह से हाईवा कुछ दूर जाकर सड़क के किनारे बने एक गड्ढे में जाकर पलट गई।प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार उक्त ट्रक रामगढ़ से ईट लोड कर अत्यंत तेज गति से टाटा की और जा रही थी।माना जा रहा है की रात होने और ईट लोड होने के कारण ट्रक चालक को अचानक सामने आई हाइवा दिखाई नही दी जिस वजह से ट्रक ने अचानक से सामने आई हाइवा को पीछे से टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी की हाइवा कुछ दूर जाकर सड़क के किनारे बने गड्ढे में पलट गई।जानकारी के अनुसार दोनों ट्रकों के ड्राइवरों को हल्की चोटें आई है।वही पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## नववर्ष के अवसर पर स्वयं सेवकों ने निकाला प्रभात फेरी



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को भारतीय नववर्ष के अवसर पर स्वयं सेवकों के द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया गया। इस मौके पर पुरे गाँव में भ्रमण करते हुए नव वर्ष मंगलमय हो, जय श्री राम, विक्रम संवत अमर रहे के नारों व जयघोष से गुंजायमान रहा। तत्पश्चात महादानी मंदिर प्रांगण में भगवा ध्वजारोहण और प्रार्थना के साथ कार्य कर्म का समापन हुआ। प्रभात फेरी में अशोक पंडा, बानी राय, सुरेश प्र0 साहु, मनोज कुमार साहु, अर्जुन ठाकुर, बंटी गुप्ता, जगरनाथ भगत, विकास सिंह, संजीव दुबे राजेश, रमेश गुप्ता, रंजीत खत्री, सुखदेव, सत्यप्रकाश, मनोहर, रविन्द्र बर्मा, गुरुपद जी के साथ साथ अनेकों की संख्या में सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## करकट्टा देवी मंडप में आज से योग का होगा शुभारंभ



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करकट्टा बस्ती देवी मंडप प्रांगण में शतचंडी यज्ञ के उपलक्ष्य में गुरुवार की सुबह 5 बजे योग शिविर शुरू होगा। 30 मार्च तक योग सिखाया जाएगा। सीतामढ़ी बिहार से आए योगाचार्य अनिल तिवारी द्वारा योग सिखाया जाएगा। योगाचार्य ने बताया कि आसन, प्राणायाम, मुद्रा बंध के द्वारा समस्त रोगों का समाधान सुबह पांच बजे से सात बजे के बीच किया जाएगा।

## श्री राम सेना चैती दुर्गा पूजा रामनवमी पूजा समिति में नवरात्रि की पूजा प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** 22 मार्च को चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के साथ कलश स्थापना क मां की रूपों का पूजा आराधना शुरू हुआ श्रीराम सेना चैती दुर्गा पूजा रामनवमी पूजा समिति के तत्वधान में चैत माह के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि के दिन माता की मूर्ति स्थापित कर कलश स्थापना किया गया। साथ में देवीयो का मूर्तियों को भी स्थापित किया गया माता के साथ गणेश भगवान लक्ष्मी माता जगत जननी दुर्गा भगवती सरस्वती माता और कार्तिक भगवान को स्थापित कर पूजा अर्चना की गई । माता को 9 दिन तक मेवा और फल का भोग लगता है नवमी को कुंवारी कन्याओं का पूजन करने के बाद माता को अन्न का भोग चढ़ाया जाता है माता की मूर्ति बनाने के लिए कारीगर कोलकाता से आए विराट रूप में मां बैठी हुई माता सबको मनवांछित फल देने वाली है प्रत्येक दिन सुबह में पूजा होगी सप्तशती के पाठ होगी संध्या के समय में माता को भोग लगाया जाएगा आरती की जाएगी जिसमें मुख्य रुप से कमेटी के सम्मानित सदस्यगण एवं बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित थे । माता की पूजा हर रोज सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होगी एवं संध्या आरती शाम 6:30 बजे से प्रारंभ होगी आज माता की कलश स्थापना के साथ नवरात्रि का प्रारंभ हो गया इस दिन हम लोगों का नववर्ष की होता है अतः श्री सा श्रीराम सेना ने तमाम लोगों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी है ।



## श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अंबा प्रसाद को आमंत्रित किया



**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल के प्रतिनिधिमंडल विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद को आमंत्रित किया एवं मंडल के अध्यक्ष अमित सोनी कोषाध्यक्ष आयुष राज वर्मा वरीय उपाध्यक्ष बंटी सोनी सह मंत्री करण पाठक शिबू चौहान एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे ।

## नवरात्र प्रतिपदा शैलपुत्री पूजा प्रारंभ को लेकर कलश यात्रा निकाली गई

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के बुढ़ाम मे बुधवार को नवरात्र का पहला दिन मुरी स्थित स्वर्ण रेखा नदी मे सैकड़ों ग्रामीण महिला एवं पुरुष माथे में कलश लेकर कलश यात्रा निकाली! स्वर्ण रेखा नदी पर पुरोहित मृत्युंजय ने विधिवत रूप से कलश का पूजा कर जयकारे लगाए! यह कलश यात्रा हिंडालको कॉलोनी से होते हुए कोकोराना, बड़ा मुरी, झारखंड मोड़,सिल्ली होते हुए बूढ़ाम सर्वजनिक नव दुर्गा मंदिर में कलश की स्थापना की गई! वही मां शैलपुत्री की जय, ब्रह्मचारिणी की जय, स्कंदमाता की जय कालरात्रि की जय, सिद्धि माता की जयकार लगाए एवं विधीवत मां शैलपुत्री की पुजा अर्चना किया गया!एवं भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया!कलश यात्रा में आसपास गांव के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे! आयोजक नवरात्रि दुर्गा पूजा सर्वजनिक नव दुर्गा पूजा बुढ़ाम कमेटी की ओर से की गई है!कमीटी के हरे कृष्ण महतो, राधिका उर्फ बलराम महतो, समेत दर्जनों लोगों की सक्रिय भागीदारी रही है ।

## करमचंद भगत महाविद्यालय में सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमचंद भगत महाविद्यालय प्रांगण में बुधवार को जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग ने सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजा अजीत कुमार ने कहा कि सरहुल भारत के आदिवासियों का एक प्रमुख पर्व है जो झारखंड, छत्तीसगढ़ उड़ीसा, बंगाल और मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में मनाया जाता है। प्रोफेसर डॉ. डेलो माई हंसदा ने कहा कि यह त्योहार को मनाए जाने के बाद ही नई फसल का उपयोग मुख्य रूप से धान, पेड़ों के पत्ते, फूलों और फलों का सेवन कर सकते हैं। आदिवासी इस पर्व को अलग-अलग नाम से जानते हैं। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राएं सामूहिक नृत्य, एकल गीत से लोगों को मनमुग्ध कर दिए।धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर धीरज उरांव ने किया ।

## मांडर प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर धर्म ध्वजा फहराया गया

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2080 के शुभ अवसर पर विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल मांडर के द्वारा मांडर प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहों पर धर्म ध्वजा फहराया गया। प्राणियों के बीच पूरे विश्व के कल्याण के लिए सोशईआश्रम के मंदिर में विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई साथ ही साथ विहिप के द्वारा 29 मार्च को आयोजित होने वाले भव्य शोभायात्रा में शामिल होने के लिए लोगों को जागरूक किया गया एवं आग्रह किया गया की भारी से भारी संख्या में शामिल होकर शोभा यात्रा को भव्य बनाएं विभिन्न चौक चौराहों पर धर्म ध्वजा लगाया गया जिसमें मुख्य रूप से विहिप बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण रॉय प्रदीप महली, सूरज सिंह,पवन सोनी, करण गोप गुलाब सिंह विशाल सिंह नागेशर तिवारी, शिव नाथ तिगा , उत्कर्श तिवारी, प्रीतम,शिवम,सुशील सहित सैकड़ों कार्यक्रता उपस्थित रहे।

# सरहुल और रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति का बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो थाना परिसर में बुधवार को सरहुल और रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी रजत मनिक बाखला ने किया। बैठक में सरहुल और रामनवमी के त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। डीएसपी रजत मनिक बाखला ने कहा कि किसी भी तरह के अशांति की खबर मिले तो थाना को तुरंत खबर किजिए। जुलूस के वोलंटियर समापन्त्र तक निगरानी करे। उपप्रमुख मोद्दसिर हक ने कहा कि हमलोग सरहुल, रामनवमी मिलजुलकर मनाते आये हैं और मिल जुलकर मनाएंगे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीन कुमार,सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत, नीरज कुजूर, लक्ष्मी कोया, जतरु उरांव कुंवारी देवी, राखी भगत,रुस्तम अंसारी, कुदश खान सहित कई लोग शामिल थे।


## पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय,राँची

**–: आवश्यक सूचना :–**

प्राप्त सूचनानुसार इस वर्ष सरहुल का त्योहार दिनांक–**24.03.2023** को मनाया जायेगा, इस अवसर पर काफी संख्या में स्त्री–पुरूष श्रद्धालु सरना स्थल पर एकत्रित होकर हर्षोउल्लास के साथ पूजा–पाठ करते है। पूजा पाठ समाप्ति पश्चात् सरहुल शोभा यात्रा के रूप में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस निकाला जाता है। दिनांक–**24.03.2023** के अपराहन में सरहुल शोभा यात्रा राँची के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरता है, जिसमें मुख्यतः :–

➤ कांके रोड, रातु रोड, बोड़ेया रोड होते हुए रेडियम चौक, शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक से मेन रोड सुजाता, मुण्डा चौक होते हुए सिरमटोली सरना स्थल तक जाता है।

➤ नामकुम, खूँटी रोड, बिरसा चौक, डोरण्डा की ओर से आने वाले सरहुल शोभा यात्रा ओभरब्रीज, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होकर सिरमटोली सरना स्थल तक जाता है।

➤ अरगोड़ा, हरमू की तरफ से आने वाले सरहुल शोभा यात्रा कडरू, बिग बाजार, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होकर सिरमटोली सरना स्थल तक जाता है।

**(क) इस अवसर पर राँची शहरी क्षेत्र में दिनांक–24.03.2023 को पूर्वाह्न 06:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। सभी भारी वाहन रिंग रोड होकर परिचालन करेंगे।**

**(ख) निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन विभिन्न मार्गों में अपराह्न 13:00 बजे से जुलूस समाप्ति तक निम्न प्रकार होगा :–**

1. एस0एस0पी0 आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जाने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
2. सर्कुलर रोड से आने वाले वाहन जेल चौक तक ही पहुँच सकेंगे एवं उसी जगह से अन्य मार्गों पर संचालित हो सकेंगे।
3. जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आने वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
4. पुराना नगर निगम कार्यालय वाले मार्ग से कमिश्नर चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
5. अपर बाजार से शहीद चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
6. चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
7. थड़पखना वाले मार्ग में सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
8. पुरूलिया रोड से सर्जना चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
9. विष्णु सिनेमा मार्ग से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
10. पश्चिमी अपर बाजार से टैक्सी स्टैण्ड (मेन रोड) के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
11. चर्च रोड से मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
12. उल हाउस के पास मेन रोड के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
13. कर्बला से रतन पी0पी0 के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
14. पी0पी0 कम्पाउण्ड से सुजाता चौक के तरफ आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
15. राजेन्द्र चौक से ओभरब्रीज, सुजाता चौक की ओर किसी भी प्रकार के वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा।
16. पटेल चौक से मुण्डा चौक की ओर परिचालन बन्द रहेगा।
17. बहुबाजार से मुण्डा चौक, सिरमटोली सरना स्थल तक सामान्य वाहनों का परिचालन बन्द रहेगा।
18. जमशेदपुर रोड नामकुम क्षेत्र से चुटिया केतारी बगान होकर मुण्डा चौक या बहुबाजार चौक आने वाले सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
19. कांटाटोली से बहुबाजार की ओर जाने वाली सामान्य वाहनों का परिचालन बहुबाजार तक होगा और वहाँ से चुटिया थाना मार्ग से परिचालित होंगे।
20. पिस्का मोड़ से रातु रोड न्यू मार्केट चौक की तरफ सामान्य परिचालन वर्जित रहेगा।

राँची शहर के अन्य मार्गों में सरहुल शोभा यात्रा के आधार पर यातायात को आवश्यकतानुसार डायवर्ट किया जाऐगा।

**पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची**

**PR 293395 Police(22-23).D**



## झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची

पत्रांक : जे.सी.ई.आर.टी./400

दीवार में लकड़ी के फ्रेम में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के फोटो एवं उनके द्वारा कृत कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना।

राज्य के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों की संक्षिप्त विवरणी A3 साइज के मोटे Glossy कागज पर रंगीन फोटो एवं उसके नीचे समान आकार के स्थान में विवरणी को wooden frame में प्रदर्शित करने के उद्देश्य से जे.सी.ई.आर.टी. भवन के Passage wall में wall of Fame बनाने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. | सामग्री | साइज | रंग | कुल सं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फोटो एवं विवरणी | A3(29.7 से.मी×42.0 से.मी½ | फोटो रंगीन / विवरणी दो रंगों में | 46 अदद |
| 2 | wall of Fame Wooden Frame में पारदर्शी काँच के बॉक्स में। | | | |

द्रष्टव्य : उक्त Wooden Frame के भीतर फोटो एवं विवरणी के ऊपर एवं नीचे 4 से.मी. रिक्त स्थान तथा बाएँ व दाएँ 3–3 से.मी. एवं फोटो विवरणी के बीच तीन से.मी. का रिक्त स्थान रखते हुए प्रति फ्रेम होगा।

इच्छुक व्यक्ति/एजेंसी से इस कार्य की संभावित लागत का विवरण (दर) बंद लिफाफा में नीचे अंकित शर्त्तों के आधार पर आमंत्रित किया जाता है।

शर्त :–

1. निविदा दिनांक 31.03.2023 के अपराह्न 6:00 बजे तक जे.सी.ई.आर.टी., डायट कैम्पस रातू, राँची के कार्यालय में समर्पित किया जाएगा। प्राप्त निविदा को दिनांक 03.04.2023 के अपराह्न 3:00 बजे जे.ई.पी.सी. के सभा कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोला जाएगा।
2. इच्छुक एजेंसी/ निविदादाता बंद वित्तीय लिफाफा में अपना दर समर्पित करेंगे।
3. तकनीकी निविदा के लिफाफा में निम्न कागजात समर्पित करेंगे–
   i. एजेंसी/ निविदादाता का आधार कार्ड एवं पैन कार्ड।
   ii. एजेंसी/ निविदादाता का जी.एस.टी में पंजीयन संबंधित कागजात।
   iii. Trading Licence.
4. काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी नोटरी का शपथ पत्र।
5. वित्तीय निविदा–लिफाफे में wall of Fame के निर्माण का दर अंकित करेंगे।
6. तकनीकी निविदा में योग्य पाए जाने के उपरांत ही संबंधित एजेंसी/निविदादाता का वितीय निविदा खोला जाएगा।
7. एजेंसी/निविदादाता क्रय समिति के समक्ष wall of Fame निर्मित की जाने वाली सामग्रियों की विवरणी (Specification) प्रस्तुत करेंगे।
8. निविदा को आंशिक संशोधित करने अथवा निरस्त करने का अधिकार कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
(किरण कुमारी पासी)
निदेशक

PR 293307 Jharkhand Council of Educational Research and Training(22-23)D



## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, रामगढ़

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2022–23**

1. निविदादाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 31.03.2023 से 01.04.2023 को कार्यालय अवधि तक। (कार्यालय दिवस में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 03.04.2023 को 02:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
6. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 03.04.2023 को 02:30 बजे अपराह्न।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | पंचायत का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चितरपुर | मायल | NPS ढटवाटांड में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 2 | चितरपुर | भुचुंगडीह | NPS कोईहरा में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 3 | चितरपुर | बडकीपोना | नवप्राथमिक विद्यालय बगलता में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 4 | माण्डू | किमो | उत्क्रमित उच्च + 2 विद्यालय उदलू किमो पंचायत में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण। | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 5 | माण्डू | लईयो उतरी | NPS तितिरमरवा में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 6 | पतरातु | चोरधरा | चोरधरा पंचायत अंतर्गत नवप्राथमिक विद्यालय चोरधरा तुरी टोला में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 7 | माण्डू | छोटकीडुण्डी | बडकीडुण्डी नव प्राथमिक विद्यालय पुरनाडीह में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 8 | पतरातु | पतरातु | पतरातु पंचायत के R.S.Hs प्राथमिक विद्यालय पतरातु में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 9 | पतरातु | कुरसे | नव प्राथमिक विद्यालय घाघरा करमाली टोला में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 10 | पतरातु | जयनगर | प्राथमिक विद्यालय कुम्हार टोला में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 11 | पतरातु | जयनगर | प्राथमिक विद्यालय सरैया में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 12 | पतरातु | लबगा | नव प्राथमिक विद्यालय पिठोर बेडा में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 13 | रामगढ़ | कुन्दरूकला | नव प्राथमिक विद्यालय नीचे टोला (नावाडीह) कुन्दरूकला में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण। | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 14 | रामगढ़ | दोहाकातु | नव प्राथमिक विद्यालय मुण्डा टोली बुढाखोखरा दोहाकातू में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण। | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 15 | रामगढ़ | बारलोंग | नव सृजित विद्यालय लोदरोबेडा में पेयजल सुविधा हेतु मिनी जलमीनार निर्माण। | 590100.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 माह |

9. निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं० – 8986791292
10. इस निविदा में जिला परिषद, रामगढ़ में निबंधित संवेदक ही भाग लेंगें।
11. निविदा शुल्क बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट DISTRICT ENGINEER, DISTRICT BOARD, RAMGARH के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा।

निविदा से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

**नोट :–** सरकार के सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक –2146 (S) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से– (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

PR.NO.293404 District(22-23):D

जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।



## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98

(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) (कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–करमाकला, थाना–छत्तरपुर, थाना नं0–282**
**पत्रांक 161 (E)/भू0अ0 दिनांक 11.03.2023**

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | | 73/32 | 1314/1/262 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 1 | सुरेश साव, उमेश यादव, दिनेश यादव पिता स्व0 रामबिलास यादव | |
| 2 | | 61 | 621/7/262 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 2 | शंकर प्रसाद पिता विश्वनाथ साव | |
| 3 | | 73/32 | 1314/6/657 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 3 | नदु प्रसाद यादव पिता फगुनी यादव | |
| 4 | | 73/32 | 1314/2/262 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 4 | जग्रनाथ यादव, जयराम यादव पिता शिवमंगल यादव | |
| 5 | | 39 | 553/4/235 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 5 | बुधनी देवी पति भोला यादव | |
| 6 | | 61/32 | 620/1 | गै0मा0 | ईट का चाहर दिवारी | 0.0000 | 6 | अरूण कुमार गुप्ता पिता गुरू प्रसाद | |
| 7 | करमाकला | 39/1 | 551/4/230 | बकास्त | ईट का चाहर दिवारी | 0.0000 | 7 | डोमन यादव पिता फगुनी यादव | |
| 8 | | 73/32 | 1314/26/657 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 8 | मुरती कुवर पति स्व0 महराज यादव | |
| 9 | | 152/32 | 1114/1125 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 9 | रामजी विश्वकर्मा पिता स्व0 मुंशी मिस्त्री | |
| 10 | | 73/32 | 1314/24/657 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 10 | उषा देवी पति बलराम सिंह यादव | |
| 11 | | 73/32 | 1314/3/262 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 11 | सुशिन्ता देवी पति श्यामदेव प्रसाद यादव | |
| 12 | | 73/32 | 1314/25/657 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 12 | विजय यादव, रामसुन्दर यादव, विनोद यादव, ललु यादव पिता स्व0 जानकी यादव | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

PR 293321 Palamu(22-23)D

कानुनगो, जिला भू–अर्जन, कार्यालय पलामू। — जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। — अपर समाहर्त्ता पलामू। — उपायुक्त पलामू।

## टाटा मोटर्स ने कमर्शियल वाहनों की कीमतों में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी, टाटा मोटर्स 1 अप्रैल 2023 से अपने व्यवसायिक वाहनों की कीमतों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू करेगी। वाहनों की कीमतों को बढ़ाने का यह फैसला अधिक सख्त् बीएस6 फेज 2 उत्सपर्जन नियमों का अनुपालन करने के लिए कंपनी द्वारा की गई कोशिशों का परिणाम है। टाटा मोटर्स ने इन मानदंडों को पूरा करने के लिए अपने पूरे वाहन पोर्टफोलियो में बदलाव किया है। ग्राहक और बेड़े के मालिक अब पर्यावरण के अनुकूल और तकनीकी रूप से सबसे बेहतरीन गाड़ियों की रेंज की उम्मीद कर सकते हैं जोकि उन्हेंल ज्यूादा से ज्याादा फायदे और स्वा मित्वव की कम लागत प्रदान करेंगी। कीमतों में यह बढ़ोतरी व्यावसायिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। हालांकि, बढ़ी हुई राशि वाहन के व्यतक्तिगत मॉडल और वैरिएंट के अनुसार होगी।




## सोनी का सबसे हल्का नॉइज कैंसलिंग ओवरहेड वायरलेस हेडफोन लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनी इंडिया ने आज डबल्यूएच -सीएच720एन हेडफोन लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे श्रोताओं के लिए संगीत का आनंद लेने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एक कॉम्पैक्ट फॉर्म फैक्टर में उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो के साथ है। ओवर-ईयर डबल्यूएच -सीएच720एन वायरलेस हेडफोन में नॉइज कैंसलिंग प्रदान करने के लिए डुअल नॉइज सेंसर तकनीक और सोनी का इंटीग्रेटेड प्रोसेसर वी1 चिप शामिल है। इसके अलावा, एक हल्का डिज़ाइन और 50 घंटे तक की बैटरी लाइफ आपको बिना बैकग्राउंड व्यवधानों के लंबे समय तक संगीत का आनंद लेने देती है। इसमें डिजिटल साउंड एनहांसमेंट इंजन ( डीएसईई ) भी है, जो उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि का उत्पादन करता है, जैसा कि कलाकार करना चाहता था और साथ ही उपकरणों के बीच आसान कनेक्टिविटी के लिए मल्टीपॉइंट कनेक्शन भी है। यह वायरलेस हेडफोन देशभर में सोनी रिटेल स्टोर, पोर्टल, प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक स्टोर और अन्य ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर 9,990 रूपये की कीमत पर उपलब्ध है।



## सोनारी पंचवटी नगर शिव मंदिर काली मंदिर में धूमधाम से हुआ पूजा अर्चना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी पंचवटी नगर शिव मंदिर काली मंदिर में कल काली मां का अमावस्या में बहुत ही धूमधाम से पूजा अर्चना हुई जिसमें बस्ती के काफी संख्या में महिलाओं ने शामिल होकर पूजा में शामिल हुई। इस मौके पर कमेटी के सदस्य भी उपस्थित थे। मौके पर राज परिवार के सदस्य कल्याण चंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं पप्पू सिंह, पपिया, जितेंद्र संजय, अरुण, समीर, तरुण, गायत्री आदि लोग भी मौजूद थे।



## 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' के लिए प्रविष्टियों का पंजीकरण हुआ आरंभ

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने भारतीय भाषाओं में साहित्यिक लेखन को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष सम्मान 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' की शुरुआत की है। 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' के अंतर्गत मूल रूप से भारतीय भाषाओं में लिखे गए उपन्यास की हिंदी में अनूदित श्रेष्ठ कृति को सम्मानित किया जाएगा। अब बैंक ने इस सम्मान के लिए प्रविष्टियों के आमंत्रण हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान' योजना के तहत संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं में लिखे गए उपन्यास की हिंदी में अनूदित कृति सम्मान हेतु पात्र होगी। इस सम्मान के तहत प्रति वर्ष सम्मानित उपन्यास के मूल लेखक को ₹21.00 लाख तथा उस कृति के हिंदी अनुवादक को ₹15.00 लाख तथा अन्य पांच चयनित कृतियों के लिए प्रत्येक मूल लेखक को ₹3.00 लाख तथा उसके हिंदी अनुवादक को ₹2.00 लाख की सम्मान राशि दी जाएगी। प्रविष्टि का पंजीकरण 22 मार्च, 2023 से 7 अप्रैल, 2023 तक ली जाएगी।

## गम्हरिया में निकला स्वर्वेद यात्रा

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सद्गुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की ओर से विश्व शांति और मंगल के उद्देश्य से गम्हरिया में बुधवार को स्वर्वेद यात्रा निकाली गई। टायो कॉलोनी से प्रारम्भ होकर गम्हरिया लाल बिल्डिंग होते हुए सतवाहिनी स्थित बजरंगबली मंदिर पहुंच कर यह यात्रा सम्पन्न हुई। इस यात्रा में करीब एक सौ गुरु भाई और बहनों ने भाग लिया। यात्रा समाप्ति के उपरांत स्वामी जी से विश्व में शांति की स्थापना हेतु स्वागत गान, मंगल गान, आरती, वंदना, शांतिपाठ आदि किया गया। इस कार्यक्रम में गुरु भाई नागेंद्र चौधरी, विपिन कुमार, सुशील शर्मा, समेत आदित्यपुर व गम्हरिया के कई अनुयायी शामिल हुए। इससे पूर्व यात्रा का शुभारंभ संयोजक कृष्णानंद देव द्वारा ध्वजा दिखाकर किया गया।

## टाटा स्टील को सीपीडी से मिला 2022 सप्लायर एंगेजमेंट लीडर सम्मान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में पर्यावरणीय जोखिमों को मापने एवं उसे कम करने के प्रयासों के लिए सीडीपी, जो कि वैश्विक पर्यावरण गैर-लाभकारी चैरिटी है, द्वारा 2022 सप्लायर एंगेजमेंट लीडर के रूप में सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि पिछले चार वर्षों में तीसरी बार प्राप्त होना दर्शाती है कि कंपनी को उसके आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अधिकतम मूल्यांकित किया गया है। टाटा स्टील 2022 सीडीपी प्रकटीकरण के आधार पर, जलवायु परिवर्तन पर सप्लायर एंगेजमेंट के लिए मूल्यांकन किए गए शीर्ष 8प्रतिशत कंपनियों में से एक है।

## लायलम के ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला, दो आरोपी को भेजा जेल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र के लायलम गांव में मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे हुई जानलेवा हमले में ग्राम प्रधान देवेन सिंह बुरी तरह से घायल हो गए हैं। देर शाम उन्हें परिजनों ने एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनका इलाज जारी है। उनके चेहरे पर आंख के नीचे एवं एक पैर में चोट आई है। इस संबंध में देवेन सिंह ने बोड़ाम थाना में लायलम निवासी एक नाबालिग सहित चार लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुए मामला दर्ज कराया है। आरोपियों में विपिन सिंह, मुखिया शुशील सिंह, हेमंत सिंह व एक अन्य शामिल हैं। मामले में बोड़ाम थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने घटना में शामिल दो आरोपियों विपिन सिंह व अन्य एक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुराने रंजिश में ग्राम प्रधान देवेन सिंह पर हमला किया था। उन्होंने बताया कि मामलें की छानबीन की जा रही है।



### चांडिल डैम के विस्थापितों का नियोजन, वासगत पर्चा व घोड़ानेगी मौजा के

# रैयतो की मांग को सविता महतो ने विधानसभा में उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विधायक सविता महतो ने विधानसभा के पटल पर तारांकित प्रश्न में चांडिल डैम के विस्थापितों का नियोजन, डैम के 13 पुनर्वास स्थल पर वासगत पर्चा व घोड़ानेगी के रैयतो का भू अर्जन के द्वारा अतिक्रमण का मामला विधानसभा में उठाई। इस दौरान विधायक ने स्वर्णरेखा परियोजना के निर्माण से हुए विस्तापितो को उपलब्ध कराया गए 13 पुनर्वास स्थल में भूस्वामी को वासगत पर्चा/स्वामित्व पर्चा उपलब्ध कराने, घोड़ानेगी मौजा में 120 रैयत के 6 एकड़ जमीन 40 वर्षो से दखल कर आज तक भूस्वामी को मुआवजा नहीं देने का मामला व स्वर्णरेखा परियोजना से विस्थापित हुए युवक-युवती के नियोजन हेतु वरीयता सूची प्रकाशित की गई है परंतु उनका नियोजन आज तक नहीं होने का मामला उन्होंने सदन में रखा। सरकार ने विधायक द्वारा पूछे गए सवाल को स्वीकार किया और जल्द ही भू स्वामी को मुआवजा भुगतान व नियोजन करने की बात कही।

## आमदा में आजसू पार्टी की पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के अंतर्गत आमदा गांव में आजसू पाटी की पंचायत स्तरीय एक बैठक प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष आलोक दे की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित आजसू के जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार साह के उपस्थिति में बडाआमदा पंचायत समिति का गठन किया गया। सर्व सम्मति से बडाआमदा पंचायत समिति का अध्यक्ष गौतम महतो,सचिव बुधराम महतो तथा आजसू ओबीसी मोर्चा का पंचायत अध्यक्ष राजेन साहु एवं शंभू महंती को पंचायत प्रभारी मनोनीत किया गया। वही पंचायत समिति का विस्तार जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से शिव कुमार साह, आलोक दे, गौतम महतो, बुधराम महतो, राजेन साहु, शंभू महंती आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



## कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास क्षेत्रों में चैत्र नवरात्रि पूजनोत्सव शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण में चैत्र नवरात्रि पूजनोत्सव बुधवार से प्रारम्भ हुआ। क्षेत्र के विभिन्न पूजा कमेटियों द्वारा कलश स्थापित कर माता के प्रथम शैलपुत्री रूप की पूजा की गई। इस मौके पर आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के वार्ड तीन स्थित सतवाहिनी जमालपुर में सार्वजनिक श्री श्री बासंती पूजा कमेटी की ओर से भी भव्य पूजनोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिन कमेटी के सदस्यों ने पवित्र संगम दोमुहानी में स्नानादि कर लोटन देते हुए पूजा स्थल पहुंच कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर सप्तमी तिथि से तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन भी किया जाएगा। इसके आयोजन में कमेटी के रुपेश गोराई, कानू किशोर बेरा, उज्जवल चटर्जी, उत्पल चौधरी, चिरंजीत दास, अमित पाल, सागर पालोई, शंभू कर्मकार, सोनू महतो, सुमित पाल, बिंदाबन चौधरी आदि की प्रमुख भूमिका रही। वहीं, चैत्र नवरात्रा के अवसर पर श्री श्री रामनवमी अखाड़ा युवक समिति कांड्रा की ओर से भी भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गुरुवार को संध्या में माता भगवती की आराधना में रात्रि जागरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## भायली महिला मण्डल का राजस्थान भवन में कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भायली महिला मण्डल सोनारी द्वारा राजस्थान भवन सोनारी में धूमधाम से गणगौर सिंधारा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पारम्परिक वेशभूषा में मारवाड़ी समाज की महिलाए शामिल हुई। मौके पर समाज की चार वरिष्ठ महिला क्रमशः मैना अग्रवाल, विमला वर्मा, पद्मा देवी, मीरा देवी को वरिष्ठ श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संस्था की अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। स्थानीय कलाकार महाबीर अग्रवाल एण्ड टीम द्धारा प्रस्तुत किये गये रंगारंग पारम्परिक नृत्य एवं संगीत पर महिलाएं जमकर थिरकी। इस अवसर पर कुंवारी कन्याओं ने अच्छे वर और विवाहिताओं ने अखंड सुहाग की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में भायली महिला मण्डल की सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कोल्हान के सभी लैंपस होंगे बहु-सेवा केंद्र के रुप में विकसित : नाबार्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नाबार्ड द्वारा कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिले पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और पश्चिमी सिंहभूम में लैंपस के रूपान्तरण पर होटल नोवांता में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन नाबार्ड झारखंड के उप महाप्रबंधक श्री. जय निगम के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । उन्होने अपने संबोधन में बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार तथा नाबार्ड द्वारा लैंपस को सुदृढ़ बनाने हेतु कई योजनाओ का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसके माध्यम से लैंपस को बहु-सेवा केंद्र (मल्टी सर्विस सेंटर) के रूप में स्थापित करने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं । उन्होंने बताया कि लैंप्स हेतु बहु सेवा केंद्र योजना के अंतर्गत फसल की कटाई के बाद रख रखाव संबन्धित अवसंरचना जैसे गोदाम, कोल्ड स्टोरेज, वेयर हाउस, कोल्ड रूम आदि एवं सामुदायिक कृषि परिसंपत्ति जैसे कृषि उपकरण बैंक इत्यादि के निर्माण एवं परिचालन हेतु बेहद सस्ते दर पर पुनर्वित्त ऋण सुविधा मुहैया करवाया जा रहा है। श्री सिद्धार्थ शंकर, डीडीएम नाबार्ड- पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला खरसावां ने इस अवसर पर एग्रिकल्चर इनफ्रास्ट्रक्कर फंड और लैंपस के कम्यूटीकरण योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा किया । कार्यक्रम को साकेत कुमार, डीडीएम पश्चिमी सिंहभूम, श्री अशोक तिवारी, डीसीओ सरायकेला खरसावां, विजय तिर्की, डीसीओ, पूर्वी सिंहभूम ने भी सम्बोधित किया । इस अवसर पर कोल्हान प्रमंडल के विभिन्न लैंप्स से आए 70 से ज्यादा प्रतिनिधि उपस्थित थे ।



## जिप उपाध्यक्ष ने 19 महत्वपूर्ण मुद्दे पर संबंधित विभाग को तत्काल कारवाई करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** जिला परिषद सरायकेला खरसावां की विभागीय मासिक समीक्षा बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष सह कुकड़ू के जिप सदस्य श्रीमती मधुश्री महतो ने जिले के 19 महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की ओर जनहित में सभी मुद्दे पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिसमें चांडिल अनुमंडल अंर्तगत तिरूलडीह, नीमडीह व ईचागढ़ थाना क्षेत्र में सुवर्णरेखा नदी घाट सापारुम, पायलांग, जारगोडीह में रात को हाईवा द्वारा बालु माफियाओं द्वारा अवैध रूप से बालु का उठाव कर रहे हैं, जिससे सरकार के लाखों रूपए की राजस्व में हानि हो रही है और सरकार का छबि खराब हो रहा है। इस विषय पर संबंधित विभाग व पदाधिकारी तत्काल नियमानुसार कार्रवाई करें, सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना चांडिल डैम से 116 के विस्थापितों को जल संसाधान विभाग के पुनर्वास नीति के अनुसार सभी परिवारों को विकास पुस्तिका, पुनर्वास हेतु जमीन आदि सुविधाएं विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराने के कारण विगत 22 फरवरी से आदित्यपुर विकास भवन में आमरण अनशन पर हैं तत्काल संबंधित विभाग को आवश्यक कारवाई हेतु आदेश दिया जाय आदि शामिल है।



## ईचागढ़ थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना परिसर में बुधवार को ईचागढ़ बीडीओ कीकु महतो की अध्यक्षता में शांति समिति कि बैठक आयोजित कि गई। वहीं बैठक में सीओ भोला शंकर महतो एवं थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा भी उपस्थित हुए। बैठक में रामनवमी, सरहुल, रमजान पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने व भाईचारे के साथ मनाने व सड़क सुरक्षा को लेकर चर्चा किया गया। शांति समिति कि बैठक में बीडीओ कीकु महतो ने लोगों को सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली मनाने का अपील किया। वहीं थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा ने कहा कि रामनवमी सरहुल रमजान में हुड़दंगियों, वाटसप पर गलत मैसेज भेजने व शराब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कि जाएगी। मौके पर एएसआई मनिंदर सिंह, नारायण साह, मुखिया नयन सिंह मुंडा, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, अनिल कुमार सिंह, ठाकुर दास महतो, अमित कुमार सिंह, मुरलीधर मिश्रा, बंशी दास, विजय दास आदि उपस्थित थे।



## महेश गोप अध्यक्ष व अजय कुमार साहू बने कार्यकारी अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर के नारो रोड बजरंगबली मंदिर परिसर में ग्राम प्रधान मानिक चन्द्र घोष की अध्यक्षता में बजरंग बली कमेटी का बैठक किया गया। बैठक में महावीर जयंती मे जुलूस निकालने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में कमेटी का भी पुनर्गठन किया गया। कमेटी में महेश गोप को अध्यक्ष, अजय कुमार साहू को कार्यकारी अध्यक्ष, गणेश दास को सचिव, सौरभ घोष को सह सचिव, सोनु गोप को कोषाध्यक्ष एवं खगेन गोराई को सह कोषाध्यक्ष चयन किया गया। मौके पर नारायण गुप्ता, कालो मुण्डा ,मदना साव, ठाकुर मांझी,बीरजु साव आदि उपस्थित थे।

## उषा सिंह बनी श्री हनुमान महिला अखाड़ा समिति की अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** श्री हनुमान महिला अखाड़ा समिति द्धारा रामनवमी की तैयारी को लेकर सोनारी स्थित बाबा भूतनाथ मंदिर में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में नयी कमिटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से उषा सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। उषा सिंह ने बताया कि रामनवमी के दिन 30 मार्च गुरूवार को झंडा व हनुमानजी की पूजा होगी। महिलाओं द्वारा झंडा विसर्जन जुलूस सीमित क्षेत्र तक ही निकाला जाएगा। नयी कमिटी में देविका सिंह को उपाध्यक्ष, चन्दा सिंह को महासचिव, मीरा तिवारी, सरोज गांधी, कंचन को सहायक सचिव, नीतू सिंह एवं ममता सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी हैं। विनोद प्रसाद, यमुना तिवारी और राज श्रीपति को संरक्षक बनाया गया हैं। इसी प्रकार प्रभा तिवारी, रशिम दास, संगीता राज, डा. पूर्णिमा सिंह को कार्यक्रम आयोजन सचिव तथा सात लोगों को सचिव क्रमशः मालती तिवारी, नीतू आटे, किरण देवी, विना सिंह, नमिता सिंह, रिचा, शति वघावन बनाया गया हैं। नेहा भारद्धाज, उमा कोड़ा मनलूसा को सदस्य बनाया गया हैं।



## अमृत ग्राम विकास का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बुधवार को अमृत ग्राम विकास के बैनर तले नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन पटमदा के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित ओड़िया पंचायत के ओड़िया प्राथमिक विद्यालय में किया गया। इसमें विभिन्न गांवों से आये सैकड़ों ग्रामीणों को जांच के बाद मुफ्त में दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन ओड़िया पंचायत की मुखिया सावित्री सिंह, उपमुखिया सहदेव महतो, पूर्व मुखिया श्रीमती बेला रानी सिंह, पूर्व प्रमुख पूर्णिमा पावरी व चिरुडीह के ग्राम प्रधान अनिल महतो ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया।

## भूमिज समाज शहीद की पहचान के लिए करेगी कुड़मी समाज के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सराइकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत भांगाट गांव के आम बागान में ग्राम प्रधान सुभाष सिंह के अध्यक्षता में भूमिज समाज ने बैठक कर चुहाड़ विद्रोह के नेता शहीद रघुनाथ सिंह या शहीद रघुनाथ महतो है इस विषय पर कई निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इस विषय को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रहे हैं। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासनिक अधिकारी एवं पत्रकार संगठन के पर्यवेक्षण में भूमिज समाज व कुड़मी समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के उपस्थिति में बैठक कर इस विषय पर साक्ष्य प्रस्तुत कर सही निर्णय लिया जायेगा। उक्त बैठक में दोनों समाज के राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ताओं को दूर रखा जायेगा। बैठक में उपस्थित गोपाल सिंह ने कहा कि ने कहा कि शहीद हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके नाम पर सामाजिक तानाबाना नहीं बिगड़ना चाहिए। ऐसे में आने वाले पीढ़ी को क्या संदेश मिलेगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुभाष सिंह, गोपाल सिंह, भक्त रंजन सिंह, गुरुपद सिंह, संतोष सिंह, आदि थे।



## नॉर्थ ईस्ट चुनाव से वापस लौटे ही डॉ. अजय कुमार लगे ग्रामीण इलाकों का दौरा में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार त्रिपुरा और नागालैंड चुनाव के बाद वापस अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का तूफानी दौरा कर रहे हैं. डॉ अजय अपने दौरे में स्थानीय ग्रामीणों से मिल रहे हैं और स्थानीय प्रशासन को भी मौके पर फोन कर के ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने की कोशिश कर रहे हैं. ग्रामीणों ने डॉ अजय के साथ सड़क, जल संकट जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिस पर डॉ अजय ने आश्वासन दिया कि वह इन मामलों को तत्काल समाधान के लिए उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के समक्ष रखेंगे और जरूरत पड़ी तो झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखेंगे। आने वाले दिनों में डॉ. अजय अब इसी तरह पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे और जन समास्याओं को सुन उसका समाधान करने की कोशिश में नजर आयेंगे।



## संपादकीय

# यौन शोषण पर सियासत

केंद्र सरकार, भाजपा बनाम राहुल गांधी की ऐसी सियासत देशहित में नहीं है। इससे हंगामा, उत्तेजना, अराजकता का माहौल तो बन सकता है, लेकिन देश और उसके नागरिकों को कुछ हासिल नहीं होगा। बलात्कार और यौन शोषण जघन्य अपराध हैं। यदि उनकी आड़ में भी एक-दूसरे को अपमानित करने की मंशा महसूस हो, तो इन अपराधों के संदर्भ में न्याय कब होगा? राजधानी दिल्ली में ही यौन शोषण के औसतन 40 मामले हररोज़ सामने आते हैं। खौफनाक और बर्बर मामले भी राजधानी के हिस्से दर्ज होते रहे हैं। न्याय के सवाल पुलिस और अदालत दोनों पर हैं, क्योंकि यौन शोषण, उत्पीडऩ के अधिकतर मामलों में पुलिस का सक्रिय सरोकार बहुत कम देखा गया है। हमारा फोकस फिलहाल दिल्ली पुलिस पर है,

> 30 जनवरी को श्रीनगर में 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधति करते हुए कहा था कि कुछ महिलाओं ने उनसे मिल कर अपनी पीड़ा, अपने दर्द साझा किए थे कि महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए। उनके यौन उत्पीडऩ किए गए और छेड़छाड़ तो आम बात है। बेशक यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। राहुल गांधी ने यौन शोषण की पीड़िताओं से पूछा था कि क्या वह पुलिस को बताएं? पीड़िताओं ने ऐसे मामलों को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया, क्योंकि उनकी परेशानियां बढ़ सकती थीं! संवैधानिक दायित्व कुछ और ही हैं। राहुल गांधी वरिष्ठ लोकसभा सांसद हैं, लिहाजा सीआरपीसी के तहत यह उनका दायित्व था कि बलात्कार सरीखे अपराध के खुलासे पुलिस को करें। हमारे कानून और नैतिकता के मुताबिक, यौन शोषण की पीड़िता और उसके परिवार की पहचान को गोपनीय रखा जाता है।

क्योंकि उसी के विशेष आयुक्त, जिला उपायुक्त स्तर के अधिकारी पूरे पुलिस बल के साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आवास पर गए थे। करीब अढाई घंटे तक पूछताछ की गई। कांग्रेस नेता न तो आरोपित हैं और न ही उनके खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज है। उनकी भूमिका महज इतनी है कि बीती 30 जनवरी को श्रीनगर में 'भारत जोड़ो यात्रा' के समापन पर उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि कुछ महिलाओं ने उनसे मिल कर अपनी पीड़ा, अपने दर्द साझा किए थे कि महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए। उनके यौन उत्पीडऩ किए गए और छेड़छाड़ तो आम बात है। बेशक यह मुद्दा बेहद संवेदनशील है। राहुल गांधी ने यौन शोषण की पीड़िताओं से पूछा था कि क्या वह पुलिस को बताएं? पीड़िताओं ने ऐसे मामलों को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया, क्योंकि उनकी परेशानियां बढ़ सकती थीं! संवैधानिक दायित्व कुछ और ही हैं। राहुल गांधी वरिष्ठ लोकसभा सांसद हैं, लिहाजा सीआरपीसी के तहत यह उनका दायित्व था कि बलात्कार सरीखे अपराध के खुलासे पुलिस को करें। हमारे कानून और नैतिकता के मुताबिक, यौन शोषण की पीड़िता और उसके परिवार की पहचान को गोपनीय रखा जाता है। नाम तक सार्वजनिक नहीं किया जाता। पीड़िता का एक प्रतीक-नाम तय कर लिया जाता है। मीडिया में भी वही नाम छापा जा सकता है। बेशक राहुल गांधी के संबोधन के 45 दिन बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें नोटिस दिया और आनन-फानन में उनके आवास पर भी धमक गई, लेकिन इसी दलील पर यह मुद्दा छोड़ा नहीं जा सकता। दरअसल यहीं से सियासत की शुरुआत होती है। राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां तक बयान दे दिया कि 'ऊपर' के आदेश के बिना पुलिस इस तरह आ ही नहीं सकती। कांग्रेस ने इस पुलिसिया कार्रवाई को भी अडानी समूह वाले मुद्दे से जोड़ दिया। कई बार सिर पीटने को मन करने लगता है कि हर सवाल, हर आरोप या हर कार्रवाई का जवाब अडानी कैसे हो सकता है? कांग्रेस प्रवक्ता एकदम प्रलाप की मुद्रा में आ गए कि राहुल गांधी किसी से डरने वाले नहीं हैं। सावरकर समझा है क्या...नाम राहुल गांधी है।'' कोई कांग्रेस से पूछे कि महान क्रांतिकारी वीर सावरकर का नाम इस प्रकरण में घसीटने की जरूरत क्या थी? दरअसल पुलिस अधिकारी जानना चाहते थे कि वे महिलाएं कहां की हैं? कश्मीर की हैं या देश में किन हिस्सों की हैं? क्या उनमें दिल्ली की महिलाएं भी थीं? वे महिलाएं अब कहां हैं? क्या कोई नाबालिग लडक़ी भी शामिल थी? इस केस की सम्यक जानकारी भी जरूरी है और राहुल गांधी को विस्तृत जवाब देना भी चाहिए। हालांकि उन्होंने 4-पृष्ठीय शुरुआती जवाब पुलिस को भेज दिया है।

## कुछ अलग

# पालमपुर के ट्यूलिप

चाय से ट्यूलिप नगरी की आभा में पालमपुर के सीएसआईआर के हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी संस्थान ने न केवल अपने आंचल में फूलों का एक नगारा पेश किया है, बल्कि हिमाचल में फूलों के जरिए पर्यटन की खेती भी उगा दी है। यही वजह है कि मात्र बीस दिनों में पच्चास हजार के करीब सैलानी सीएसआईआर के प्रांगण में, बारह किस्म के 45 हजार से अधिक ट्यूलिप पौधों की बहार में हिमाचल की छटा को निहार रहे हैं। बेशक अपने अनुसंधान, तकनीक व प्रसार सेवाओं के कारण इस संस्थान ने फूलों की आर्थिकी से लबालब कई बागीचे या पॉलीहाउस तैयार किए हैं, लेकिन पिछले साल से ट्यूलिप की खेती ने इसके मुख्य परिसर की रंगत बदल दी है। यह एग्रो टूरिज्म की बुनियाद पर लिखी गई ऐसी संभावना है, जिसे प्रदेश के कृषि व बागबानी विश्वविद्यालय के साथ वन तथा बागबानी विभाग को भी अंगीकार कर लेना चाहिए। फूलों की खेती कई बार लौट-लौट कर हिमाचल के परिदृश्य में आर्थिकी के बीज उगाती रही है, लेकिन योजनाओं-परियोजनाओं के कसीदों से आगे स्थायी तौर पर हम फूल राज्य नहीं बन सके। घोषणाएं तो ये भी रहीं कि बिलासपुर से मंडी तक की सडक़ के किनारे 'ब्लूमिंग हिमाचल' की तस्वीर पेश होगी, मगर साहब के बदलते सरकार की प्राथमिकता भी बदल गई। हिमाचल में अब फूल बाजार तक आने और गुनगुनाने लगे हैं। निजी मेहनत के कारनामों में कुछ प्रगतिशील किसानों ने दिल्ली ही नहीं, देश की विभिन्न मंडियों में अपने फूलों की महक पहुंचा दी, लेकिन पालमपुर और नौणी विश्वविद्यालयों ने विज्ञान की इस शाखा और हिमाचली किसान-बागबान की प्रतिभा को लेकर ऐसा कोई गुल नहीं खिलाया। इसके मुकाबले निजी नर्सरियों के माध्यम से पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में सोच, समझ व तकनीक बदली है। बेशक कुछ हद तक पालमपुर के सीएसआईआर संस्थान ने गुलदाऊदी, जरबेरा, कारनेशन, गुलाब व लीलियम जैसे फूलों के प्रयोग किसान के खेत तक पहुंचाए, मगर न कृषि, न बागबानी और न ही वन विभाग ने इस क्षमता में प्रदेश को आगे बढ़ाया। हैरत तो यह कि एडीबी बैंक के खाते से निकले करोड़ों रुपए धर्मशाला के ट्यूलिप गार्डन को एक फूल भी नहीं दे पाए। एक बड़े भूखंड पर आधारित यह परियोजना तत्कालीन वीरभद्र सरकार के शहरी विकास मंत्री रहे सुधीर शर्मा की परिकल्पना से जमीन पर उकेरी तो गई, लेकिन पिछली सरकार ने पांच साल में पूरे ढांचे को कब्रिस्तान बना दिया। आश्चर्य यह कि फूल पर भी राजनीति के बीहड़ हावी हो गए और विडंबना यह कि करोड़ों की लागत पर भी किसी को तरस न आया। अब हो सकता है कि पालमपुर ट्यूलिप गार्डन से राजनीतिक कलियां चुरा-चुरा कर सियासत का नया क्षेत्रवाद पैदा कर दिया जाए, वरना संभावना तो यह है कि सोलन में बागबानी विश्वविद्यालय के परिसर में भी इसी तरह का ट्यूलिप गार्डन विकसित हो जाना चाहिए। कमोबेश हिमाचल के हर महत्त्वपूर्ण शहर में फूलों से लदे गार्डन, सडक़ किनारे महकते फूल और जंगल की विरासत में फूलों से लदी झाडिय़ां मानवीय संपर्क में एक रौनक पैदा कर सकते हैं। लाहुल-स्पीति के परिवेश में सीबकथॉर्न अगर बागबानी से सैलानी तक जुड़ जाए, तो आर्थिक यात्रा की मंजिल खूबसूरत हो जाएगी। यदि किन्नौर के चिलगोजे, मंडी के काफल, प्रदेश के अनेक भागों के बुरांश तथा लुंगड़ू जैसे उत्पाद को पर्यटन की लत लग जाए या जंगल के तमाम औषधीय पौधे खिल उठें, तो सैलानियों को ऐसे पौधों की सोहबत मिल जाएगी। बेशक पर्यावरण के नाम पर जंगल और जनता की सुविधाओं पर जंगले लग रहे हैं, लेकिन हिमाचल के हर शहर को अपनी सारी दिशाओं में जंगल से कम से कम चार सामुदायिक मैदानों को भूमि चाहिए। इनमें से अगर एक में भी फूल उगते रहें, तो हिमाचल फूलों की मंडी के साथ-साथ फूलों का पर्यटन भी उगा सकता है। सीएसआईआर के प्रयत्न के साथ मिलकर शहरी विकास विभाग, प्रशासन, वन, कृषि एवं बागबानी तथा पर्यटन विभाग को पूरे हिमाचल में दर्जनों पुष्प वाटिकाएं या गार्डन स्थापित करने चाहिएं। बड़े मंदिरों के परिसर तथा उनकी संपत्ति में दर्ज जमीन पर भी ऐसी परिकल्पनाएं उगनी चाहिएं।

## पानी के स्त्रोत हिमाचल में पानी की मांग और पूर्ति के संतुलन में महत्त्वपूर्ण रोल अदा करते थे जो नल की संस्कृति ने खत्म कर दिए

# पानी की गुणवत्ता और संरक्षण का मसला

सत्यपाल वशिष्ठ

> पीने का पानी मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। साथ-साथ निर्वाह का एक बुनियादी साधन है इसके बिना पोषण, वायु और मानव जाति का कल्याण करना असंभव होता है। मीठा पानी ग्रह के कुल पानी का छोटा सा अंश ही मानव उपयोग के लिए उपयुक्त है। यह आपूर्ति अपेक्षाकृत स्थिर रही है, लेकिन बढ़ती मानव आबादी ने मांग बढ़ा दी है और प्रतिधर्स्पा पैदा कर दी है। पानी की कमी एक वास्तविक समस्या है। अगर पानी का बुद्धिमता से उपयोग नहीं किया गया तो भविष्य में इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। धरती पर बहुत से पानी के स्त्रोत हैं परंतु वो सभी पीने के योग्य नहीं हैं।

जल को प्रायः जीवन का टॉनिक कहा गया है। इसमें ऐसे अवयव होते हैं जो मानव के लिए बहुत जरूरी होते हैं। मनुष्य के लिए जल के उपलब्ध स्रोतों में से 2.5 प्रतिशत मीठा पानी ही इस भूमि पर है जिसमें से 1 प्रतिशत ही मानव जाति के लिए उपलब्ध है। अधिकतम मात्रा ग्लेशियरों तथा बर्फ की चोटियों में जमा है। झीलें, नदियां और स्प्रिंग ही धरातलीय जल संसाधन हैं जिनसे मानव के उपयोग के लिए मीठा पानी मिलता है। इनमें से झीलें चाहे वो प्राकृतिक हों या मनुष्य द्वारा निर्मित हैं, मुख्य पानी के साधन हैं। मानवता का सामाजिक और आर्थिक विकास पानी पर बहुत अधिक निर्भर करता है। पीने का पानी मानव कल्याण के लिए आवश्यक है। साथ-साथ निर्वाह का एक बुनियादी साधन है। इसके बिना पोषण, वायु और मानव जाति का कल्याण करना असंभव होता है। मीठा पानी ग्रह के कुल पानी का छोटा सा अंश ही मानव उपयोग के लिए उपयुक्त है। यह आपूर्ति अपेक्षाकृत स्थिर रही है, लेकिन बढ़ती मानव आबादी ने मांग बढ़ा दी है और प्रतिस्पर्धा पैदा कर दी है। पानी की कमी एक वास्तविक समस्या है। अगर पानी का बुद्धिमता से उपयोग नहीं किया गया तो भविष्य में इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। धरती पर बहुत से पानी के स्त्रोत हैं परंतु वो सभी पीने के योग्य नहीं हैं। उपलब्ध पानी की गुणवत्ता प्रकृति तथा भिन्न-भिन्न मानव जनित कारकों जैसे निर्माण, कूड़ा निपटान, डंपिंग, कृषि तथा अन्य गतिविधियों से प्रभावित होती है। समय की जरूरत है कि पानी की गुणवत्ता को सुधारा जाए और पानी के स्त्रोतों के प्रदूषण के कारकों को पहचान करके उनको दूर करने के तरीकों को अपना करके मानव जाति के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाए। जो जल के स्रोत प्रदूषण के कारण उपयोग में नहीं हैं, उनको प्रदूषण रहित करके पानी की उपलब्धता तथा गुणवत्ता दोनों को बढ़ाया जा सकता है। जो पानी जमीन में रिस कर आता है, उसमें कई घुलनशील व अघुलनशील पदार्थ होते हैं जो पानी की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं तथा पानी को पीने के अयोग्य कर देते हैं। इससे पानी की आपूर्ति तथा मांग में असंतुलन पैदा हो जाता है। इस जल को नई तकनीकों से छानकर तथा पानी की प्रयोगशालाएं जांच करने के बाद जनता को पानी की



आपूर्ति करनी चाहिए। भारत में पानी की प्रयोगशालाएं नाममात्र की हैं। जल जनित रोग, पानी में खेतों से रसायन, उद्योगों से खतरनाक रसायन, प्लास्टिक, कचरे के निपटान को जल स्त्रोतों में करने से उत्पन्न होते हैं जिसके बारे में हम हर दिन अखबारों में पढ़ते हैं कि पीलिया रोग के कारण शहर व गांव प्रभावित हैं तथा अन्य जल जनित रोगों से बहुत से शहर और गांव आमतौर पर प्रभावित होते रहते हैं। इससे विश्व स्तर पर हर वर्ष 1863 मिलियन दिन बच्चों के स्कूल की अनुपस्थिति के, जल जनित रोगों के कारण होते हैं तथा 1.5 बिलियन लोग जल जनित रोगों से ग्रसित होते हैं। प्राकृतिक झीलों का प्राकृतिक प्रवाह जिससे वे खुद साफ हो जाती हैं, मनुष्य की गतिविधियों से प्रभावित या अवरुद्ध हुआ है तथा बहुत से भारी धातु तथा पोषक तत्व जमा हो जाते हैं। जल विभाग को इनका प्रयोगशालाओं में सही मूल्यांकन तथा उपचार करके ही पानी को जनता के उपयोग के लिए वितरित करना चाहिए। भारत में पानी के विभिन्न स्त्रोतों के प्रबंधन के लिए बहुत से विभाग हैं जैसे पर्यावरण और वन मंत्रालय, जल शक्ति विभाग, जल संसाधन विभाग, केंद्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सरकार द्वारा बनाई गई नीतियां और नियम जिनके अनुसार जल प्रबंधन किया जाता है तथा प्रदूषण का नियंत्रण किया जाता है। परंतु पानी में प्रदूषण की मात्रा दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है जो जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ है। हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में जल के संरक्षण एवं गुणवत्ता की स्थिति के बारे में लिखें तो यह संतोषजनक नहीं है। हिमाचल में विशाल जल स्त्रोत ग्लेशियरों के रूप में उपलब्ध हैं, परंतु भूजल के स्त्रोत सीमित मात्रा में हैं। हिमाचल में पानी का उपभोग मनुष्य और सिंचाई के लिए है। पानी की उपलब्धता हिमाचल में 800 ग्लेशियरों से होती है। हिमाचल में भूजल स्त्रोत हैं, नदियां, झीलें, आर्द्रभूमि क्षेत्र आदि। कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर आदि के घाटी क्षेत्र भूजल पर निर्भर हैं जिसका दोहन खुले कुओं, ट्यूबवेल, इनफिल्ट्रेशन गैलरी द्वारा किया जाता है। पारंपरिक पानी के स्त्रोत हिमाचल में पानी की मांग और पूर्ति के संतुलन में महत्वपूर्ण रोल अदा करते थे जो नल की संस्कृति ने खत्म कर दिए हैं। गरीब और कमजोर वर्ग के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हैं। इन पारंपरिक स्रोतों में झरने, कूहलें, बावड़ी, तालाब व खाती आदि हैं। यह पारंपरिक स्रोत पानी की मांग को शहर और गांव में पूरा करने में सहायता करते थे। इन पारंपरिक प्राकृतिक जल स्त्रोतों की संख्या 10512 गांवों के क्षेत्र में है। इन पारंपरिक स्रोतों का प्रयोग लोग भिन्न-भिन्न उपयोग में करते थे। आने वाले समय में पानी की मांग बढ़ती जाएगी और पानी की मात्रा घटती जाएगी। ऐसे में नलका संस्कृति के चलते उपजी लापरवाही से बचना होगा और इन पारंपरिक स्त्रोतों को संभालना होगा। इनकी तरफ संबंधित विभागों का ध्यान बहुत ही कम है तथा ये खत्म होने की कगार पर हैं। इसके लिए सरकार को एक अलग से ही विभाग सृजित करना होगा ताकि वह पानी के संरक्षण में सर्वे एवं अन्वेषण करे और जो तालाब और झीलें गाद और मिट्टी से भर गई हैं, उनको पुनर्भरण करे ताकि सतही जल का स्तर ऊपर उठे तथा सूखे हुए स्त्रोत दोबारा से भरना शुरू हों। इससे भूमिगत जल तालिका को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी। इसके लिए केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना काफी सहायक है। जल के संरक्षण के लिए हर वर्ष 22 मार्च को पूरे विश्व में विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इस दिन सभी जीवित चीजों के लिए पानी के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में लोगों से अपील की जाती है कि पानी को बर्बाद न करें तथा स्वच्छ पेयजल के महत्व और आपूर्ति को स्थाई रूप से प्रबंधित करने का प्रण लिया जाता है। पानी के महत्व के बारे में तात्कालिकता की भावना पैदा करने के लिए 1993 में विश्व जल दिवस उत्सव की स्थापना की गई थी। विश्व जल दिवस 2023 का थीम है त्वरित परिवर्तन। हमें यह समझ लेना चाहिए कि प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण जरूरी है।

# हिंडनबर्ग, विकिपीडिया और अडानी

> अडानी की कुल संपत्ति जो वर्ष के शुरू में 121 अरब डालर की थी, 22 फरवरी 2023 तक घटकर 43 .4 अरब डालर ही रह गई। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद गौतम अडानी समूह की कंपनियों का तेजी से विस्तार हुआ है। विपक्षी दलों द्वारा यह भी आरोप लगाया जाता रहा है कि सरकार द्वारा इस समूह को जरूरत से ज्यादा समर्थन दिया गया है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद विपक्षी दलों ने भी अडानी समूह और उसके बहाने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला तेज कर दिया है। विकिपीडिया, जो देश-दुनिया में महत्वपूर्ण लोगों, कंपनियों, देश और विश्व की परिस्थितियों के बारे में जानकारी का एक प्रमुख स्रोत माना जाता है, के अधकिारियों ने कुछ दिन पहले यह आरोप लगाया है कि अडानी समूह के कर्मचारियों और उनसे जुड़े लोगों ने अडानी, उनके परिवार और कंपनियों की जानकारियों के संबंध में छेडख़ानी की। हालांकि हिंडनबर्ग रिसर्च स्वयं को फोरेंसिक वित्तीय शोध फर्म कहती है, लेकिन उसका मुख्य काम शेयर बाजार में शॉर्ट सेलिंग का है। जब कोई व्यक्ति या फर्म अपने अधकिार में शेयर न होने पर भी शेयर बेचने का सौदा करती है तो उसे शॉर्ट सेलिंग कहा जाता है।

जनवरी 2023 के अंतिम सप्ताह में हिंडनबर्ग रिसर्च नाम की एक फर्म ने अडानी समूह के खिलाफ कुछ गंभीर आरोप लगाए थे जिसमें धोखाधड़ी और गलत तरीके से शेयर कीमतों को प्रभावित करने के आरोप भी शामिल थे। उसके बाद अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों के भाव में भारी गिरावट आ गई थी। हालांकि पिछले कुछ सप्ताह से अडानी समूह के शेयरों के भाव में थोड़ा-बहुत सुधार भी हुआ, लेकिन इस समूह के मुखिया गौतम अडानी, जो 24 जनवरी 2023 तक दुनिया के तीसरे सबसे अधिक धनाढ्य व्यक्ति बन चुके थे, की सम्पत्ति इतनी घट गई कि उनका नाम दुनिया के 100 धनी लोगों की सूची से भी हट गया। हालांकि अडानी समूह के शेयरों में कुछ बेहतरी के बाद अब अडानी वापस कम से कम विश्व के 26वें सबसे धनी व्यक्ति तो रह ही गए हैं। अडानी की कुल संपत्ति जो वर्ष के शुरू में 121 अरब डालर की थी, 22 फरवरी 2023 तक घटकर 43.4 अरब डालर ही रह गई। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद गौतम अडानी समूह की कंपनियों का तेजी से विस्तार हुआ है। विपक्षी दलों द्वारा यह भी आरोप लगाया जाता रहा है कि सरकार द्वारा इस समूह को जरूरत से ज्यादा समर्थन दिया गया है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद विपक्षी दलों ने भी अडानी समूह और उसके बहाने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला तेज कर दिया है। विकिपीडिया, जो देश-दुनिया में महत्वपूर्ण लोगों, कंपनियों, देश और विश्व की परिस्थितियों के बारे में जानकारी का एक प्रमुख स्रोत माना जाता है, के अधिकारियों ने कुछ दिन पहले यह आरोप लगाया है कि अडानी समूह के कर्मचारियों और उनसे जुड़े लोगों ने अडानी, उनके परिवार और कंपनियों की जानकारियों के संबंध में छेडख़ानी की। हालांकि हिंडनबर्ग रिसर्च स्वयं को फोरेंसिक वित्तीय शोध फर्म कहती है, लेकिन उसका मुख्य काम शेयर बाजार में शॉर्ट सेलिंग का है। जब कोई व्यक्ति या फर्म अपने अधिकार में शेयर न होने पर भी शेयर बेचने का सौदा करती है तो उसे शॉर्ट सेलिंग कहा जाता है। ऐसे में शेयर का दाम भविष्य में कम होने पर शॉर्ट सेलर को फायदा होता है और यही फायदा अडानी के शेयरों की कीमत कम होने पर हिंडनबर्ग को भी मिला। इससे पहले भी हिंडनबर्ग अपने इस शॉर्ट सेलिंग व्यवसाय में फायदे के लिए 16 कंपनियों पर गलतियों और धोखाधड़ी के आरोप लगाकर फायदा कमा चुकी है। इसमें इलैक्ट्रिक ट्रक कंपनी, निकोला कॉरपोरेशन और एलॉन मस्क द्वारा ट्वीटर के अधिग्रहण के संदर्भ में ट्वीटर के बारे में खुलासे शामिल हैं। यानी हिंडनबर्ग पर भी आरोप है कि उसके ये खुलासे उसके व्यवसाय से जुड़े हैं, इसलिए इसमें हितों के टकराव का मामला बनता है। इससे पहले हिंडनबर्ग पर जुलाई 2022 में एबिक्स नाम की कंपनी द्वारा दिल्ली के तीसहजारी न्यायालय में मुकदमा दायर किया गया था, जिसमें कोर्ट के आदेश अनुसार गूगल और ट्वीटर को हिंडनबर्ग द्वारा दी गई जानकारी को हटाने का आदेश दिया गया था। दिलचस्प बात यह है कि उस मामले में हिन्डनबर्ग की तरफ से कोई प्रतिकार भी नहीं हुआ था। यह भी समझने की जरूरत है कि 2014 के बाद और खासतौर पर पिछले 3-4 वर्षों में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू पूंजी पर आधारित औद्योगीकरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर जोर दे रही है। अडानी समूह का विस्तार उसी प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। गौरतलब है कि अडानी विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर एवं अन्य लोजेस्टिक, खनन, धातु, ऊर्जा समेत विभिन्न प्रकार के व्यवसायों में देश का सबसे तेजी से बढ़ता समूह बन चुका है। अगर केवल अडानी एयर पोर्ट्स की बात की जाए तो मुंबई, अहमदाबाद, लखनऊ, बेंगलूरू, जयपुर, गुवाहटी, तिरूवंतपुरम् समेत कई एयरपोर्टों का विकास एवं संचालन अडानी समूह द्वारा किया जा रहा है। अडानी समूह द्वारा एयरपोर्ट निर्माण और संचालन से पहले जिन कंपनियों ने एयरपोर्ट निर्माण के ठेके लिए थे, वे सभी विदेशी पूंजी पर आधारित थे। नजदीक से देखने से पता चलता है कि अडानी समूह ने जलपोतों, ट्रांसमिशन, एयरपोर्ट, सौर ऊर्जा, सडक़ निर्माण और कृषि भंडारण इत्यादि के क्षेत्र में 3 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा का निवेश करके भारत को आत्मनिर्भरता की ओर बढने में मदद की है। 20 हजार मेगावाट के सौर ऊर्जा की क्षमता का निर्माण कर नवीकरणीय ऊर्जा में भी अडानी समूह एक उदाहरण बन चुका है। हाल ही में शुरू अडानी ग्रीन एनर्जी नाम की कंपनी द्वारा बड़ी मात्रा में सोलर पैनल और अन्य उपकरण बनाए जा रहे हैं, जिससे देश की निर्भरता चीन समेत दूसरे मुल्कों पर घटने लगी है। अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से एक बड़ा प्रयास किया गया है और सरकार सेमीकंडक्टर उद्योग को लगभग 60 हजार करोड़ रुपए के उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन देने की घोषणा कर चुकी है। उसी के तहत ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही अडानी समूह द्वारा बनाये गये सेमीकंडक्टर बाजार में उतर जायेंगे। देश में एक वर्ग का यह मानना है कि पश्चिमी देशों को भारत में बढ़ती आत्मनिर्भरता रास नहीं आ रही। पश्चिम की संस्थाएं और भारत विरोधी ताकतें भारत की इस तरक्की को बाधित करने हेतु तमाम प्रयास कर रहे हैं। हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट हो अथवा जॉर्ज सोरोज़ का भारत सरकार पर हमला, ये इसी ओर संकेत करते हैं। इससे पहले भी वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा विश्व भूख सूचकांक की रिपोर्ट हो अथवा अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों की कारगुजारियां इसी दुष्प्रचार का हिस्सा माना जा रहा है। जहां तक शेयर बाजारों में शेयरों के भाव को प्रभावित करने की बात है, देश और दुनिया में यह कोई पहला उदाहरण नहीं है। मूल बात यह है कि अडानी समूह ने परिसंपत्तियों का निर्माण किया है, जो वास्तविक है। हाल ही के वर्षों में कई ऐसी कंपनियों के शेयरों के भाव भी आसमान छूते दिखाई दे रहे थे जिनके पास अपनी कोई परिसंपत्ति ही नहीं थी। ये कंपनियां कैश बर्निंग मॉडल के आधार पर उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार के डिस्काउंट देकर अपने बाजार का विस्तार कर रही थी और अपनी वैल्यूशन बढ़ा रही थी। आज स्थिति यह है कि भारत में पेटीएम, जोमैटो, नाइका, फ्लिपकार्ट सरीखी अनेक कंपनियां जो इस कैशबर्निंग मॉडल को अपनाकर आगे बढ़ रही थी, जिन्होंने सेबी के माध्यम से आईपीओ जारी कर आम निवेशकों से धन इक_ा किया, उनके शेयरों में अधिकांश निवेशकों का 40 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक धन डूब चुका है। वास्तव में किसी एक कम्पनी का शेयर हो अथवा शेयर बाज़ार, इनमें उतार-चढ़ाव सेंटिमेंट्स यानी भावनाओं पर निर्भर करता है। बाज़ार भावनाओं के कारण कई बार शेयर बाज़ारों में गिरावट का यह कोई पहला मामला न है। यदि कम्पनी के बिजनेस में दम हो तो शेयर फिर से बढ़ जाते हैं। समझना होगा कि अडानी की कम्पनियां भी सुदृढ़ बिजनेस पर आधारित हैं। यही नहीं समूह ने बाज़ार भावनाओं को ठीक करने के लिए अपने कर्ज़ को भी कम कर लिया है, जिसके कारण समूह के शेयरों के भावों में सुधार हुआ। गौरतलब है कि जब भारत के अनेक धनाढ्य लोग यह मानकर कि भारत में रहना लाभप्रद नहीं है, अपनी संपत्तियां बांधकर विदेशों को स्थानांतरित हो गये और कुछ धनाढ्य लोगों ने भारत में ही रहकर उद्यम बढ़ाने का निर्णय लिया तथा तेजी से विस्तार भी किया, तो चाहे वो अंबानी हो, अडानी हो, टाटा हो, महेंद्रा हो, बिरला समूह की कंपनियां हों, आईटीसी हो अथवा एलएंडटी, इन समूहों और कंपनियों ने भारत की ग्रोथ यात्रा को आगे बढ़ाने का काम किया है। इन कंपनियों और व्यवसायों को भारत सरकार का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है।

## देश दुनीया से

# रूस और अमेरिकी संबंध और बिगड़े तो विश्व युद्ध का खतरा बढ़ जायेगा

एक साल से ज्यादा से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अमेरिका और नाटों के दखल को देख शायद रूस ने अब इनसे ही सीधे सुलटने का निर्णय ले लिया है। वह इस तरह की पहले से इसकी चेतावनी देता भी रहा है। लगता है कि इसकी शुरुआत उसने कालासागर में अमेरिकी ड्रोन को मार कर कर दी है। उसने अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका को एक तरह से चेतावनी भी दे दी है। अपने इरादे भी बता दिए हैं। घटना को लेकर रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि हाल के दिनों में ऐसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका रूस की जासूसी कर रहा है। इसी वजह से ये घटना हुई। रूसी रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अगर भविष्य में अमेरिका ने कोई उकसावे की कार्रवाई की तो रूस भी उसका 'उचित जवाब' देगा। एक साल से ज्यादा से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अब यह साबित हो गया कि नाटो देश यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाना चाहते हैं। उसे तोड़ना चाहते हैं। उनका इरादा रूस की अकड़ खत्म करने का है। यह खुद तो नहीं लड़ रहे किंतु युद्धरत यूक्रेन की अस्त्र-शस्त्र और अन्य प्रकार की पूरी क्षमता से मदद करने में लगे हुए हैं। रूस भी हालत को समझ गया है। उसने पीठ पीछे की कहानी को आगे करने का निर्णय लिया। इसी के तहत रूस ने काला सागर के ऊपर उड़ते अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया। उसकी ये कार्रवाई बताती है कि उसने अमेरिका और नाटो देशों से अब सीधे निपटने का फैसला कर लिया है। अच्छा है कि नाटो अब भी संभाल जाए। सुधर जाए। रूस के दुश्मन यूक्रेन की परोक्ष और अपरोक्ष रूप से की जाने वाली मदद बंद कर दें। ऐसा न होने पर वह नाटो देशों के विरुद्ध सीधी कार्रवाई कर सकता है। यूक्रेन एक छोटा-सा देश है। रूस जैसी महाशक्ति से उसका कोई मुकाबला नहीं। यूक्रेन नाटो में शामिल होने के प्रयास में लगा था। रूस चाहता था कि यूक्रेन नाटो गठबंधन में शरीक न हो। रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन को रूस का हिस्सा मानते रहे हैं। पुतिन की सदा मंशा रही कि वो रूस को साल 1991 से पहले यानि सोवियत संघ के विघटन से पहले वाले स्वरूप में वापस लेकर आएं। यूक्रेन रूस का हिस्सा बन जाए। वह ऐसा नहीं कर पाए। उधर यूक्रेन नाटों में शामिल होने के प्रयास में लग गया। इससे उन्हें लगा कि यदि ऐसा हो गया तो नाटो की सेनाएं यूक्रेन में आ जाएंगी। यूक्रेन की और रूस की सीमा सटी है। नाटो की सेनाएं यूक्रेन में आकर रूस के लिए परेशानी ही पैदा करेंगी। साथ ही उसकी यूक्रेन के रूस में मिलाने की योजना भी धूसरित हो जाएगी। यूक्रेन पूरी क्षमता से नाटो में शामिल होने के प्रयास में लगा था। रूस के मना करने की अपील का उस पर असर नजर नही आ रहा था। ऐसे में उसे सबक सिखाने में लिए रूस ने ये हमला किया। उसने इसे छोटा सैन्य आपरेशन नाम दिया। रूस ने हमला ये सोचकर किया कि यूक्रेन के नाटों में शामिल होने के बाद नाटो देश उसका साथ देंगे, पहले नहीं, किंतु एक साल से चल रहे युद्ध ने स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका और नाटो देश खुद युद्ध नहीं लड़ रहे, अपितु वे यूक्रेन को युद्ध लड़ा रहे हैं। मदद कर रहे हैं। खुद युद्ध के मैदान में नही हैं किंतु हथियार और गोला बारूद उनका है। सिर्फ लड़ने वाले उनके सैनिक नहीं हैं। वे सिर्फ यूक्रेन के जवान हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, तकरीबन 30 देशों ने भारी तादाद में यूक्रेन को हथियार और जरूरी चीजें मुहैया कराईं। ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों ने भी ऐलान किया है कि यूक्रेन को विध्वंसकारी टैंक जैसे- 'चैलेंजर 2 टैंक' और 'लेपर्ड 2 टैंक' यूक्रेन को मुहैया कराये जाएंगे। यूक्रेन को सबसे ज्यादा मदद अमेरिका कर रहा है। अमेरिका ने यूक्रेन को 90 स्ट्राइकर भेजे हैं। इसके अलावा, अमेरिका ने यूक्रेन को 59 ब्रेडली इन्फैंट्री लड़ाकू विमान भेजे हैं। रूस के खिलाफ लड़ने के लिए अमेरिका लगातार अपने हथियारों का जखीरा यूक्रेन को दे रहा है। गौरतलब है कि रूस लगातार यह बात कहता आया है कि यह युद्ध यूक्रेन के अलावा अमेरिका भी लड़ रहा है। रूस लंबे समय से अमेरिका और नाटो देशों को चेतावनी दे रहा है कि यूक्रेन की मदद की तो ठीक नहीं होगा। वह मदद को सीधा अपने पर हमला मानेगा। कई बार वह परमाणु अस्त्रों के प्रयोग की धमकी भी देता रहा है।

> रूसी रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अगर भविष्य में अमेरिका ने कोई उकसावे की कार्रवाई की तो रूस भी उसका 'उचित जवाब' देगा। एक साल से ज्यादा से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध में अब यह साबित हो गया कि नाटो देश यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस को सबक सिखाना चाहते हैं। उसे तोड़ना चाहते हैं। उनका इरादा रूस की अकड़ खत्म करने का है। यह खुद तो नहीं लड़ रहे किंतु युद्धरत यूक्रेन की अस्त्र-शस्त्र और अन्य प्रकार की पूरी क्षमता से मदद करने में लगे हुए हैं। रूस भी हालत को समझ गया है।

## नागरिक बोध

# बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान से किसानों के चेहरे मुर्झाए,सरकार से मुआवजा राशि की उम्मीद

यूपी के अनेक जिलों में बारिश और ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुआ है। किसानों के चेहरे पर फीकापन है। नुकसान की भरपाई के लिए योगी सरकार पर मुआवजा की उम्मीद लगाए बैठे है। योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए जानमाल की हानि का मुआवजा देने के लिए आदेश जारी किया है। तेज बारिश से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों की माली हालत ठीक नही है ।उपर से बेमौसम बरसात से किसानों का जीना दुश्वार हो गया है। किसानों के नुकसान का आंकलन कर बचाव कार्यो के लिए आदेश जारी किया है। संवेदना व्यक्त करते हुए सरकार ने मृतकों के परिजनों के आश्रितों को चार चार लाख की धनराशि देने का भरोसा दिलाया है। योगी ने कहा है कि लापरवाही करने वाले किसी भी अधिकारी को बर्दाश्त नही किया जाएगा। सरकार ने सामने से लोगो की नुकसान की रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। इससे यह विदित होता है कि सरकार जनता की हितेषी और हर घटना पर संज्ञान लेने वाली है। बारिश और ओलावृष्टि में जिन किसानों को नुकसान पहुंचा है और पशुधन की हानि हुई है।उनको तत्काल राहत पहुंचाने के लिए योगी सरकार ने तैयारी बता दी है। पीड़ति परिवारों को किसी भी प्रकार का सामना नही करना पड़े,उसके लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के आदेश दिए है। बेमौसम बारिश के कारण अनेक परिवार प्रभावित हुए है ।ललितपुर और सोनगढ़ में भारी बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन आहत है। रामपुर बरकोनिया नाले में तेज प्रवाह में जिंदगियां लील गई है। सरकार मृतक परिवार को राशि देने के आदेश दिए है। आकाशीय बिजली गिरने से लोगो की मौत हुई है। कुल जान माल के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार आगे आए। पीड़ति परिवारों को मुआवजा देकर मदद करे। मेरठ और कानपुर के इलाकों में भारी बारिश और ओलावृष्टि से किसानों के चेहरे मुरझा गए है।

# योजनाओं को ससमय पूरा कर लोगों को दिलाएं लाभ : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय, टाउन हॉल लातेहार में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे कार्यो की गति व धरातल पे हो रहे कार्यो की विस्तृत रूप से समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का दिया गया निर्देश। (2016ङ्क2022) की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने और साथ ही शेष योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने के लिए निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने शीघ्र अति शीघ्र लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी लाभुकों का लंबित भुगतान शीघ्र करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जियो टैगिंग करने तथा लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण करने का निर्देश दिया गया। उक्त योजना के तहत साथ ही नए आवासों को जल्द से जल्द स्वीकृत करने की बात कही गई। साथ ही आवास योजनांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजन अंतर्गत निर्मित/निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा के क्रम में पीडी जेनरेशन, रिजेक्शन ट्रांजैक्शन, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, खेल के मैदान योजना में प्रगति लाने, विरसा हरित ग्राम योजना, आधार सीडिंग इत्यादि को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योजनाओं को पंचायत एवं गांव स्तर पर संचालित करते हुए सभी कल्याणकारी योजनाओं को धरातल सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी पंचायत एवं गांव में निरन्तर योजनाओं को संचालित करते हुए मानव दिवस सृजित कर रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने के लिए निर्देश दिया गया।

## अफीम के साथ तीन तस्कर गिफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना प्रभारी बमबम कुमार ने 6.4 ग्राम अफीम के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गरफ्तार लोग सभी संबधी बताए जा रहे हैं। सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने अपने सिमरिया कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी की कुछ लोग अफीम छुपा कर घर में रखे हुए है। इसकी सत्यापन को लेकर थाना प्रभारी बमबम कुमार तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संयुक्त टीम गठित की गयी। टीम में थाना प्रभारी तथा एसडीपीओ एवं थाना सशत्र बल के संयुक्त टीम ने सुरेश गंझू, महेन्द्र गंझू तथा अनिल गंझू जो रिश्ते में सभी एक ही परिवार के बताएं जा रहे हैं। ग्राम कोटारी थाना लावालौंग गुप्त सुचना के आधार पर घर में छापेमारी के दौरान घर में छुपा कर रखा गया 6.4 ग्राम अफीम साथ तीनों अभियुक्तों के साथ बरामद किया गया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को लावालौंग काण्ड संख्या 17/2023 के तहत धारा 17/18/22/27(.) 28.29.29/30 एनडीपीएस के तहत दोनों की न्यायिक हिरासत में चतरा भेज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में 7 घायल



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ रांची एनएच 22 मुख्य पथ पर बालूमाथ ब्लॉक के समीप बुधवार को एक टेंपो व मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने की टक्कर में सात लोग घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा इलाज किया गया। बताया जाता है कि एक टेंपो में सवार होकर मिथिलेश कुमार पिता सुरेंद्र साहू ग्राम तरहसी, प्रीति कुमारी 18 वर्ष पिता देव नारायण राम, कुलदीप राम पीता देवन मोची, सोनी देवी 22 वर्ष पति मनोज राम, राजमति देवी 45 वर्ष कालो कुँवर 55 वर्ष सभी टेंपो में सवार होकर अपने घर से नगर मंदिर मुंडन समारोह में शामिल होने जा रहे थे इसी बीच युसूफ मियां 70 वर्ष मोटरसाइकिल से सवार होकर बालूमाथ की ओर आ रहा था और आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसके बाद टेंपो पलट गया।

## विश्व यक्ष्मा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सिविल सर्जन लातेहार डॉक्टर दिनेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर आर्यन एवं सुपर्नव राय ने लोगों को मलेरिया के रोकथाम एवं इसके उपचार संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्राओं के बीच क्विज कंपटीशन रखा गया जिसमें संत तेरेसा बालिका उच्च विद्यालय की बच्चियां अव्वल रही। इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी लगाया गया जिसमें स्वास्थ्य प्रभारी अमित खलखो ने ग्रामीणों से रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम में लंबे समय से टीवी से लड़ रहे टीवी चैंपियनों को पुरस्कृत किया गया और उनको सहयोग कर रही सहीयाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन लातेहार डॉक्टर दिनेश कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सोभना टोप्पो, डॉ नीरज कुमार, डॉक्टर आर्यन डॉक्टर सुपर्नव राय, समेत विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## विश्व जल दिवस के मौके पर जिला स्तरीय जल व स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### उपायुक्त ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल सहिया को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में विश्व जल दिवस 2023 के अवसर पर जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल उत्सव अभियान और विश्व जल दिवस 2023 के आलोक में जिला स्तर पर जल एवं स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में सर्व प्रथम उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी, पंचायत के मुखिया, मास्टर जल सहिया एवं जल सहिया को राष्ट्रीय जल मिशन जल शपथ दिलाया गया।मैं पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ लेता हूँ। मैं यह भी शपथ लेता हूँ कि जल का समुचित उपयोग करूँगा तथा पानी की हर एक बूँद का संचयन करूँगा और 'कैच द रेन' अभियान को बढ़ावा देने में पूरा सहयोग दूँगा। मैं पानी को एक अनमोल संपदा मानूँगा और ऐसा मानते हुए ही इसका उपयोग करूँगा। मैं शपथ लेता हूँ कि मैं अपने परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी विवेकपूर्ण उपयोग और उसे व्यर्थ नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे। यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते है। उपायुक्त ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पानी के बिना जीवन की कल्पना करना अंसभव है और इसके महत्व को समझते हुए हर साल 22 मार्च को वर्ल्ड वाटर डे सेलिब्रेट किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ और सुरक्षित जल को सभी लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ जल के संरक्षण पर भी ध्यान देना है। आप सभी जानते हैं कि हमारे जीवन में जल का महत्व क्या है। हम सभी को यह प्रयास करना चाहिए की जल संचयन ज्यादा से ज्यादा हो जिससे हमारे यहां पानी का लेयर बरकरार रहे और जल संकट से जूझना न पड़े। सभी लोग जागरूक हों और लोगों को भी जागरूक करें।

## नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज रद्द करने पर आभार दिवस का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति लातेहार व गुमला द्वारा 22 मार्च को नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज रद्द करने पर हेमंत सरकार का आभार व्यक्त व धन्यवाद के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका संचालन समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर व अनिल मनोहर ने किया इस कार्यक्रम में जान नहीं देगें, जल जंगल जमीन हमारा है जैसे नारे लगाते व आदिवासी एकता चर्चा किया गया। जेरोम जेराल्ड ने बताया कि 23 मार्च 1994 की तोपाभ्यास के लिए आई सेना की गाड़ियों के समाने जल जंगल जमीन और अस्तित्व की रक्षा के लिए हमारे माता पिता बहनों एंव भाईयों ने जिस अदम्य साहस के साथ खड़े होकर सेना को फायरिंग अभ्यास के बिना वापस जाने को मजबूर किया था। उसी अहिंसात्मक सत्याग्रह आन्दोलन की याद में यह कार्यक्रम बनाया जा रहा। कार्यक्रम में रोश खाखा द्वारा वनाधिकार कानून, मधू टोप्पो द्वारा नेतरहाट आंदोलन में महिलाओं की भूमिका, कोरदुला कुजूर द्वारानेतरहाट आंदोलन में युवाओं का योगदान के साथ ग्राम सभा के महत्व पर वक्ताओं ने चर्चा किया कार्यक्रम में आदिवासी संस्कृति कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों से आये संस्था व गाँव के द्वारा पेश किया गया। वही जेरोम जेराल्ड द्वारा स्वागत भाषण एंव वार्षिक रिपोर्ट उपस्थित जन समुह को पढ़कर सुनाया। इसके अलावे टीएसी के पूर्व सदस्य रतन तिर्की, प्रभाकर तिर्की, पीटर बेंग, शशिता कुजूर, जसिन्ता, महेन्द्र ने भी अपने विचार मंच में लोगों के साथ साझा किया। आयोजन में विधि व्यवस्था ठीक रहे उस लेकर एसडीओ नीत निखिल सुरीने की अध्यक्षता में कार्यक्रम स्थल टूटूवापानी में दण्डाधिकारी जितेंद्र कुमार, डीएसपी राजेश कुजूर, नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत, महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के साथ जिला पुलिस मौजूद थे ।इधर कार्यक्रम को सफल बनाने में युवाओं की टीम समिति का सहयोग कर रही थी कार्यक्रम 22 मार्च रात 12 बजे तक चली।

## रामनवमी व सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना परिसर में रामनवमी एवं सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान ने रामनवमी एवं सरहुल में निकलने वाले बाइक जुलूस मैं 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बाइक नहीं चलाने देने की अपील की साथ ही इस संबंध में कई दिशा निर्देश दिया गया । मौके पर उपस्थित हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराने को लेकर पुलिस प्रशासन व ग्रामीण लोगों का सहयोग मांगा। बैठक में मुख्य रूप से पु0अनि रोशन कुमार, पु0अनि संजय रतन अंचल निरीक्षक, गौतम कुमार, वनों के पदाधिकारी वृंदा पांडे, हिंदू महासभा अध्यक्ष मनोज जयसवाल, बजरंग दल जिला संयोजक सूरज कुमार, जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, मनीना कुजूर, मोहन जायसवाल बिहारी जयसवाल समेत प्रखंड के प्रबुद्ध लोगों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।

## विश्व जल दिवस मनाया गया

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व जल दिवस के अवसर पर बारियातू प्रखण्ड के गाड़ी गांव में जल सहिया किरण देवी के नेतृत्व में विश्व जल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में जल सहिया किरण देवी ने जल की महत्ता,जल की गुणवत्ता, जल संरक्षण, जल की सदुपयोग, एवं ठोस व तरह कचरा प्रबंधन के बारे लोगों को विस्तार से बताया इस मौके पर सबिता देवी, राजमनी देवी, गुड़िया देवी, सुरेश उरांव, सुनिल गंझु सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे। प्रखण्ड के बारियातू पंचायत के अन्य ग्राम बठेठ में प्रतिमा देवी, नचना में विमला देवी के नेतृत्व में विश्व जल दिवस मनाया गया।

## थाना दिवस का हुआ आयोजन एक का निष्पादन दूसरे को भेजा गया न्यायालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना परिसर में बुधवार 22 मार्च को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जहां अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक एवं एसआई टिकवानंद भगत ने मामला को निष्पादन किया। दो अलग-अलग मामले आए। जहां पहला मामला मुकेश कुमार पिता दशरथ प्रसाद यादव एवं दूसरा पक्ष वासुदेव भुइयां गंगा भुइयां दोनों पिता स्वज़अकल भुइयां दोनों कुरकुटा गांव गिद्धौर थाना चतरा जिला निवासी के बीच खाता नंबर 14 प्लॉट 626 में रास्ता को लेकर विवाद चल रहा था।जहां अंचलाधिकारी ने दोनों का मामला रास्ता निकलवा कर निष्पादन किया। वही दूसरा मामला अनिल बंडू पिता सोमरा बंडु टांगटांग टोली थाना ध्रुवा जिला रांची एवं फाउदारी सिंह पिता जागेश्वर सिंह व अन्य सभी बायं गांव थाना गिद्धौर जिला चतरा जमीन खाता नंबर 40, 2,13, 35, 37, 38, 39, 41 में कुल 33 एकड़ में चल रहे विवाद को निपटाने के लिए न्यायलय भेजा गया है।

## उच्चवाबाल पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददात**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रांकीकला पंचायत के उच्चवाबाल में आदिम जनजाति परहिया परिवार के लोग रहते हैं। जहां लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह पहुंचे और लोगों की समस्याओं से अवगत हुए एवं श्री राम नवमी के शुभ अवसर? पर सिंह ने उच्चवाबाल के ग्रामीणों के साथ बैठक कर भजन कीर्तन शिव स्तुति गाकर लोगों दिल दहला दिया साथ ही हनुमान झंडा, हनुमान चालीसा माला एवं मिठाईयां देकर श्री राम नवमी की शुभकामनाएं दीया। मौके पर बिधार्थी परिषद् प्रदेश सह मंत्री रमेश उरांव पंचायत समिति सदस्य महेंद्र सिंह बीरेंद्र प्रसाद, विश्वनाथ राय, धर्मजित राय रंगलाल परहिया, सुमन परहिया, सहीत कई लोग महिला पुरुष शामिल मिल हुये।

## पत्थलगड़ा निवासी सुनील गिरी डेढ़ साल से किराए का मकान में रहने को मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के पत्थलगड़ा गांव के सुनील गिरी, पिता स्वर्गीय श्री पाली गिरी के पिछले डेढ़ साल पहले उनका मकान बारिश के वजह से गिर गया और वह डेढ़ साल से 350 सौ महीने किराए के मकान में रह रहा है। सुनील गिरी ने बताया कि मेरा नाम पीएम आवास के लिस्ट क्रम संख्या 57 में नाम अंकित है लेकिन मुझे पीएम आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। और इस समस्या को लेकर अभी तक किसी जनप्रतिनिधि या ब्लॉक के पदाधिकारी से अपनी समस्या नहीं रख पाया लेकिन अब मुझे किराए का मकान में मेरे लिए रह पाना और किराया दे पाना मुश्किल लग रहा है। क्योंकि हम रोज की मजदूरी कर खाने वाले व्यक्ति हैं। इसलिए हमने पत्रकार बंधुओं से इस समस्या को लेकर बात रखा तो मेरा बात उपायुक्त अबू इमरान और पत्थलगड़ा ब्लॉक बीडीओ मोनी कुमारी के पास बात पहुंचाया गया जोकि उपायुक्त अबू इमरान तथा पत्थलगड़ा बीडीओ मोनी कुमारी ने आश्वासन दिया कि इस समस्या को सुलझाया जाएगा और पीएम आवास का जितना हो सके जल्द से जल्द लाभ दिया जाएगा।

## कई वर्षों से क्षति ग्रस्त पुलिया का निर्माण कार्य नहीं होने से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड के पदुमपुर पंचायत अंतर्गत रोल गांव जाने वाली मुख्य मार्ग (विद्यालय के समीप) पर बने पुलिया विगत कई वर्षों से पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है, फिर भी हमेशा लोगों का आना जाना उसी रास्ते से होता है। पूर्व में ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान कर क्षतिग्रस्त पुलिया में मिट्टी भरकर रास्ता बनाया गया था, जिससे लोग गांव से बाहर आना जाना करते थे। परंतु हाल ही में हुए भारी बारिश के कारण पुलिया में भरे गए मिट्टी का पूर्ण रूप से बहाव हो गया है, जिससे लोगों को दो चकिया एवं चार चकिया वाहनों से गांव में आना जाना दुश्वार हो गया है, जिस कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव के पहले सिमरिया विधायक के द्वारा पुल निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया गया था, परंतु विडंबना यह है कि विधायक को चुनाव जीते कई वर्ष हो गया फिर भी पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि अगर हमलोगो की समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो हम लोग विधायक, सांसद, मुखिया या कोई भी जनप्रतिनिधि को गांव में प्रवेश नहीं करने देंगे। ग्रामीणों ने प्रखण्ड एवम जिला प्रशासन से भी आग्रह किया है कि किसी भी स्थिति में हम लोगों को गांव से बाहर आने जाने के लिए रास्ता को सुगम बनाने का काम किया जाए।

## वित्तरहित शिक्षकों का रोष, शिक्षानीति का फूंके पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के निर्देशानुसार प्रखंड के वित्तरहित विद्यालय शैलजा गिरजा उच्च विद्यालय करमा और हरिजन जनता उच्च विद्यालय मझगावां के शिक्षकों ने शिक्षानीति का विरोध करते हुए शिक्षा नीति का पुतला दहन किया।तत्पश्चात इस मौके पर शिक्षकों ने साफ तौर पर कहा कि शिक्षा नीति वित्तरहित शिक्षकों के लिए नई मुसीबतें लेकर आया है जिसे किसी भी सूरत में हम लागू होने नहीं देंगे। इस बाबत प्रभात मंत्र को अपनी पीड़ा भी सुनाई और कहा कि वर्षो से हम सभी शिक्षक आर्थिक तंगी को झेलते हुए इस आस में शिक्षण कार्य करते रहे कि सरकार हमारी सुध लेगी और हम सभी वित्तरित शिक्षकों का भविष्य उज्जवल होगा लेकिन शिक्षा नीति में जो वित्त रहित शिक्षकों के लिए प्रावधान लाए गए हैं यह कहीं से भी न्यायसंगत नहीं है और हम इसका खुले मंच विरोध करते हैं सरकार समय रहते अगर शिक्षानीति में बदलाव नहीं करती है तो झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ भी पीछे हटनेवाली नहीं है और हम बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे।ज्ञात हो कि पिछले दिन सिमरिया विधायक विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान वित्तरहित शिक्षकों की समस्याओं से जुड़े विषय पर विधानसभा सदन को ध्यानाकर्षण कराया था। तब मानो ऐसा लग रहा था जैसे कि अब वित्तरहित शिझकों का भी दिन बहुत जल्दी बहूरेंगे लेकिन शिक्षा नीति ने वित्तरहित शिक्षकों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। यही वजह है कि अब वित्तरहित शिक्षक आंदोलन की राह पकड़ चुके हैं।पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्यरुप से स्वामी विवेकानंद शैलजा गिरजा उच्च विद्यालय के सचिव लक्ष्मी राम, पवन कुमार शर्मा, अशोक कुमार साहु, प्रेमलता कुमारी, सरोज गुप्ता, चंद्रदेव यादव मौजूद रहे।वहीं मझगावां में पुतला दहन कार्यक्रम में हरिजन जनता उच्च विद्यालय सह झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ चतरा जिला इकाई के सचिव सचित कुमार सिंह, नरेश कुमार मिश्रा नागेंद्र कुमार, रामस्वरूप सिंह, विनय कुमार दांगी, रामसागर रविदास, पूनम कुमारी शबाना परवीन प्यून मोहन यादव, नकुलदेव यादव समेत विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## हिरण के मांस के साथ तीन शिकारी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बेतला नेशनल पार्क मे प्रत्येक वर्ष हिरणों का शिकार शिकारियों के द्वारा किया जा रहा है।इस मामले में वन विभाग पुरी तरह से अंकुश लगाने में विफल देखें जा रहे हैं। इन दिनो हिरणों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है परन्तु इनकी सुरक्षा की गारंटी शायद वन विभाग के पास नहीं है। जहां मंगलवार को बेतला नेशनल पार्क के आस पास के मनचले शिकारियों के द्वारा आए दिन हिरण का शिकार कर उसके मांस को गुप्त तरीके से विक्री भी करने की सूचना मिलती है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों के द्वारा जंगल मे फंदा लगाकर हिरण को फंसाकर और उसे मारकर उसके मांस को बाजार मे बेचने की योजना बनाई जा रही थी। इसी बीच वन विभाग के रेंजर शंकर पासवान को मिली गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी करते हुए पार्क के करीब कुलही नाला के पास कल्याणपुर गांव मे कुछ लोग हिरण के मांस का बंटवारा कर रहे बेतला के अखरा गांव से अमीत कुमार उर्फ ललन भुइया .पिता रामवृक्ष भुइया निरंजन सिंह पिता बालदेव सिंह ग्राम रंगैनियां कल्यानपुर राजेश्वर सिंह पिता हरिहर सिंह कल्याणपुर को घटना स्थल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।वही चार शिकारी अभी फरार है जिसका नाम राजेश सिंह अवधेश सिंह ठिकेश्वर सिंह गुठल भुइया इन सभी शिकारी कल्याणपुर डोरामी के रहने वाले हैं। वहीं जब्ती में हिरण का खाल एक पीस हिरण का मुंडी .खुन लगी टांगी खुन लगा लकडी और बर्तन मिला है। छापामारी दल में उमेश दुबे वनपाल संतोष कुमार देवेद्र कुमार देव सुनीता लकडा संदीप कुमार गुलशन सुरिन शामिल रहे।

## रामनवमी का त्यौहार भव्य तरीके से मनाने को लेकर हुई बैठक अध्यक्ष बने प्राणेश



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के गांगपुर मे रामनवमी महासमिति का गठन हेतु गांगपुर शिव मंदिर के प्रांगण में बैठक हुई जिसमें धूमधाम एवं भव्य से मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्राणेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रेमचंद साव, सचिव अशोक कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता सदस्य विक्रम कुमार गुप्ता,संतोष कुमार गुप्ता ,अखिलेश साव ,राजेन्द्र साव, हरि साव डेगन साव, पोखन साव, लक्ष्मण कुमार गुप्ता, अमृत साव, इन्द्रदेव साव,शंभू साव राहुल, अनुज, टिंकू, अनुज, विकास, निगरानी समिति के सदस्य प्रीतम साव, विष्णु साव, बीरेन्द्र साव, सोहन साव, सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, केशव साव, भोला साव (बड़ा), रंजीत साव, भोला साव (छोटा) भैरव साव, देवनन्दन साव समेत कई लोगों रखा गया बैठक में मुख्य रूप से सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नववर्ष विक्रम संवत 2080 का सनातनी महिलाओं ने किया स्वागत

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी पर अवस्थित नवनिर्माण हो रहे भगवान भास्कर के मंदिर में सनातन हिन्दू धर्म की महिलाओं ने भगवा वस्त्र पहनकर सभी महिलाओं ने एकसाथ भगवान



भास्कर को समक्ष मानकर दिए जलाकर,अर्घ्य देकर विधिवत पूजा अर्चना करते हुए हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2080 का स्वागत किया । हिन्दू नववर्ष के अवसर पर महिलाओं ने कहा कि हमारे नववर्ष के स्वागत के लिए प्रकृति भी सभी पेड़-पौधों में फूलों से भरते हुए पेड़ो में नए सुकोमल पत्तो के साथ पालक पावड़े बिछाये स्वागत करती है,चहुँओर फूलों की खुश्बू से महकते वातावरण में सबसे महत्वपूर्ण नववर्ष के प्रारम्भ के साथ बासंती नवरात्र का शुभारंभ होता है। उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लेते हुए कहा कि हमारे सनातन की पवित्रता है,जो नववर्ष के प्रारम्भ में पूजा-पाठ एवं माता की स्तुति के साथ कि जाती है। आने वाले नववर्ष में अधिक से अधिक महिलाओं को हमलोगों ने जोड़ने का संकल्प लिया है। सनातनी महिलाओं कहा कि बड़ी विडम्बना के साथ कहना है,कि प्रत्येक हिन्दू इस बात को जानता एवं मानता है,परन्तु अंग्रेजी नववर्ष की क्षणिक चकाचौंध में भ्रमित होकर अपनी पवित्र सनातन परंपरा को भूलकर पाश्चात्य सभ्यता की ओर खिंचे चले जा रहे है।यह एक कटु सत्य है,जिसे हमलोगों को स्वीकार करना चाहिए ।

### पतरातू हरदेव कंस्ट्रक्शन गोलीबारी घटना में शामिल अभियुक्त गिरफ्तार

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार सुबह पतरातू पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने रोचाप डोकाटांड निवासी अशोक महतो को रंगदारी के रुपये और हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।



अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय पतरातू में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ डॉ विरेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक अपराधी का मुवमेंट पतरातू कि सड़कों पर देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए,खैरा मांझी द्वार इलाके में छापामारी की गई। छापामारी में पुलिस ने रोचाप डोकाटांड निवासी अशोक महतो उम्र- 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तथा पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके कमर से एक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस व 25000 रुपया बरामद कर पुलिस उसे थाने ले आई। पूछताछ के क्रम में अशोक महतो ने खुद को पांडे गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया। इसके अलावा कुछ महीने पहले हरदेव कंस्ट्रक्शन गोलीबारी घटना में अपनी संलिप्तता बताई। पुलिस ने उसके निशानदेही पर उसके घर से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। आगे एसडीपीओ ने बताया कि अशोक महतो के खिलाफ रंगदारी और आर्म्स एक्ट मामला दर्ज है। छापामारी दल में इंस्पेक्टर रोहित कुमार महतो,पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार,भुरकुंडा थाना प्रभारी अमित कुमार,बरकाकाना थाना प्रभारी शशि प्रकाश,सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार साहू आदि सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### हिन्दू नव वर्ष के शुभ अवसर पर पतरातू में निकाली गईं भव्य शोभायात्रा

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिन्दू नव वर्ष चैत्र शुक्ल विक्रम संवत 2080 के अवसर पर सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में बुधवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। यह शोभा यात्रा में युवाओ ने



मनोहारी झांकी एवं हाथों में भगवा रंग झंडा लिये जय श्रीराम उद्घोष के साथ पतरातू प्रखंड का भ्रमण किया। शोभायात्रा जयनगर देवी मण्डप से शुभारंभ किया गया तथा श्रीराम जयघोष के साथ पतरातू भगत सिंह चौक, स्टेशन रोड, पतरातू बस्ती, बाजारटांड, रेलवे स्टेशन, शाह कॉलोनी, न्यूमार्केट और हनुमानगढ़ी का भ्रमण करते हुए विरसा मार्केट शिव मंदिर में समापन किया गया। तत्पश्चात लोगों को प्रसाद वितरण किया गया द्ध शोभायात्रा का नेतृत्व शुभम सोनी और राहुल दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी समाज सेवी निशी पांडे पुनीत पाठक राजा राम प्रजापति मोनू सिंह अशोक पाठक नित्यानंद कुमार बड़े सिंह मधुकर कुमार सूरज प्रसाद अजय मुंडा रिश्ब कुमार मुकेश कुमार पंकज कुमार अविनाश उपाध्याय सन्नी वर्णवाल और किशोर महतो सहित सैकड़ों महिलाएं पुरुष और बच्चे शामिल थे।

## विश्व जल दिवस के अवसर पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** विश्व जल दिवस के अवसर पर बुधवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी के सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम यूनिसेफ सहयोगी संस्था के डिस्ट्रिक्ट लिड श्री निर्भय कुमार के द्वारा विश्व जल दिवस मनाने के उद्देश्यों के प्रति सभी को जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न उपायों के माध्यम से जल संचयन




करने एवं सभी प्राणियों तक जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम विगत वर्ष स्वच्छता एवं जल संचयन के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले मुखियाओं एवं जलसाहियाओं की तारीफ करते हुए कहा कि चाहे वह विश्व जल दिवस हो या कोई अन्य दिवस, हर दिवस को मनाने की एक खास वजह होती है। वर्तमान में अगर हम देखें तो बड़ी मात्रा में लोग आज भी जल का दुरुपयोग कर रहे हैं। अभी हम इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि आने वाले समय में हमें या हमारी आने वाली पीढ़ी को किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। विश्व जल दिवस पर उन्होंने सभी से जल के दुरुपयोग को रोकने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की एवं लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश अधिकारियों को दिए। मौके पर उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यो की सराहना करते हुए लंबे समय तक लोगों को नल के माध्यम से जल सुनिश्चित हो इसके लिए जलापूर्ति योजना के रखरखाव व अन्य महत्वपूर्ण विषयों के प्रति लोगों को जागरूक करने के संबंध में कई उपाय बताएं। उप विकास आयुक्त ने रामगढ़ जिले में विभिन्न योजनाओं व डीएमएफटी के माध्यम से संचालित जलापूर्ति योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं के माध्यम से सभी योग्य जिले वासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने की सभी से अपील की।

## पोषण पखवाड़ा के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सरकार के निर्देशानुसार 20 मार्च से 3 अप्रैल तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से पोषण रैली निकाली गई। रैली के दौरान ग्रामीणों को खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां शामिल करने, एनीमिया से बचाव सहित विभिन्न प्रकार के फलों एवं सब्जियों से होने वाले फायदों के प्रति जानकारी दी गई वही सभी को दैनिक जीवन में शामिल



की जाने वाली अच्छी आदतों के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही सभी को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के तहत मोटे अनाज को भोजन में शामिल करने एवं इससे होने वाले अनेक फायदों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

## बुनियादी शिक्षा के तहत एंडलाइन सर्वे को लेकर किया गया कार्यशाला का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़ के सभागार में रामगढ़ , गोला और माण्डू प्रखंड के सीआरपी , बीआरपी एवं चयनित स्कूलों के हेडमास्टरों की उपस्थति में बुनियादी शिक्षा के एंडलाइन सर्वे को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही इस कार्यशाला के साथ बुनियादी शिक्षा पर एंड लाइन सर्वे विषय पर विभिन्न चरणों में आयोजित कार्यशाला का समापन भी हुआ।कार्यशाला की शुरुआत पीरामल फाउंडेशन सह नीति आयोग कि ओर से सीनियर प्रोग्राम लीड, प्रवीण कुमार के द्वारा किया गया जिसमे उन्होंने सभी शिक्षको से आग्रहपूर्वक कहा की हम सभी को मिलकर बुनियादी



शिक्षा के एंडलाइन सर्वे को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना हैं साथ ही हमें अपने बच्चों के बुनियादी स्तर पर काम करते रहने की आवश्कता हैं। वैसे बच्चों पर हमें ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्कता हैं जो गणित एवं हिंदी में बेसिक स्तर पर कमजोर हैं , इसके लिए हम सब को मिलकर कार्ययोजना बनाने कि जरुरत हैं , स्कूल के असेंबली में ज्यादा से ज्यादा बच्चों भागीदारी सुनिश्चित किया जाए एवं स्कूल के बालसंसद को जागरूक करना होगा जिससे बच्चों में लीडरशिप क्वालिटी का विकास हो। कार्यशाला के दौरान सभी को एंडलाइन सर्वे को कैसे करना है एवं बुनियादी शिक्षा के बेसलाइन में किस प्रखंड की क्या स्तिथि रही है के संबंध में पिरामल फेलो ऋषिकेश एवं शाहिद की अहम् भूमिका रही। सिल्वेस्टर टोपनो (डिस्ट्रिक्ट लीड) ,एवम मिथुन भंडारी (प्रोग्राम लीड) ने कार्यशाला के दौरान शिक्षकों से जमीनी स्तर की समस्यों को समझते हुए संभावित सुझाव दिए जिससे पठन -पाठन प्रकिया को और सुचारू एवम रोचक तरीके से करवाते हुए बुनियादी शिक्षा को और मजबूत किया जाए।

## करियातपुर में धूम धाम से निकला मंगला शोभा यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के करियातपुर पंचायत में चैत माह के दूसरे मंगलवार रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री राम चौक करियातपुर हनुमान मंदिर के प्रांगण से संध्या में ढोल नगाड़ा के साथ मंगला शोभा यात्रा निकला जो की मंदिर प्रांगण से भगवती मंदिर होते हुए पुनः संकट मोचन मंदिर में संपन्न हुआ । मंगला शोभायात्रा में सैकड़ों राम भक्त सम्मलित हुए जिससे जय श्रीराम के जयकारे से पूरा करियातपुर गुंज उठा इस मंगला शोभा यात्रा के समय सभी राम भक्तों ने लाठी डंडे से अपने कला को दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ा गया। मंगला शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिला । करियातपुर रामनवमी पूजा के अध्यक्ष चंदन कुमार केसरी ने कहा कि अगला मंगला शोभा यात्रा सभी राम भक्तों के प्रयास से इससे भी भव्या तरीका से निकाला जाएगा। शोभा यात्रा के दौरान सचिव धर्मेंद्र प्रजापति कोषाध्यक्ष भीम



प्रसाद केसरी उपाध्यक्ष मुन्ना सोनी, टिंकू केसरी, अरविंद केसरी का काफी योगदान मिला शोभायात्रा में उपस्थित राम भक्त संजय केसरी, कैलाश केसरी, कमलेश कुशवाहा,अनुज केसरी, दीपक केसरी, सुजीत केसरी, अरविंद यादव, पवन केसरी, लकी केसरी, संदीप केसरी, सनी भगत, नितेश केसरी, उपेंद्र भगत, पवन केसरी, विक्रम भगत, टिंकू भगत , दीनानाथ भगत,सहित सैकड़ों राम भक्त शामिल हुए।

## संविधान विधाता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए समिति का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम सोनबरसा में 14 अप्रैल को संविधान विधाता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर पंचायत समिति निर्मल राम की अध्यक्षता एवं गोविंद राम के संचालन में बैठक किया गया। जयंती कार्यक्रम को शांतिपूर्ण सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष दिनेश कुमार रवि उर्फ गुड्डु, उपाध्यक्ष जलधारी राम, एवं आलोक कुमार सचिव हरदयाल राम, महासचिव मुनेश कुमार रवि, कोषाध्यक्ष संजय कुमार दास, मनोरंजन मंत्री राजू कुमार दास, परमेश्वर दास मीडिया प्रभारी टिंकू कुमार रवि, राजा कुमार रवि, संयोजक सदस्य निर्मल राम, कर्म राम, विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर राम, नेमधारी राम, भीखन राम, लखन राम, अंदू राम, संतोष राम,



गोविंद राम, अनिल राम, अमन कुमार दास, मुरली राम, विमल राम, उमेश राम को मनोनीत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विकास कुमार, सज्जन कुमार दास, मनोज कुमार, मिस्टर कुमार, राजेंद्र कुमार, रामनिवास भरत दास, बालेश्वर राम, जीवन राम, मीना अभय, विशेश्वर सुनील, अमित अवधेश, उपेंद्र नरेश, राकेश अनिकेत, ध्रुव राम, विवेक मुकेश, मनोज बंदूक, विजय सुनील,

## हिंदू नव वर्ष के अवसर पर वार्ड नम्बर 4 का भ्रमण किया गया

**रामगढ़ :** वार्ड नम्बर 4 रामगढ़ कैंट महादेव मंडा के प्रांगण में रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के द्वारा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर वार्ड नम्बर 4 का भ्रमण किया गया। जिसमें वार्ड नम्बर 4 के आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा सैकड़ों बच्चों को नाश्ता और पानी का वितरण किया गया। और नव वर्ष का शुभकामनाएं भी दिया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व वार्ड 4 अध्यक्ष आनंद चौधरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयोजित करता नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, नगर सह कोषाध्यक्ष नितिस दांगी, नगर सह सचिव रवि कुशवाहा,वार्ड नाश 4 मिडिया प्रभारी सतीश कुशवाहा, सह सचिव अमित कुशवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष वार्ड नंबर 4 पंकज कुशवाहा , शिव चरण महतो, पिंटू गुप्ता ,श्याम चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में फंसा

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नईसराय- सिरका मुख्य मार्ग के अरगड्डा एकाउंट ऑफिस के सामने बुधवार सुबह बालू लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे चला गया। इससे ट्रैक्टर के डाले का बाया चक्का मिट्टी में धंस गया। ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई। ट्रैक्टर को डाले उठाकर निकाला गया। बतादें कि बीते दिन ईट लदे ट्रैक्टर का बाया बड़ा चक्का टूटकर डाले में घुस गया था। जिससे भी बड़ा हादसा टल गया। लोग बताते हैं कि ट्रैक्टरों के रफ्तार और सड़कों की जर्जर के कारण अक्सर दुर्घटना के नजारे सामने आ रहे हैं।



## आदिवासी युवाओं ने अरगड्डा में लगाएं सरना झंडा

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा अंबेडकर नगर झोपड़ी व आस पास बुधवार को जय सरना ट्रस्ट से जुड़े आदिवासी युवाओं ने सरहुल पूजा को लेकर सरना झंडा लगाया। इसे ले समाजसेवी दीपक उरांव ने बताया कि आगामी 24 मार्च को सरहुल महोत्सव मनने वाला हैं। इसके लिए चौक, चौराहों पर सरना झंडा, सरहुल बैनर लगाए जा रहे हैं। मौके पर समाजसेवी दीपक उरांव, पाहन गोपाल उरांव, छोटू, दिलीप, शुभम, विशाल, कृष्णा, उदय समेत कई युवा मौजूद थे।



## कोयला नगरी अरगड्डा- सिरका में चैत्र नवरात्रि हुआ आरंभ

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयला नगरी अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार से चैत्र नवरात्र का प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा के साथ आरंभ हुआ। ब्राह्मणों द्वारा कलश स्थापना कर विधिवत पूजन करवाया गया। अरगड्डेस्वर शिव मंदिर में मां भगवती के प्रतिमा के समक्ष नवरात्र कलश स्थापना हुई। यहां पुजारी संजय इंद्र गुरु के द्वारा यजमान कुशलता निधि का पूजन संपन्न करवाया गया। माता रानी की आराधना में भक्तों ने जयकारे लगाए। माता आदिशक्ति के विभिन्न नारों से पूरा मंदिर परिसर भक्ति के स्वर से गूंजामय बन उठा।

## बरही प्रमुख मनोज रजक की अध्यक्षता में सात स्थाई समितियां गठित

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय में प्रमुख मनोज रजक के अध्यक्षता में स्थाई समितियां गठित की गई। जिसमें सामान्य प्रशासन समिति अध्यक्ष मनोज रजक, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार, सदस्य प्रभु यादव, आशा देवी, अर्चना भारती, आयशा खातून, कृषि एवं उद्योग समिति अध्यक्ष मो. तैयब, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार, सदस्य बसंती देवी, बिहारी यादव, आशा देवी, मनोज यादव, स्वास्थ्य शिक्षा समिति अध्यक्ष उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार, सदस्य आशा देवी, आयशा खातून, अर्चना भारती, पारो देवी, वित्त अंकेक्षण तथा योजना विकास समिति अध्यक्ष प्रमुख मनोज रजक, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार, सदस्य मो. यूसुफ, जितेंद्र कुमार दिव्य, नीलम कुमारी, कलावती देवी, सहकारिता समिति अध्यक्ष प्रभु यादव, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सदस्य विकास सिंह, मो. तैयब, जितेंद्र कुमार दिव्य, बिहारी यादव, कलावती देवी, महिला शिशु एवं सामाजिक कल्याण समिति अध्यक्ष उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार, सदस्य मनोज रजक, कलावती देवी, विकास सिंह, रोशन खातून, वन एवं पर्यावरण समिति अध्यक्ष विकास सिंह, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिच इंद्रवार, सदस्य रेखा देवी, जितेंद्र कुमार, मनोज यादव, देवलाल कुशवाहा, संचार एवं संपर्क समिति अध्यक्ष अख्तरी खातून, सचिव प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंद्रवार, सदस्य मो. यूसुफ, अर्चना भारती सुमिया देव, बसंती देवी को बनाया गया।

### भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में हिंदू नववर्ष मनाया गया

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के शुभ अवसर पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में हिंदू नववर्ष मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परम पूजनीय डॉ0 केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया और मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हजारीबाग विभाग के विभाग प्रचारक माननीय आशुतोष जी ने कहा कि चैत्र शुक्ल पक्ष का प्रथम दिवस है। आज ही के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ0 केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मोत्सव है। भगवान राम का राज्याभिषेक आज ही के दिन हुआ था। ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना भी आज के दिन ही की थी। इसके बाद विद्यालय के भैया-बहनों के द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाल कर हिन्दू नव वर्ष का स्वागत किया गया।

### कलश यात्रा निकाली गई

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया में श्री श्री वैष्णवी चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी,बतौर मुख्यातिथि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए.इस दौरान सभी जय मां अम्बे,जय शेरावाली माता, जय मां दुर्गा के जयकारा लगाते हुए चल रहे थे.कलश यात्रा में 751 कलशयात्री उत्तरवाहिनी बरसोती नदी तितकाही घाट से जल लेकर मंदिर प्रांगण तक कलशयात्री पहुंचे। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी,बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,बरकट्ठा मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, उप-प्रमुख सुरजी देवी, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो,पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, पुजा समिति के अध्यक्ष टिंकू प्रसाद,उपाध्यक्ष सहदेव प्रसाद,मनोहर चौधरी, अर्जुन प्रसाद,मणिलाल चौधरी,शिक्षक यमुना साव, मधुसूदन प्रसाद,दिनेश महतो , रामचंद्र चौधरी,उमेंश कुमार, लक्ष्मण चौधरी,रामसेवक प्रसाद,सीताराम प्रसाद, मुनिलाल यादव,सरयू रविदास,नारायण प्रसाद, अरुण मंडल, रामसेवक प्रसाद,सरयू राणा,जिबलाल पंडित,मनोज प्रसाद, लीलधारी प्रसाद,बुलाकी प्रसाद,भीम प्रसाद,महेंद्र प्रसाद,टुकलाल नायक,अनिमेष गौतम,सरयू महतो,हीरालाल प्रसाद, हिरामन प्रसाद,सुखलाल महतो सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## प्रशासन के नए गाइडलाइन के बाद अनशन पर बैठे रामभक्तों ने तोड़ा अनशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** रामनवमी में धारा 144,डीजे साउंड,पारम्परिक अस्त्र - शस्त्र परिचालन पर लगे प्रतिबंध व प्रथम मंगला के दौरान रामभक्तों पर हुए प्राथमिकी के खिलाफ हजारीबाग के अजय कुमार सिंह ,हिन्दू प्रचारक अमन कुमार ,बप्पी करन,रवि कुमार पाण्डेय, उमेश साव व रौशन झा अनिश्चित कालीन अनशन पर बैठे थे।बुधवार को अनशनकारियों ने प्रशासन के आश्वासन व रामनवमी संरक्षण समिति के प्रयास से छठे दिन अनशन तोडा जहाँ सदर सीओ राजेश कुमार,संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान , सदर थाना प्रभारी गणेश सिंह व लोहसिंघना प्रभारी अरविन्द सिंह ने अनशनकारियो को जल व नारियल



पानी पीला कर अनशन तुड़वाया। अनशन पर बैठे हिन्दू प्रचारक अमन कुमार ने कहा की जिला प्रशासन ने हमारी मांगों पर विचार करते हुए नए गाइडलाइन जारी किए हैं जिसके लिए हम सभी रामभक्त उनके आभारी हैं। अनशन तोड़ने के दौरान रामनवमी संरक्षण समिति का सहयोग मिला। वहीं अनशनकारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी हजारीबाग को अलग पहचान देती है और हम इस पहचान को मिटने नहीं देंगे।अनशनकारी बप्पी करण ने कहा की हमारी माँगों पर प्रशासन ने सहमति दिया है ये हजारीबाग के रामभक्तों के मनोबल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रशासन और संरक्षण समिति की सार्थक पहल पर ये संभव हो सका। मंडई

## कलशयात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री श्री 108 श्री रूद्र चंडी महायज्ञ शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के अम्बाजीत गांव में नौ दिवसीय श्री श्री 108 श्री चंडी महायज्ञ कलशयात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर नंगे पांव मंदिर परिसर से कलश लेकर गोंदलपूरा नदी से जल उठाकर धार्मिक जयकारे लगाते हुए पूरी भक्ति भाव के साथ यज्ञ स्थल अम्बाजीत मंदिर परिसर में पहुंच कर विधिवत जलकलश को रखा। जहाँ मंत्रोच्चारण के साथ सभी देवी देवताओं का आह्वान करते हुए यज्ञ कुंड में अग्नि प्रज्वलित कर महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव



विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने क्षेत्र की सुख समृद्धि कल्याण की कामना करते हुए कहा की यज्ञ होने से मन मस्तिक व सुख शांति आती है। साथ ही साथ देवयज्ञ इसका मुख्य अंग अग्निहोत्र है, इससे वायु, जलवृष्टि, पृथ्वी और अनेक भौतिक पदार्थो की शुद्धि होती है। शुद्ध वायु मण्डल से सभी सत्पुरुषों तथा अन्य प्राणियों को भी लाभ पहुँचता है।

इस प्रकार देवयज्ञ का करना परोपकार का और जनता की सेवा का कार्य है। ज्ञात हो कि रूद्र चंडी महायज्ञ 22 मार्च से कलश यात्रा के साथ शुरू होकर 30 मार्च को पूर्णाहुति एवं भक्ति जागरण के साथ संपन्न होगी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, गुरुवार , 23 मार्च 2023| पेज



## लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का स्मार्टफोन रियलमी सी 55 का हुआ अनावरण

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड, रियलमी ने सी-सीरीज़ में अपने सबसे नए उत्पाद, रियलमी सी55 का अनावरण किया। यह 64 मेगापिक्सल के कैमरा और 33 वॉट की चार्जिंग के साथ एंट्री लेवल में नया चैंपियन है। अत्याधुनिक विशेषताओं, स्लीक डिज़ाइन और



शक्तिशाली प्रदर्शन के साथ रियलमी सी55 उन ग्राहकों को आकर्षित करेगा, जो बेहतरीन स्टाईल और फंक्शनलिटी के साथ शानदार स्मार्टफोन चाहते हैं। लॉन्च के अवसर पर माधव शेठ, सीईओ, रियलमी इंडिया, वीपी, रियलमी और प्रेसिडेंट, रियलमी इंटरनेशनल बिज़नेस ने कहा, ''एक ब्रांड के रूप में रियलमी अपने यूज़र्स को लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उनकी जीवनशैली के अनुरूप हो। ब्रांड-न्यू स्ट्रेट्जिक अपडेट्स के साथ सी-सीरीज़ स्मार्टफोन की यह नई श्रृंखला लीप-फॉरवर्ड टेक्नॉलॉजी के साथ इस सेगमेंट का नेतृत्व करेगी और चार प्रमुख क्षेत्रोंं- कैमरा, स्टोरेज, चार्जिंग और डिज़ाइन में टेक्नॉलॉजी को विशाल जनसमूह तक पहुँचाएगी। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमने रियलमी सी55 पेश किया है। हमारी इस लेटेस्ट पेशकश में बेहतरीन मूल्य में शक्तिशाली प्रदर्शन मिलता है। अपने स्लीक डिज़ाईन, शानदार परफॉर्मेंस, और अभूतपूर्व विशेषताओं के साथ रियलमी सी55 उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो अपने स्मार्टफोन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। रियलमी की नई सी-सीरीज़ में सी का मतलब चैंपियन है। हम स्ट्रेट्जिक अपग्रेड्स के साथ ऐसी डिवाईस लाए हैं, जिससे बेहतरीन परफॉर्मेंस मिलती है, और युवा पीढ़ी का व्यक्तित्व एवं स्टाईल प्रदर्शित होते हैं। हमारा यकीन है कि रियलमी सी55 नए मानक स्थापित कर देगा और इस सेगमेंट में बेहतरीन स्मार्टफोन प्रदान करेगा।

## फ्लिपकार्ट ने पुराने एयर कंडीशनर्स के लिए शुरू किया एक्सचेंज प्रोग्राम

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज अपने प्लेटफॉर्म पर पुराने एयर कंडीशनरों के लिए एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। यह ऑफर ग्राहकों को अपने पुराने एसी को सर्वोत्तम मूल्य पर एक्सचेंज करने के लिए आसान और विश्वसनीय प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। यह प्रोग्राम सभी तरह के एयर कंडीशनर पर लागू होगा। इस ऑफर को देश भर में फ्लिपकार्ट की पहुंच वाले सभी पिन कोड वाले इलाकों में शुरू किया जाएगा। 5 साल पहले खरीदे गए एयर कंडीशनर की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक ऊर्जा कुशल नए बीईई (ऊर्जा दक्षता ब्यूरो) 2022 रेटेड एयर कंडीशनर में अपग्रेड करने से एसी को चलाने का खर्च कम करने में मदद मिलेगी, जिसके परिणामस्?वरूप ग्राहक ज्यादा बचत करने में सक्षम होंगे। टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध होने के नाते फ्लिपकार्ट ने उत्पन्न स्क्रैप के सुरक्षित और जिम्मेदार निपटान को सुनिश्चित करने के लिए प्रमाणित ई-कचरा रीसाइक्लिंग कंपनियों के साथ साझेदारी की है।

## लपरा शिव मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा,माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा किया गया

**ख़लारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिव मंदिर लपरा में चैती दुर्गा पूजा के प्रथम दिन माता शैलपुत्री गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी. कलश स्थापना के उपरांत पंडित लल्लु पाठक व जय प्रकाश पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के बाद कलश



यात्रा में महिलाएं व युवक्तियाँ शामिल हुये. इस कलश यात्रा में लपरा पंचायत के मुखिया पुतुल देवी भी शामिल हुई. कलश में जल उठाने से पहले सभी श्रद्धालु महिलाओं ने वरुण देव आह्वान के पश्चात लपरा शिव मंदिर परिसर से जल लेकर माता के जयकारे लगाते हुए ग्राम भ्रमण करते हुए लपरा देवी मंडप गये. मंडप पर पंचकर्मा कर देवी मंडप से वापस शिव मंदिर परिसर पहुँचे. कलश को लपरा दूर्गा मंडप परिसर में रखा गया. पुरोहितों के वैदिक मंत्रोचार के कशल स्थापना के साथ माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की गई।

# जगदेव बाबू की प्रतिमा से नहीं होगा छेड़छाड़ : महापौर

**रंग लाया महापौर अरुणा शंकर का प्रयास,जगदेव विचार मंच के तत्वावधान में चल रहा अनिश्चिकालीन आन्दोलन हुआ समाप्त**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डालटनगंज :** महापौर अरुणा शंकर का रंग लाया। बीसफुटा पर लगी जगदेव प्रसाद की प्रतिमा से छेड़छाड़ का आरोप लगाकर जगदेव विचार मंच के तत्वावधान में चल रहा अनिश्चिकालीन आन्दोलन समाप्त हो गया। मेयर अरूणा शंकर द्वारा मौके पर पहुंचकर मंच की मांगों को मान लेने पर आन्दोलन समाप्त करने का निर्णय लिया गया। बता दें कि जगदेव विचार मंच द्वारा सुंदरीकरण के बहाने बीसफुटा चौक पर लगी जगदेव प्रसाद की प्रतिमा से छेड़छाड़ का आरोप लगाकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। तीसरे दिन आन्दोलन चल रहा था। इसी क्रम में मेयर अरूणा शंकर मौके पर पहुंची। मंच की सभी मांगों



को मानते हुए महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि हमारी कहीं से मनसा किसी भी समाज के लोगों को आहत करने का नहीं है। मैं हर समाज का सम्मान करती हूं। महापौर अरुणा शंकर ने कुशवाहा समाज के भाइयों को अस्वस्थ कराया कि किसी चौक चौराहे से किसी प्रतिमा को हटाने का सोच न तो पहले रखती थी और ना ही आज है। बीसफुटा चौक पर जगदेव बाबू की ही प्रतिमा लगेगी। किसी तरह का छेड़छाड़ नहीं किया जाएगा। साथ ही इस चौक का नामकरण भी शहीद जगदेव प्रसाद के नाम पर किया जाएगा। धरना की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत मेहता ने की, जबकि संचालन रवि पाल ने किया।कार्यक्रम में कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश महतो, बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, रास्ट्रीय जनता दल के रामनाथ चन्द्रवंशी, आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार, बिजय मेहता, फुलन बिचार मंच के शैलेश चन्द्रवंशी, शत्रुधन कुमार शत्रु, राजेश रौशन, प्रकाश कुमार, राहील राज, मुकेश मेहता, साहील साहनी, प्रदीप पाण्डेय, आजसू महिला संघ की जिलाध्यक्ष प्रमिला मेहता, पूर्व विधायक शिव पूजन मेहता आदि उपस्थित थे।

## खूंटी जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य करने पर कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला वार आरक्षण रोस्टर जारी होने के बाद यह पता चला कि खूंटी जिला में ओबीसी को शून्य कर दिया गया है बहुत ही अफसोस और दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि खूंटी जिला में ओबीसी की संख्या अच्छा खासा है और खूंटी जिला शून्य मे चला गया है मैं सोनू इमरान खूंटी जिला ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष होने के नाते विगत 3 वर्षो से लगातार धरना प्रदर्शन करते आ रहा हूं और क्षेत्र में जनता के बीच यह संदेश भी दे रहा हूं कि खूंटी जिला में ओबीसी की आरक्षण को शुन्य किया गया है उसे कांग्रेस पार्टी द्वारा खूंटी जिला में ओबीसी आरक्षण को हर हाल में लागू करवाया जाएगा इस संबंध में मैं प्रदेश अध्यक्ष माननीय राजेश ठाकुर जी और झारखंड कांग्रेस प्रभारी माननीय अविनाश पांडे जी को पूर्ण जानकारी दिया था और उनके द्वारा आश्वासन भी मिला था कि खूंटी जिला को उसका अधिकार मिलेगा लेकिन आरक्षण रोस्टर निर्गत होते ही अपने आप को मैं ठगा हुआ महसूस कर रहा हूं और जनता के बीच जाने में शर्म आ रही है जनता के द्वारा सवाल पूछे जा रहे हैं जिसका उत्तर हमारे पास नहीं है ऐसी स्थिति में आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा अगर खूंटी जिला में ओबीसी को 27त्न का आरक्षण नहीं मिलता है तो इस कठिन परिस्थिति में मैं ओबीसी कांग्रेश खूंटी जिला के पद से अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ इस्तीफा दे दूंगा और इसकी सारी जिम्मेवारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस और झारखंड कांग्रेस प्रभारी के ऊपर होगी।

## स्वयंसेवी सामाजिक संगठन के लोगो ने रोड निर्माण की कंपनी पर कार्रवाई करने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ख़लारी :** ख़लारी डेवलोपमेन्ट ऑर्गनाइजेशन (एक स्वयं सेवी सामाजिक संगठन) ने ख़लारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी को सामाजिक संगठन के लोगो ने पत्र देकर सड़क निर्माण करने वाले कंपनी पर कार्रवाई करने की मांग किया. पत्र के माध्यम से बताया गया कि बीते रात्रि 21 मार्च को हुई भयंकर सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गयी. इसका मुख्य कारण रोड निर्माण कर रही कंपनी के द्वारा जैसे तैसे कार्य कर के निकल जाने के कारण बताया जा रहा है. सड़क (एस एच -7) बिजुपाड़ा से लेकर टंडवा तक झारखंड राज्य राज्यमार्ग प्राधिकरण कर तहत निर्माण करायी जा रही थी. सड़क निर्माण करने में संवेदक के द्वारा टर्निंग (घाटी व घुमावदार) है,अथवा उस जगह रोड संकीर्ण भी



छोड़ दिया गया था. और कंपनी उसी रोड पर जैसे तैसे कालीकरण करके पुराने ही रोड में चकचक कर सुचारू कर दिया गया. साथ ही घुमावदार टर्निंग में दोनों ओर रेलिंग का पोल भी नही लगाया गया है. इन कारणों से बीते रात्रि बोलेरों वाहन सड़क छोड़ कर खाई में गिर गया. जिससे दो लोगो की मौत मौके पर हो गया था. बाकी तीन घयाल है. इन कारणों को ध्यान में रखते हुये ख़लारी के जनप्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी से रोड निर्माण में गड़बड़ी की जाँच की मांग किया व भारतीय कानून के तहत मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग किया गया. मौके पर रिजवान, इफ्तेखार आलम, रिजवी, अजमतुउल्लाह,मो मुस्ताक अहमद,रफीक खान, अब्दुल्ला, हफीज, शमीम, तौफीक अंसारी, अख्तर अंसारी, सोमीद मंसूरी,सज्जाद अंसारी, मुनीता उरांव,मो फरहान,अदनान मलिक सहित अन्य शामिल थे।

## धूमधाम के साथ मनाया गया हिंदू नव वर्ष

## हमलोगों को गर्व है हमारी संस्कृति पर हमें नव वर्ष गर्व से मनाना चाहिए : गोपाल मिस्त्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ख़लारी :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में हिंदू नव वर्ष धूमधाम से मनाया गया. नव वर्ष का शोभा यात्रा विद्यालय प्रागंण से शरू कर डकरा मेन रोड होते हुए,शॉपिंग सेंटर,बी टाइप,पानी टंकी,गुरुद्वारा चौक होते हुये पुनः स्कूल प्रांगण पहुँचे. इससे पूर्व विद्यालय के विद्यार्थियों को बाल रूप सज्जा में भारत माता, राजा विक्रमादित्य, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को बना कर संपूर्ण डकरा भ्रमण कराया गया. शोभा यात्रा में विद्यार्थियों का घोष दल, आरएसएस के स्वयं सेवक, शिक्षक-शिक्षकेतर भी शामिल थे. शोभा यात्रा होने के पश्चात् संघ लगाकर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित करने के साथ प्रार्थना, शुभाषित, एकल गीत, एवं उदबोधन का कार्यक्रम किया गया. उद्बोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने भारतीय हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की असीम कृपा हमेशा हम सभी पर बनी रहें. नव संवत्सर आप सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, धन, वैभव एवं उत्तम फल लेकर आएं. साथ ही साथ उन्होंने हिंदू धर्म के शक संवत, विक्रम संवत,कलेंडर के महत्व को समझाय एवं कहा कि हमलोगों को गर्व है हमारी संस्कृति पर हमें नव वर्ष गर्व से मनाना चाहिए।

## रामनवमी को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महेश्वर धाम मंदिर हेसला के प्रांगण में ग्रामीण भक्तों ने रामनवमी को लेकर बैठक आयोजित किया। जिसमें निर्णय लिया कि समाजसेवी, भक्तजन रामनवमी झांकी भ्रमण से लेकर लोगों के सहयोग लेने तक जिम्मेवारी संभालेंगे। इसमें वाहन में मूर्ति भ्रमण, ताशा पार्टी और पूजा व्यवस्था, सजावट, समियाना, कुर्सी, ढाक बाजा, खेल प्रतियोगिता अहम हैं। साथ ही हेसला महुआटांड़, जामुनटाड़ कानाटाड़ में भी ठराव व्यवस्था रखना शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता नप अध्यक्ष युगेश बेदिया और संचालन प्रदीप प्रजापति ने किया।

## जान्हवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नव वर्ष पर मुख्य द्वार का शिलान्यास किया गया

**ख़लारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जाह्नवी सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर मैकलुस्कीगंज प्रांगण में हिन्दू नव वर्ष प्रतिपदा समारोह पूर्वक मनाया गया. इस नव वर्ष में विद्यालय मुख्य द्वार का शिलान्यास मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, लपरा मुखिया पुतुल देवी, विद्यालय के अध्यक्ष जितेन्द्रनाथ पाण्डेय, सचिव सरजु प्रसाद साहू, सह सचिव दीपक प्रसाद साहू कोषाध्यक्ष कुलदीप साहु, सदस्य पंकज कुमार प्रसाद एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन कुमार गुप्ता के करकमलों के द्वारा किया गया. इससे पूर्व हिन्दू नव वर्ष को लेकर विद्यालय के विद्यार्थियों ने भारत माता की जय घोष का नारा लगाते हुये पूरे नगर भ्रमण किया गया. विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण से शरूआत करते हुये धुर्वा मोड़,लपरा,मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन होते हुये पुनः विद्यालय प्रांगण पहुँचे. नव वर्ष शोभा यात्रा में विद्यालय के भैया-बहनों के साथ



विद्यालय के प्रबंधकारिणी के अधिकारीगण एवं आचार्य दीदीजी प्रभात फेरी में शामिल हुए. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमाशंकर सिंह, संजय प्रसाद, ममता गुप्ता, सरिता गुप्ता, विजय कुमार, संतोष मुंडा, सुशीला कुजूर, पिंकी कुमारी जीति कुमारी, संजू कुमारी एवम मानती देवी का सराहनीय एवं योगदान रहा।


### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक.......................... **बन्दोबस्ती सूचना** खूँटी, दिनांक....................

वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए डेली मार्केट, खूँटी का बन्दोबस्ती के लिए दिनांक 25.02.2023, 10.03.2023 एवं 18.03.2023 को तिथि निर्धारित किया गया था। दिनांक 18.03.2023 को बन्दोबस्ती में भाग लेने के लिए एक व्यक्ति के द्वारा आवेदन पत्र जमा किया गया है। एकल आवेदन होने के कारण इस का डाक नहीं हुआ। इसकी बन्दोबस्ती के लिए अगली तिथि 28.03.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे निर्धारित की जाती है।

अतः बन्दोबस्ती लेने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक 27.03.2023 को समय 5.00 बजे अपराह्न तक अपना आवेदन पत्र जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में प्रधान सहायक के पास जमा कर सकते हैं। सैरात की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | डेली मार्केट | 17,65,000/- | 1,76,500/- |

बन्दोबस्ती संबंधी नियम एवं शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 293300 Urban Development(22-23)#D



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

**Very Short e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-34/2022-23**

**Letter no - 322 Date :- 22.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Lift Irrigation Scheme on Kewta River in Village-Padma, Block- Padma,Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs. 62,04,900.00** |
| 3. | Time of Completion | 04 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 25.03.2023 at 11:30 A.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 30.03.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 31.03.2023 at 05:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a)<br>(b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e- Procurement officer | 06546-270485<br>eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 31.03.2023 up to 2:00 P.M At office of<br>1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.<br>2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. |

Note:- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Hazaribag.**

**PR 293329 Minor Irrigation(22-23).D**



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवाश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

म–मनीष जी उर्फ मनीष यादव, पे0– प्रसाद यादव, सा0– हुलनियाँ, थाना–छकरबंधा, जिला–गया (बिहार) आप को सूचित कया जाता है कि आप भण्डरिया थाना काण्ड सं0–73/17, नांक–25.11.2017, धारा–147,148,149,341, 323, 307 भा0द0 0 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधि0 27 आर्म्स एक्ट 17 सी0एल0ए0 क्ट एवं 38/39 यू0ए0पी0 एक्ट के प्राथिमिकि अभियुक्त है, उक्त ाण्ड में फरार है। माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी, श्री कृष्णा ोहरा, प्रथम श्रेणी, गढ़वा के द्वारा आपके विरुद्ध इश्तेहार निर्गत कया गया है, किन्तु आप अपने स्थाई पता से फिरार है आपको चित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब ात्मसमर्पण करना सूनिश्चित करे।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

R.NO.293295 Police(22-23):D



### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id: lohardagazilaparisad@gmail.com

**ई-निविदा (अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

निविदा संख्या – 48/2022–23 दिनांक 22.03.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा | राजकीय बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा में छः कमरा एवं शौचालय निर्माण कार्य | 5779200.00 | 10000.00 | 115584.00 | 04 (चार) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.03.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 30.03.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 31.03.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 31.03.2023/05:00 बजे अपराह्न
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 293309 Lohardaga (22-23)_D



### श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी का कार्यालय, चतरा

**-: सूचना :-**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, चतरा द्वारा दिनांक 26.03.2023 को जवाहर लाल नेहरू स्टेडीयम हेलीपैड़ ग्राउण्ड में कौशल मेला का आयोजन किया जा रहा है। कौशल मेला में SKILL DEVELOPMENT, LIVELIHOOD, APPRENTICESHIP एवं ENTREPRENEURSHIP से संबंधित विषयों की जानकारी का प्रचार – प्रसार किया जाएगा।

इच्छुक युवक एवं युवतियाँ दिनांक–26.03.2023 को सुबह 10:00 बजे कौशल मेले में आ कर SKILL DEVELOPMENT, LIVELIHOOD, APPRENTICESHIP एवं ENTREPRENEURSHIP से संबंधित विषयों में प्रशिक्षण हेतु निबंधन करा सकते हैं साथ ही रोजगार एवं स्वारोजगार से जुडने का सुनहरा मौका प्राप्त कर सकते है।

श्रम अधीक्षक–सह–
जिला कौशल पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.293389 Labour Employment and Traning(22-23):D



### कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची

शिक्षा विभाग परिसर, पो0–कोर्ट कम्पाउण्ड, राँची–834001, फोन– 2215544, ईमेल न0– rmsaranchi0651@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 814 दिनांक 14.03.2023 के आलोक में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर Cont. Case No-612/2022 में दिनांक 15.12.2022 को पारित अंतिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग राँची के विज्ञापन संख्या – 21/2016 के तहत अनुसूचित जिलों में नियुक्ति हेतु लंबित अनुशंसा उपलब्ध कराये गये सूची के अनुरूप स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक (सीधी भर्ती) एवं झारखण्ड सरकार के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु राँची जिले के संस्कृत विषय के संसुचित रिक्ति के विरूद्ध चयनित अभ्यर्थियों की काउंसेलिंग हेतु दिनांक 25/03/2023 को तिथि निर्धारित की जा रही है।

**काउंसेलिंग हेतु वांछित कागजात :–**

1. प्रवेश पत्र
2. शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं स्वभिप्रमाणित छाया प्रति (02 प्रतियों में)
3. प्रशिक्षण प्राप्त संस्थान की मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र।
4. आवासीय प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्वभिप्रमाणित छाया प्रति (02 प्रतियों में)
5. जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्वभिप्रमाणित छाया प्रति (02 प्रतियों में)
6. पासपोर्ट साईज फोटो – 4
7. अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र की मूल प्रति (झारखण्ड राज्य के सरकारी प्रारम्भिक विद्यालय के शिक्षक के लिए एवं)।
8. निःशक्ता संबंधी प्रमाण पत्र की मूल प्रति (निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए) एवं स्वभिप्रमाणित छाया प्रति (02 प्रतियों में)

**संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि सभी प्रमाण पत्रों के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी, राँची कार्यालय में काउंसेलिंग हेतु उपरोक्त निर्धारित तिथि में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।**

जिला शिक्षा पदाधिकार
राँची

PR 293310 (Human Resource Developement) 22-23 (D)



### Govt. of Jharkhand, Energy Department
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165, E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice (Urgent)**

**Tender Reference No. : 45/JREDA/GCRT/CMC/22-23** **Dated: 21.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | **Selection of Agencies for Five Years Comprehensive Maintenance Contract & Operation (CMCO) of Grid Connected Rooftop Solar Power Plants including replacement of PCUs and Batteries and other components as required installed at following KGBV under East Singhbhum, Jharkhand:**<br>i. KGBV, Jamshedpur<br>ii. KGBV, Patmada<br>iii. KGBV, Ghatshila<br>iv. KGBV, Chakulia<br>v. KGBV, Dhalbhumgarh<br>vi. KGBV, Dumria<br>vii. KGBV, Potka<br>viii. KGBV, Bahragora |
| 2 | Completion of work | **60 (Sixty) Days** |
| 3 | Period of contract | **05 (Five)Years** |
| 4 | Date of publication of NIT on website: http://jharkhandtenders.gov.in | **23.03.2023 (Thursday)** |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | **28.03.2023 (Tuesday)** at 1.00 P.M. |
| 6 | Last date & time for receipt of online bids | **10.04.2023 (Monday)** upto 05:00 P.M. |
| 7 | Submission of original copies of Bid fee & EMD (Offline) | **10.04.2023** and **11.04.2023** up to 5.00 P.M. |
| 8 | Technical Bid Opening Date & Time | **12.04.2023 (Wednesday)** at 03:00 PM |
| 9 | Name & address of office inviting tender | Director,<br>Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA)<br>3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 10 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491167/68/61/9570086777 |
| 11 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491167/68/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com. Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

**Sd/-**
**Director, JREDA, Ranchi**

PR 293346 Energy (22-2)_D

प्रभात मंत्र

धनबाद/गिरिडीह

रांची, गुरुवार, 23 मार्च 2023 | पेज 10

## माना पाठक ने आर्थिक मदद के साथ किया श्रमदान



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के विभिन्न गांवों में इन दिनों मंदिर निर्माण कार्य जोरों पर है कार्यकर्ताओं के सूचना पर जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने आज बुधवार को पहुंच कर आर्थिक मदद की एवं अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर श्रमदान भी किया। बताया जाता है कि मनियांडीह थाना क्षेत्र के जीतपुर गांव में एवं गोविंदपुर प्रखंड के लूसाडीह में मंदिरों का ढलाई कार्य इन दिनों जोरों पर है। जबकि माना पाठक के यहां सोमवार से ही कलश यात्रा के साथ नवाहपरायण पाठ प्रारंभ हो चुका है फिर भी समय निकाल कर टुंडी के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच कर आर्थिक मदद करने के साथ साथ श्रमदान भी किया एवं भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट किया। मौके पर उनके निजी सचिव मुरारी सिंह चौधरी, रामप्रसाद चौधरी, अरविंद ठाकुर,संजय ठाकुर, वकील महतो,रामकिशुन मोहली, सुभाष चन्द्र तिवारी, मंजीत तिवारी, चितरंजन कुमार के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व जल दिवस : अब्दुल कयूम अंसारी मेमोरियल वूमेन कॉलेज में सम्मेलन का आयोजन



**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** अब्दुल कय्यूम अंसारी मेमोरियल वूमेन कॉलेज में विश्व जल दिवस के अवसर पर प्रोफेसर राहत सना (जियोग्रफी विभाग) के नेतृत्व में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे कई छात्राओं ने पानी के महत्व और उसके संरक्षण पर अपने अपने विचार प्रकट किए। छात्राओं मे मुख्य रूप से लूबना, नगमा, साबरीन, कहकशां, सानिया, सूमैया, आसमा, गुलफशां, सीमा आदि ने जल संरक्षण एवं उसकी महत्वता, उपयोगिता और विशेषता पर अपनी बातों को रखा। कॉलेज के अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने इस पहल को सराहा और छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर कॉलेज की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक नागेंद्र महतो

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम



भलुआ, सिरमाडीह एवं गजोडीह में महायज्ञ के प्रारंभ में निकाले गये कलश यात्रा में बगोदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो भी शामिल हुए. इस बीच उन्होंने कहा कि इस तरह के महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य है कि मानव जाति के सुख शांति और समृद्धि वैभव कि पूर्ति की कामना करना. इस प्रकार के आयोजनों से मानव समाज में फैली मानसिक विकृतियां दुर होती है, और समाज के लोगों को नई सकारात्मक ऊर्जा मिलती है. धर्म हमें अच्छे कर्म करने की प्रेरणा देती है. मौके पर अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, मुखिया सत्येंद्र राउत, रामकृष्ण वर्मा, अशोक कुशवाहा, रिटायर्ड शिक्षक बुधन महतो, अक्षय कुमार शाक्य, विवेक वर्मा, गुलाब मंडल, गणेश मंडल, बानो साव, बिनोद वर्मा, गिरधारी साव, जितेंद्र साव, रामेश्वर साव, दामोदर साव, रीतलाल मंडल, बैजनाथ मंडल, सोनू कुमार साव, बजरंगी साव,समेत हजारों की संख्या में महिलाऐं पुरुष उपस्थित थे।

## जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड में बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए पोबी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि लखन दास ने संबोधित करते हुए कहा कि जल के बगैर पृथ्वी पर किसी का कोई अस्तित्व नहीं रह जायेगा।

## नवरात्रि मेला के अवसर पर विंध्याचल स्टेशन पर रुकेगी पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** चैत्र नवरात्रि मेला के अवसर पर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रद्धालु यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 12141/12142 लोकमान्य तिलक-पाटलिपुत्र-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस का दिनांक 22.03.2023 से 01.04.2023 तक विंध्याचल स्टेषन पर 02 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है ।

# देवरी : नवजात बच्चे की हुई मौत, परिजनों ने लगाया पुलिस पर कुचलने का आरोप

### वारंटी को गिरफ्तार करने गई थी पुलिस, लिखित शिकायत कर की गई कार्रवाई की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवरी :** देवरी थाना क्षेत्र के कोशोगोंदो दिघी गांव में चार दिन पूर्व जन्मे नवजात बच्चे की मौत हो गई है। घटना से जहां परिजनों में मातम है, वहीं परिजनों व ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। परिजनों का आरोप है कि नवजात की मौत वारंटी की तलास में आई देवरी पुलिस के कुचले जाने से हुई है। इसे लेकर मृत नवजात के पिता ने देवरी पुलिस के खिलाफ लिखित शिकायत भी की है साथ ही उन पर मारने व शिकायत न करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जांच शुरू हो गई है। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो व इंस्पेक्टर सहदेव प्रसाद पहुंच कर जांच में जुट गए हैं। जानकारी देते हुए मृत नवजात के परिजनों ने बताया कि भूषण पांडेय को गिरफ्तार करने के लिए बुधवार की अहले सुबह देवरी थाना प्रभारी संगम पाठक के नेतृत्व में पुलिस की टीम उनके घर आई थी। पूरे घर में भूषण पांडेय को खोजा जा रहा था। पुलिस को देखते ही सभी सदस्य घर को छोड़ कर निकल गए थे। इस दौरान चार दिन पूर्व जन्मा नवजात ही घर के कमरे में बिस्तर पर सो रहा था। पुलिस के जाते ही जब वे घर पहुंचे तो बच्चे के शरीर में कोई हलचल होते उन्हे नही मिला। खोजबीन के दौरान किसी पुलिस वाले के पैर के नीचे दबने से मासूम की मौत हो गई। वहीं मृत नवजात के दादा सह वारंटी भूषण पांडेय का कहना है कि पुलिस को आता देख वह घर छोड़ कर भाग गया था। जिसके बाद पुलिस घर के एक एक कमरे की तलाशी लेती रही। नवजात को छोड़ महिला भी कमरे से बाहर निकल गई जिसके बाद पुलिस कर्मी नवजात के कमरे में भी पहुंच कर उसे तलाशती रही। पुलिस द्वारा नवजात के चौकी पर भी चढ़कर घर के ऊपरी हिस्सों की तलाशी लिया जाता रहा। इसी क्रम में बिस्तर पर सोए नवजात बच्चे को भी पुलिस ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। इधर डीएसपी संजय राणा ने बताया कि पूरी घटना की पड़ताल की जा रही है। जांच के पश्चात ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। वही घटना की सुचना पर जिला परिषद सहित कई प्रतिनिधि और समाजसेवी पहुंचे।

## बाबाधाम जाने के दौरान गिरिडीह में रुके राज्यपाल, दिया गया गार्ड ऑफ ओनर



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सूबे के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बुधवार को कुछ देर के लिए गिरिडीह में रुके। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ओनर दिया गया। यहां पर अधिकारियों से बात करने के बाद उनका काफिला देवघर के लिए निकल गया। बताया गया कि बुधवार की सुबह ही राज्यपाल रांची से देवघर के लिए निकले थे। रास्ते में गिरिडीह के परिसदन भवन में रुके।उनके स्वागत के लिए जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी अमित रेणू, एसडीओ विशालदीप खालको, डीएसपी संजय राणा व एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। दूसरी तरफ सुरक्षा का पुख्ता इंतज़ाम भी किया गया था। जिस मार्ग से राज्यपाल गुजरे वह इलाक़ा नक्सल प्रभावित है ऐसे में सदर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, मुफ़्फ़सिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, नगर थाना प्रभारी रामनारायण चौधरी डटे हुए थे।

## ठनका गिरने से बालक की मौत, परिजनों से मिले पूर्व विधायक नागेंद्र महतो



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को बगोदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पडरमनिया पहुँच कर वज्रपात से मृत बालक के परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया. आपको बता दें कि गत मंगलवार की शाम को वज्रपात की चपेट में आ जाने से इसी गाँव निवासी गिरधारी मंडल के 13 वर्षीय पुत्र कुंदन मंडल का निधन हो गया था. इस बीच महतो ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया. सरकारी प्रावधान के अनुसार जो भी लाभ है पीड़ित परिवार को मिले इसके लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा. मौके पर जिप सदस्य सूरज सुमन, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि बबलू मंडल, राजु रजक, मंगर मंडल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बिजली विभाग के क्वार्टरों पर कब्जा, खाली करने को दिया नोटिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बिजली विभाग के क्वार्टरों पर बाहर के लोगों ने कब्जा कर रखा है। इसमें तीन विभाग के कर्मी और 17 बाहरी लोग है। इन कर्मियों का हाउस रेंट कट रहा है।

जर्जर क्वार्टरों में कुल 20 परिवार रह रहे हैं। विभाग ने आदेश जारी कर कहा कि जितनी जल्दी हो सके, सभी क्वार्टर खाली कर दें अन्यथा जो भी घटना घटेगी, इसकी जिम्मेवारी बिजली विभाग की नहीं होगी।

यह सभी क्वार्टर धनबाद डिवीजन कार्यालय व सदर थाना के पीछे हैं।

## धनबाद विद्युत महाप्रबंधक से मिले संतोष कुमार सिंह



**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ):** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त बिजली से संबंधित समस्याओं के निराकरण को लेकर धनबाद विद्युत महाप्रबंधक हरेंद्र सिंह से मिले। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जिला के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली से संबंधित विषयों पर बिजली जीएम से सकारात्मक वार्ता हुई। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का निराकरण अविलंब कर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली की दुरुस्त व्यवस्था की जाएगी। आगे सिंह ने कहा कि महाप्रबंधक को जिला कांग्रेस के मांग पर विद्युत महाप्रबंधक ने धनबाद, झरिया, टुंडी, गोविंदपुर, विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर लगाने के साथ-साथ बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण करने के लिए उनके प्रति आभार जताया।कई क्षेत्रो मे अंडरग्राउंड बिजली केबल को चालू करने मे आ रही दिक्कतो पर भी चर्चा हुई। कुछ अधिकारियो के द्वारा गरीब उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किए जा रहे हैं। उसकी भी जानकारी महाप्रबंधक को दिया गया।

## बांस के उत्पाद लेकर आए शिल्पकारों ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गांधी शिल्प बाजार में शिल्पकार बांस और बेंत से बने उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। इन उत्पादों को बनाकर एक तरफ जहां प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल के नारे को चरितार्थ कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्लास्टिक से दूर रह कर इन उत्पादों के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश भी दे रहे हैं। गांधी शिल्प बाजार में चार अलग अलग स्टाल है जिनमे असम, देवघर और धनबाद के बलियापुर के शिल्पकार अपने उत्पाद के साथ पहुंचे हैं। प्रशिक्षित बांस के शिल्पियों को गांधी शिल्प बाजार धनबाद में मार्केट उपलब्ध कराया जा रहा है। पालोजोरी, देवघर से आए मुकेश कुमार मोहली के स्टाल में बांस के सामानों जैसे उपहार बॉक्स, टोकरी, लेम्प, गृह सज्जा, पैकेजिंग और भी जीवन शैली के कई उत्पाद हैं। लेम्प में हैंगिंग लेम्प, टेबुल लेम्प, कलर लेम्प, पाईन एप्पल लेम्प आदि 15 से 20 तरह के लेम्प 100 से 1600 रू तक के रेंज में है। 50 से 400 रू तक के कई और भी उत्पाद हैं।

## माइंस में कार्य कर रहे मजदूर की मौत

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप पुलिस कर रही जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** विधानसभा अंतर्गत देवरी थाना इलाके के किसगो में संचालित माइंस में काम कर रहे एक युवक की संदेहास्पद मौत का मामला सामने आया है। वहीं परिजनों ने युवक के हत्या का आरोप लगाया है। मृतक कोडरमा जिले के डोमचांच स्थित लेंगरापीपर निवासी 23 वर्षीय अनोज कुमार राम था। घटना को लेकर मृतक के भाई सनोज कुमार राम ने देवरी थाना पुलिस को आवेदन देकर अपने भाई के हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। दिए आवेदन में लिखा है कि उसका भाई धर्मेंद्र कुमार यादव के माइंस में 6 महीने से पोकलेन मशीन चलाने का काम कर रहा था। इसी दौरान मंगलवार की शाम 6 बजे उन्हें फोन कर सूचना दी गई कि भाई राजधनवार के अस्पताल में भर्ती है। सूचना पर जब वे 10 बजे रात में परिजनों के साथ पहुंचे तो पता चला कि उसके भाई की मौत हो गई है। आरोप लगाया कि मौत के बाद न माइंस मालिक धर्मेंद यादव वहां आया और न ही पोकेलन मशीन का मालिक संजय साव। कहा कि धर्मेंद्र यादव ने उसे झूठी जानकारी दी कि उसका भाई वज्रपात से घायल हुआ है और उसे इलाज के लिए रांची ले जा रहा है। आंशका जताई है कि उसका भाई की मौत वज्रपात से नहीं, बल्कि उसकी हत्या कर दी गई है। वहीं आवेदन पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही आगे की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# सड़क निर्माण में हो रही अनियमितता को ले एगारकुंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने बंद करवाया निर्माण कार्य



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद (डीएमएफटी) से निरसा विधानसभा क्षेत्र के एगारकुंड प्रखंड अंतर्गत एगारकुंड पंचायत क्षेत्र के गलफरबाड़ी ओपी से बाबा सन्यासी चौराहा तक पीसीसी पथ का निर्माण करवाया जा रहा है। संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही थी। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर बीस सूत्री अध्यक्ष गोपिन टुडू पूर्व मुखिया सह बीस सूत्री सदस्य लखी देवी, बीस सूत्री सदस्य सहदेव टुडू, वार्ड सदस्यगण और ग्रामीण स्थल पर पहुंचे। वही मीडिया से बात करते हुए गोपीन टुडू ने बताया कि पीसीसी सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती जा रही है। पीसीसी ढलाई के वक्त ना तो संवेदक है ना ही अभियंता की मौजूदगी है। और तो और मिट्टी के ऊपर सीधे ढलाई, बोल्डर या किसी तरह की सोलिंग का पता तक नहीं। 5÷8÷ गिट्टी की जगह 3÷4÷ से बड़ी गिट्टी का उपयोग ढलाई में हो रहा है। यहां तक की झारखंड को छोड़ बंगाल के मेजिया, पश्चिम बंगाल का (इनफाकेम नामक) सीमेंट का उपयोग ढलाई में हो रहा है। जब ग्रामीण या जनप्रतिनिधि इसका विरोध करते है तो उन्हें वहां से भगा दिया जाता है। अभियंता से दूरभाष पर जब बात हुई तो अभियंता का जवाब संतोषजनक नहीं मिला। वही गोबिंद टुडू ने कहा कि इसकी शिकायत उपायुक्त और उप विकास आयुक्त से लिखित रूप से की जाएगी। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि ठेकेदार यहां नहीं आता है। वही मुखिया अजय कुमार राम ने इस मामले में कहा कि पंचायत के ग्रामीणों, संवेदक व अभियंता के बीच बैठकर वार्ता हुई और सड़क निर्माण कार्य की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। अनियमितता का जो मामला सामने आया है उसके बारे में मैं अपने स्तर से जांच करूंगा और किसी तरह की अनियमितता पाए जाने पर दोषियों पर कारवाई की जाएगी।

## असर्फी हॉस्पिटल लिमिटेड में मेडिकल व सर्जिकल ऑन्कोलॉजी पर स्वास्थ्य वार्ता



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** असर्फी हॉस्पिटल लिमिटेड की ओर से असर्फी हॉस्पिटल कांफ्रेंस हॉल में हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. पराग रॉय, एमडी (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) थे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिर और गर्दन के कैंसर को रोकने के कारणों और निवारक उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करना और असर्फी अस्पताल के डॉक्टरों और ग्रामीण चिकित्सकों के बीच की खाई को पाटना था। इस कार्यक्रम में धनबाद और उसके आस-पास के क्षेत्रों के आयुष और ग्रामीण चिकित्सा के चिकित्सकों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है की धनबाद स्थित असर्फी अस्पताल वर्ष 2008 से झारखंड के शीर्ष श्रेणी के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता में से एक है। अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ 250 ऑपरेशनल बेड हैं जिसमे संपूर्ण स्पेशलिटी और सुपरस्पेशलिटी सेगमेंट की सुविधायें हैं। असर्फी हॉस्पिटल लिमिटेड में ऑन्कोलॉजी विभाग अब मेडिकल और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के साथ काम कर रहा है तथा झारखंड और आसपास के राज्यों का अल्टीमेट हेल्थकेयर डेस्टिनेशन है।

## ऑल इंडिया साबिले हुसैन ट्रस्ट ने शगुफा प्रवीण को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सदर ऑल इंडिया साबिले हुसैन ट्रस्ट ने शगुफा प्रवीण को स्टेट बैंक इम्तिहान में कामयाबी पर फूलों का गुलदस्ता दीया और नेक दुआ से नवाजा और कहा के वासेपुर की बेटी शगुफा परवीन को इम्तिहान में कामयाबी पर मुबारकबाद पेश करता हूं, अल्लाह शगुफा प्रवीण को सलामत रखे। सदर मौलाना कसरी ने कहा कि शगुफा परवीन धनबाद वासेपुर का नाम रौशन करने में अहम रोल अदा किया और मुझे उम्मीद है शगुफा प्रवीण धनबाद के लिए एक खूबसूरत मिसाल बनेगी और हमारी रियासत तरक्की और अमन की राह पर रामजन होगी। उसके बाद रोजनामा अल हयात अखबार के हेड सोहेल कुरेशी ने कहा की दुनिया नाकाम लोगों के साथ साथ कामयाब लोगों से भी भरी पड़ी है लेकिन कामयाबी सिर्फ उसी का मुकद्दर बनती है जो कभी हिम्मत नहीं हारते। आज शगुफा परवीन ने धनबाद वासेपुर का नाम रौशन किया। उसके बाद मौलाना सऊद मिस्बाही नूरी मस्जिद ने कहा कि कामयाब लोगों के पास एक ऐसा प्लान होता है जिस पर वह दिन रात मेहनत करते हैं और कामयाब होकर दिखाते हैं और आज शगुफा भी इसकी सबूत है। मौका पर सदर ऑल इंडिया साबिले हुसैन ट्रस्ट के मौलाना आरिफ कादरी, मौलाना सऊद मिस्बाही नूरी मस्जिद, सदाब फिरोज, गुफरान अंसारी, शगुफा परवीन के वालिद मोहम्मद इबरार, मोहम्मद सलमान आदि मौजूद थे।

## जल जीवन मिशन : समाहरणालय सभागार कक्ष में विश्व जल दिवस का आयोजन

**जल की महत्ता के संबंध में एवं जल के समुचित प्रयोग के संबंध में जानकारी दी गई..... जल संचयन को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 08 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया...**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** जल जीवन मिशन के तहत आज समाहरणालय सभागार कक्ष में निदेशक डीआरडीए की अध्यक्षता में विश्व जल दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां सभी अधिकारियों व कर्मियों को शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में जिला के सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारियों ने जल संरक्षण की शपथ ली। जल जीवन मिशन के तहत जल शपथ कार्यक्रम लोगों को जल की महत्ता के संबंध में एवं जल के समुचित प्रयोग के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए निदेशक डीआरडीए ने कहा कि पृथ्वी पर 71न्न पानी है परंतु मात्र 3न्न ही पानी पीने योग्य है। जलवायु परिवर्तन हो रहा है, जिससे विभिन्न देश काफी चिंतित है। साथ ही इसका व्यापक दुष्प्रभाव पेयजल पर पड़ रहा है, अनेक नदियां मृतप्राय हो रही है, इन नदियों को प्रदूषण मुक्त करते हुए पुनः रिचार्ज करने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत वर्षा जल को सिंचित किया जा रहा है। सोख्ता गड्ढा आदि का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। इसके लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा और साथ में कार्य करना होगा। इसके अतिरिक्त जल संचयन को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिनमें 1. आशा देवी (जल सहिया, पीरटाड़) 2. अफशाना खातून, जल सहिया, बिरनी) 3. गायत्री देवी, जल सहिया, बिरनी), 4. यशोदा देवी, मुखिया, गांडेय, 5. पोदिना देवी, मुखिया, जमुआ, 6. राजकुमार दयाल, स्वच्छताग्राही, देवरी, 7. टिंकती देवी, जल सहिया, बेंगाबाद, 8. रूबी देवी, जल सहिया, देवरी आदि शामिल हैं।

## अखंड किर्तन का आयोजन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चैत नवमी के अवसर पर बुधवार को पुजा समिति की ओर से जयरामपुर स्थित दुर्गा मन्दिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। अखंड कीर्तन में क्षेत्र के अनेकों किर्तन मंडली ने भाग लिया। जयरामपुर रामायण मंडली के प्रमुख ब्यास रमेश गिरी के गायन किर्तन से भक्त झुम उठे। पुजा समिति के मिथलेश सिंह एवं सुभाष सिंह ने कहा की पिछले चार दशक से हमलोगों के पूर्वजों द्वारा क्षेत्र के लोगों की सुख, शांति और समृधि के लिए शुरू की गई अखंड कीर्तन को आज भी भव्य रूप से आयोजित कर सृजित की गई है। अखंड कीर्तन के आयोजन से पुरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

## संक्षिप्त खबरे

### सीओ विजय कुमार ने मुखिया व पंचायत सचिव के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत अलौदी, बूटी, भडगांव, अरु, सेन्हा, बदला और उगरा के मुखिया एव पंचायत सचिव के साथ अंचलाधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। आयोजित बैठक में सीओ विजय कुमार ने कहा की अंचल क्षेत्र के चिंहित नदियाँ बांकी नदी, फुलझर नदी,टेंगरिया नदी, बूटी नदी से बालु का उठाव का कार्य पंचायत के जिम्मे में होगा। जिसमें पंचायत सचिव प्रति ट्रैक्टर 100 रूपया लेकर प्राप्ति रसीद देंगे। सभी पंचायत के पंचायत सचिव को 50-50 पेज का रसीद दो दिन में उपलब्ध करा दिया जाएगा। साथ ही निर्देश देते हुए कहा कि रसीद काटने का कार्य गाड़ी नम्बर अंकित कर राशि का विवरण रोकज पंजी के माध्यम से आय का विवरण देंगे। साथ ही कहा कि प्रति माह बालु को लेकर बैठक होगा।

## राष्ट्र हित के नवनिर्माण में लगे रहना ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मुख्य उद्देश्य : गोपाल शर्मा

राजेश कुमार गुप्ता@प्रभात मंत्र

**लोहरदगा :** नवरात्रि के पहले दिन 22 मार्च 2023 दिन बुधवार को हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2080 के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोहरदगा के द्वारा पथ संचलन नगर क्षेत्र स्थित ललित नारायण स्टेडियम से शुरुआत कर बरवाटोली, महावीर चौक, शास्त्री चौक, थाना टोली, शिवाजी चौक होते हुए पुण~ स्टेडियम में समापन की गई। पथ संचलन में 350 स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल, जिला संघचालक मनोज कुमार दास एवं सह संघचालक श्याम सुंदर उरांव जी रहे। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा महापुरुषों और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण, वर्गगीत व मूल वचनों पड़ा गया। पथ संचलन के पश्चात






बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने संबोधन करते हुए आज के दिवस को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 ई से लेकर लगातार भगवा ध्वज को श्रेष्ठ माना है। इसकी स्थापना डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने अल्प आयु में ही अपने देश के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए परिवार और व्यक्ति के स्वयं की मोह और चिंता से उपर उठकर समाज और देश के लिए चिंता की डॉ हेडगेवार का मानना था कि हमारी हिंदुत्व संस्कृति हजारों हजारों वर्ष पुराना है हमारा भारत की भूमि पर अनेकों के महापुरुषों ने जन्म लिया। विद्या और अध्यात्म का केंद्र रहा फिर भी हमारे लोगों के ऊपर प्रताड़ना एवं बहन बेटियों की असुरक्षा गुलामी कैसे मिल सकती है। कहीं ना कहीं हमारी समाज की बीच की कमजोरियों को दूर कर अपने मूल हिंदुत्व सनातन की संस्कृति को मजबूत करने की आवश्यकता है और इसके लिए व्यक्ति में स्वयं की इच्छा बहुत ही आवश्यक है। इसी निमित्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की उन्होंने स्थापना की जिसमें एक स्वयंसेवक अपनी ही स्वयं के सहयोग से सारी व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए देश के प्रति उनका समरस भाव,दायित्व एवं संकटों से लड़ने की क्षमता पैदा करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सबसे बड़ी संगठन है। आज तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अलावा कोई बड़ी संगठन नहीं बन पाया उसका मूल कारण यह है कि वह किसी ना किसी पर आश्रित हैं या यदि हैं भी तो कई टुकड़े में विभक्त है परंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक के कार्यकर्ता राष्ट्र और समाज की स्वयं की जिम्मिवारी समझते है। इसी भाव का सबसे बड़ा उदाहरण वर्तमान में वैश्विक महामारी में किस प्रकार से हमारे स्वयंसेवक स्वयं की इच्छा से आगे आकर लोगों को मदद की किन्ही को दवाई जरूरत की सामग्रियां यदि किन्ही की मृत्यु हो गई और उन्हें अंतिम संस्कार करने वाला कोई नहीं था उसमें भी हमारे स्वयंसेवक पीपी कीट पहनकर उनका अंतिम संस्कार भी कराया वह किसी के कहने पर नहीं किए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केवल शाखा का निर्माण करती है और शाखा में ही समाज और देश के प्रति उनके कर्तव्यों का संचार हो जाता है और किसी प्रकार की विपदा में वह लोगों के बीच खड़े रहते हैं। हमने भगवान राम को महा पुरुषोत्तम माना और आज के ही दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था साथ ही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ऐसे ही सृष्टि की रचना किस रुआत ब्रह्मा जी ने की थी। हम सभी प्रकृति को पूजने वाले हैं हम लोग पेड़ पहाड़ जीवो में भी ईश्वर का रूप देखते हैं पहले अंग्रेजों के समय में वृक्षों को पूजा करते देख हुआ हंसते थे परंतु हमारी हिंदू संस्कृति हमें प्रकृति की भी संरक्षण करना सिखाती है।

## सप्ताहिक बाजार में निर्मित शेड ध्वस्त बाल बाल बचे व्यपारी व किसान



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रानीगंज साप्ताहिक बाजरा में शेड गिरने से बाल बाल बचे किसान एवं व्यपारी किसान का टमाटर हुआ क्षतिग्रस्त। सेन्हा थाना क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित रानीगंज साप्ताहिक बाजार परिसर में बुधवार को निर्मित शेड अचानक गिरने से बड़ी दुर्घटना टल गई। बुधवार को ठीक बाजार लगना आरम्भ हुआ था कि शेड ध्वस्त हो गया। बताया जाता है कि शेड का निर्माण 6 वर्ष पूर्व कराया गया था। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सूचना के अनुसार बता दें कि रानीगंज साप्ताहिक बाजार सुदुर्वर्ती क्षेत्र का बड़ा बाजार है। जहां शहर से लेकर अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र से लोग बाजार करने आते है। लेकिन आज जो हादसा हुआ उससे जानमाल की क्षति हो सकता था। लेकिन बाजार पूर्ण रूप से नही लगा था। जिसके कारण अप्रिय घटना घटित होने से बचा परंतु एक किसान का टमाटर शेड में दब कर क्षतिग्रस्त हो गया जिससे किसान महेश भगत को लगभग दो हजार का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है। वहीं किसान वर्ग एवं व्यपारियों में अन्य निर्मित शेड के अंदर बैठने का भय बना हुआ है।

## नववर्ष प्रतिपदा पर कैरो मे कलश स्थापन व नवाह्न परायण पाठ शुरू



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 22 मार्च बुधवार को कैरो महाबीर मंडल द्वारा आयोजित विक्रम संवत् 2080 वर्ष प्रतिपदा पर कलश यात्रा निकाल कर कलश स्थापन के साथ आज बुधवार से ही दुर्गा बाडी कैरो मे आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी के द्वारा नवाह्न परायण पाठ प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे माता बहने अहले सुबह दुर्गा बाडी मे अपनी अपनी कलश लेकर सीधे कन्द्नी नदी पहुँचे जहाँ आचार्य ने कन्द्नी नदी पर विधि विधान से पुजा अर्चना करवाकर के जल को संकल्पित करवाकर सभी भक्तो को ग्राम भ्रमण कराया, ग्राम भ्रमण मे माता रानी व जय हनुमान, जय सिया राम के नारो से ग्राम गुंजायमान होकर वातावरण भक्तिमय हो गया है। इस अवसर पर आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी ने कहा कि आज से 09 दिनो तक नवाह्न परायण पाठ होगी,इस पाठ से गाँव में संकट आपदा दूर होकर शांति समृद्धि आती है। इस अवसर पर कैरो महाबीर मंडल के सलाहकार समिति से एवं प्रखंड 20 सुत्रि सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी,विशेश्वर प्रसाद दीन, अध्यक्ष विवेक प्रजापति, उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह सचिव विनोद राम, शंभू सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज पांडेय,संजय महतो, जितवहान महतो, गौतम कुमार, कमलेश साहू, मुरारी सोनी, जगलाल राम, जितेन्द्र महतो,इत्यादि महाबीर मंडल पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या मे श्रद्धालु के अलावा कैरो थाना के एएसआई संजय कुमार राय व थाना के सदल बल कलश यात्रा में उपस्थित थे।

## चैत नवरात्र को लेकर किया गया पुजन अनुष्ठान व कलश स्थापना

## गांव की सुख समृद्धि व कामना के लिए सार्वजनिक रूप से किया गया पुजन अनुष्ठान व कलश स्थापना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** प्रखण्ड मुख्यालय में मां शैलपुत्री दुर्गा मंदिर में चैत नवरात्र को लेकर गांव की सुख समृद्धि एवं कामना के लिए सार्वजनिक रूप से पुजन अनुष्ठान एवं कलश स्थापना किया गया। पहले ही दिन मां भगवती के पहले रूप मां शैलपुत्री का पुजन किया गया। पुजा आयोजन समिति एवं नवयुवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय देवी भागवत पुराण कथा सह भजन संध्या में कथा वाचक ब्यास भागवताचार्य श्री दिनेशानंद मृदुल जी के द्वारा कथा प्रवचन किया गया। इससे पूर्व दुर्गा पूजा आयोजन समिति के नेतृत्व में स्थानिय महिलाओं द्वारा भब्य कलश शोभायात्रा का निकाला गया। पंडित अरूण मिश्रा, चंदन मिश्रा यजमान नन्दकिशोर सिंह की अगुवाई में तेलंगा नाला में कलश की विधिवत पुजन कर नगर भ्रमण करते हुए मंदिर स्थापित किया गया। मां भगवती की जयकारे और घंटे शंख की ध्वनि से गुंजायमान था। लोगों की श्रद्धा भक्ती का अतुल्य समागम देखा गया महिला बुजुर्ग माताऐं बच्चीयों बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया भजन और जयकारे से भक्तों में काफी उत्साह था। मौके पर आयोजन समिति के सुभाष साहू, दिनेश साहू, कमल अग्रवाल, बसंत साहू, संतोष सिंह, सहीत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## दो परीक्षा केन्द्र में 975 छात्र छात्राओं ने दिया मातृभाषा हिन्दी की परीक्षा, 12 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहतदगा :** झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा प्रखंड क्षेत्र के दोनों परीक्षा केंद्र में हुआ। झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के लियेप्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु और कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें बुधवार को नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 645 छात्र छात्रओं में से 634 विद्यर्थियों ने शांतिपूर्ण ढंग से मातृभाषा हिन्दी का परीक्षा दिया। वही 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा 342 में से 341 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया। 01 विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण सम्पन्न हो सके जिसके लिये प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार को तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य को दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। जिनके द्वारा अपने दायित्व का निर्वाह्न करते हुए पुलिस प्रशासन के सहयोग से शांति व्यवस्था बहाल किया गया था। वही केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा और अभिषेक गौरव ने बताया कि मैट्रिक की परीक्षा में बुधवार को भी सभी परीक्षार्थीयों ने शांतिपूर्ण ढंग से मातृभाषा हिन्दी का परीक्षा दिया जिसे परीक्षा शांतिपूर्वक और कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे ए एस आई आयता खेस, जमशेद खान दल बल के साथ मौजूद थे।

## विधायक भूषण बाड़ा ने सत्र में की लुकीबहार-पिथरा पथ को दुरुस्त करें



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र में पीडब्ल्यूडी के तहत बने कुरडेग रोड में लुकीबहार होते हुए पिथरा तक सड़क को दुरुस्त कराने की जोरदार तरीके से मांग रखी है। विधायक ने कहा है कि इस सड़क में अब तक ग्रेड - 1 बोल्डर का ही कार्य हुआ है। जो अब काफी जर्जर हो चुकी है। यह सड़क अब आवागमन लायक भी नहीं है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा है कि इस सड़क के जर्जर होने के कारण पिथरा, लुकीबहार, लमकीटोली, बम्हनीनटोली आदि गांव के हजारो ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। उन्होंने सरकार से इस सड़क का निर्माण कराने के सम्बंध में सवाल भी पूछा है। जिसके जवाब में सरकार द्वारा बताया गया कि कुरडेग रोड में लुकीबहार होते हुए पिथरा तक के सड़क को भी विभागीय नीति एवं बजटीय उपबंध में निर्णय लिया जाएगा। सरकार ने कहा..विधायक भूषण बाड़ा के अनुशंसा पर पांच सडकों को मिली है स्वीकृति : विधानसभा सत्र में सरकार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विधायक भूषण बाड़ा द्वारा अनुशंसित कुल 5 पथों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। आने वाले दिनों में विधायक के अनुशंसा पर अन्य सड़कों का भी निर्माण किया जाएगा। इधर विधायक ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर खराब पड़े सभी सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है।

## पोषण पखवाड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण रंगोली का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** पोषण पखवाड़ा अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र कुटमु में पोषण रंगोली बनायी गई और पोषण रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम में लोहरदगा की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बिमला देवी एवं पर्यवेक्षिका गीता रानी की उपस्थिति में गाँव की महिलाएं, किशोरियाँ, आंगनबाड़ी सेविका तारामनी एवं जाती उराँव, वार्ड पार्षद पूनम कुजूर शामिल हुई। इस कार्यक्रम में मोटे अनाज जैसे मडुआ, मकई, ज्वार आदि के उपयोग एवं लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा आंगनवाड़ी केन्द्र जोरी मुस्लिम टोली में पोषण रैली निकाली गयी जिसमें महिला पर्यवेक्षिका रूबी कुमारी, सेविका फातिमा खातून, नयनतार तिर्की समेत अन्य शामिल हुई। पोषण रंगोली का कार्यक्रम हरमू उपरटोली, नदिया, जुरिया बड़का टोली, खकपरता, रामपुर रुगड़ी टोली, गुड़ी, बाघा, बमन्दिहा, न्यू आजाद बस्ती, इरगांव, भटखिजरी में पोषण की जानकारी दी गयी। रामपुर ऊपर टोली में पोषण रैली निकाली गयी।

## सच्चिदानंद लाल एवं गोपाल शर्मा ने मनोहर अभिव्यक्ति के चतुर्थ अंक का किया विमोचन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाली त्रैमासिक पत्रिका मनोहर अभिव्यक्ति का विमोचन बुधवार को हुआ। विमोचन प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, जिला संचालक मनोज दास, प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा, विभाग कार्यवाह किनेश्वर महतो, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, समिति सदस्या शोभा देवी, शिवशंकर प्रसाद, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, विद्या मंदिर के प्राचार्य विपिन कुमार दास,शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, पत्रिका के चतुर्थ अंक की संपादक प्रीति कुमारी गुप्ता और सह संपादक ऋद्धि मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। सभी ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की पत्रिका विद्यालय की सकारात्मकता एवं रचनात्मकता को प्रदर्शित करती है। संपादक ने बताया कि यह चतुर्थ त्रैमासिक पत्रिका डॉक्टर हेडगेवार जी की जयंती के अवसर पर उनको समर्पित है। इसमें उनके संक्षिप्त जीवनी का वर्णन किया गया है। साथ ही प्रत्येक अंक की तरह शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों और समाचार दर्पण में गतिविधियों के न्यूज़ क्लिप्स को स्थान दिया गया है। प्रथम अंक जुलाई और द्वितीय अंक सितंबर माह और तृतीय अंक दिसंबर में लोकार्पित हुआ था।

## कलश यात्रा के साथ आरम्भ हुआ 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** चैत प्रतिपदा के शुभ अवसर पर सेन्हा प्रखंड ग्राम में कलश यात्रा के साथ 24 घंटा का हरिकिर्तन दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजन किया गया। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय ग्राम में बुधवार को कलश यात्रा का आयोजन हिन्दू संगठन के द्वारा किया गया। कलश यात्रा का आरम्भ राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय मैदान से एककत्रित हो आरम्भ हुआ और सेन्हा बाकी नदी से 1001 महिलाएं सहित नन्ही नन्ही बच्चियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के उपरांत विधिवत जल भर कर सेन्हा चौक होते हुए ठाकुर बाड़ी,सती मंदिर प्रांगण सहित गांव का भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर परिसर पहुंच पूजा अर्चना के उपरांत कलश स्थापना किया गया। और कलश स्थापना के पश्चात उपस्थित महिलाओं एवं बच्चियों सहित भक्त जन के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान दलबल के साथ मुस्तैद नजर आए। कलश यात्रा समापन के उपरांत दुर्गा मंदिर परिसर में 24 घंटा का अखंड हरिकिर्तन आरम्भ होने के पूर्व आचार्य सुर्यनारायण पाठक ,अवनीश पाठक चंद्रमोहन पाठक द्वारा बैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ कराया गया। आयोजित अखंड हरिकीर्तन मंडली में सेन्हा, अरू, ईटा, बहरी, रामपुर, तोडार सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य पंचायत ग्राम से किर्तन मंडली के द्वारा किर्तन किया जा रहा है। साथ ही भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया।



## जय श्री राम समिति के नेतृत्व में नव वर्ष विक्रम संवत पर निकाला गया भव्य शोभायात्रा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2080 पर बुधवार को जय श्री राम समिति के नेतृत्व में निकाला गया भव्य जुलूस। मंच पर आसीन अतिथि हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय वर्मा जी हिंदू सम्राट भैरव सिंह, प्रवीण सिंह,जय श्रीराम समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव,संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू,जिला अध्यक्ष राजीव रंजन,महावीर मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, महामंत्री जागेश्वर साहू,सरना सनातन अध्यक्ष अजय पंकज,योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, रितेश साहू के नेतृत्व में निकाला गया भव्य शोभायात्रा। जय श्रीराम समिति के साथ कई हिन्दूवादी संगठनों के जनसैलाब से लोहरदगा की सड़कें पटी रही। पूरा शहर पूरी तरह भगवा के रंग में रंग गया था। वही बरवा टोली दुर्गा मंदिर के पास जुलूस का स्वागत पुष्प वर्षा से की गई जिससे जुलूस में शामिल लोगो में खुशी देखने को मिली करीब 15 हजार की संख्या में युवा भगवा झंडा थामे और जय श्री राम के नारे से लोगों को नव वर्ष के स्वागत के लिए बधाई देते नजर आए। प्रशासन द्वारा पूरे जुलूस की ड्रोन से निगरानी की जा रही थी और भारी संख्या में पुलिस बल जुलूस के साथ मौजूद रहे। प्रमुख चौक-चौराहों पर भगवा झंडा तथा स्वागत द्वार बनाए गए हैं। जय श्री राम समिति और हिंदू संगठनों द्वारा ललित नारायण स्टेडियम से निकाले गए जुलूस मिशन चौक, अपर बाजार,थाना टोली से पावरगंज होते हुए न्यू रोड से फिर ललित नारायण स्टेडियम में आकर जुलूस का समापन भारत माता के पूजन के साथ हुआ। हिंदू नव वर्ष को लेकर जिले में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है सिर पर चुनरी बांधे युवा नजर आ रहे थे पूरा शहर भगवा ध्वज,भारत माता की जय और जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। तत्पश्चात ललित नारायण स्टेडियम में पहुंचने के बाद सभी अतिथियों ने अपना अपना विचार दिए फिर भव्य भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसमें महिलाएं बड़े बच्चे जमकर झूमे। मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में जय श्रीराम समिति के जिला, प्रखंड पंचायत एवं नगर कमेटी के सभी कार्यकर्ता समेत कई संगठन के प्रयास से कार्यक्रम सफल हुआ।

## चट्टी के छत्तीस देवी मंदिर से निकाली भव्य कलश यात्रा, भक्तों की उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा में बुधवार से चैत्र नवरात्रि शुरू हो गया है। बुधवार सुबह से ही प्रखंड के मंदिरों में माता रानी का जयकारा लगाया गया। इसी के साथ हिंदू नववर्ष का भी प्रारंभ हुआ है। वही चैत्र नवरात्रि के पहले दिन प्रखंड के मंदिर में भक्तो ने सुबह से पूजा-अर्चना किये। चट्टी गांव स्थित मां छतीस देवी मंदिर मे मंदिर निर्माता जगतपाल साहू द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें प्रखंड के 11 सौ भक्त शामिल हुए। कलश यात्रा में उत्तर प्रदेश प्रयागराज (इलाहाबाद) से आये आचार्य जनार्दन शंकराचार्य एव आचार्य नारायण मिश्रा द्वारा वैदिक-मंत्रोच्चारण कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के तत्पश्चात हजारों की संख्या मे भक्त चट्टी नदी के पवित्र घाट से कलश में जल भर भक्तों ने कलश यात्रा की शुरुआत की। चट्टी नदी से मुख्य पथ होते हुए चट्टी गांव स्थित मां छत्तीस देवी मंदिर पर कलश स्थापित किया गया। जैसे ही कलश यात्रा मंदिर पहुंची वैसे ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन देवी मां के मंदिर के बाहर लग गई। इस दौरान भक्तगणो द्वारा लगाये गये मां दुर्गा के जयकारे से पुरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। बताते चलें कि,नवरात्रि के नौ दिन माता रानी के नौ रूपों की पूरे विधि विधान के साथ पूजा की जाती है। बुधवार को चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है,इस दिन माता शैलपुत्री की आराधना होती है। माता रानी का आशीर्वाद पाने के लिए और उनकी भक्ति में भक्तगण उपवास रखते हैं। जिले में जगह-जगह पर माता रानी के मंदिरों में भक्त पूजा कर रहे हैं। चैत्र नवरात्रि 22 मार्च बुधवार से शुरू होकर 30 मार्च गुरुवार तक चलेगी। इस दौरान छत्तीस देवी मंदिर में नवरात्रि के 9 दिनों में देवी मां के 9 स्वरूपों की पूजा की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक सह मंदिर निर्माता जगतपाल साहू ने बताया की नवरात्र मे नव दिनों तक प्रतिदिन संध्या मे माँ दुर्गे की आरती होगी। वही रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक प्रयागराज से आये शंकराचार्य जनार्दन एव नारायण शर्मा द्वारा प्रवचन दिया जायेगा। 31 मार्च को विसर्जन कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा करने से खास कृपा बरसती है। इस दौरान लगभग हर नवरात्रि करने वालों के घर में घटस्थापना या कलश स्थापना की जाती है। कलश यात्रा मे सुरक्षा एव शांति व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी गौतम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद थे।



## जनजातीय समाज देश का गौरव : पड़हा बेल

## विद्या मंदिर +2 में सरहुल पूर्व संध्या सह नूतन वर्ष अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में बुधवार को भारतीय नूतन वर्ष अभिनंदन सह सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला राजी पड़हा समिति के बेल लक्ष्मी नारायण भगत, विद्या भारती विद्यालय समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, समिति की सदस्या शोभा देवी, कृष्णा प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, विद्वत परिषद के सदस्य बैजनाथ मिश्रा व देवानंद महतो और +2 के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने मां दुर्गा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति के आरंभ से ही हम सभी पृथ्वी को मां मानते हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़े रखना ही अपना संरक्षण है। कृष्णा प्रसाद जी ने सभी को नव वर्ष की मंगल कामना देते हुए कहा कि यह हमारे लिए अति गौरव का क्षण है कि हम नव वर्ष बना रहे है। परिषद के सदस्य बैजनाथ मिश्र ने कहा कि सरना शब्द दुर्गा सप्तशती से लिया गया है जिसका अर्थ होता है शरण देने वाली मां। शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराओं से ही हमारी पहचान है। मौके पर विद्यार्थियों ने सरहुल और नव वर्ष के उत्साह को समर्पित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। लोकगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में आर्यावर्त सदन विजेता और भारतवर्ष सदन उपविजेता रही। पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में बालक वर्ग में संदीप उरांव, राजकुमार उरांव और रितेश मुंडा ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय हुए। जबकि बालिका वर्ग में प्रियंका उरांव, पूनम कुमारी और सुहानी टोप्पो ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय हुई। सभी को अतिथियों ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया।



## चलते चलते एक नजर

### आरसेटी ने मुर्गी पालन प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

**रांची।** आरसेटी द्वारा उन्नति प्रोजेक्ट प्रतिभागियों के बीच मुर्गी पालन प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ। इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी दुमका द्वारा मसलिया प्रखंड के दलाही गांव में मुर्गी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इसमें 25 प्रशिक्षणार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन जेएसएलपीएस दुमका के जिला प्रबंधक कौशल भोलानाथ गुप्ता, आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा,संकाय सदस्य एवम दीदियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।जेएसएलपीएस दुमका के जिला प्रबंधक कौशल भोलानाथ गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को मुर्गी पालन प्रशिक्षण के बारे में बतलाया। आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण कार्यक्रम में मन लगाकर बैंकिंग एवम सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया । इस मौके पर संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार जेआरपी अनिता टुडू, कलस्टर कॉर्डिनेटर उर्मिला मुर्मू, संजय सोरन अन्य उपस्थित थे।

### रांची : 60 वर्ष वाले कलाकारों को पेंशन देने की उठी मांग

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के स्थानीय श्रेष्ठ कलाकारों के मासिक वृतिका को बड़ा दिया है। बताया गया कि वर्तमान में ऐसे कलाकार जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक है और आर्थिक संकट से जुझ रहे हैं या अपनी कला को प्रस्तुत करने में असफल हो रहे हैं ऐसे कलाकारों को 1000 रुपये मासिक मिलता है, इसे संशोधित कर 4000 रुपये मासिक करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में कला संस्कृति विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। ऐसे कलाकारों को एक और छूट दी गयी है कि अगर अब सरकार की किसी अन्य योजनाओं का लाभ वे ले रहे हैं तो भी उन्हें मासिक वृतिका सहायता दी जायेगी। ऐसे में पूर्व के इस प्रावधान को विलोपित कर दिया है जिसमें दूसरे अन्य सहायता लेने वाले कलाकारों को मासिक राशि से वंचित किया गया था। वहीं, पहले यह शर्त थी कि कलाकार की मासिक आय चार हजार रुपये से कम होने पर ही मासिक वृतिका दी जायेगी इसे बढ़ाकर आठ हजार तक कर दिया गया। दरअसल, वर्तमान प्रावधान के कारण मासिक निवृतिका के लिए जारी आवेदन में एक भी लाभुकों व कलाकारों ने आवेदन नहीं भरा। यह बात सामने आयी कि नियम के कारण भी कलाकार योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं हो पा रहे हैं।ऐसे में इस नियम में बदलाव कर दिया गया है। अब नये सिरे से विभाग आवेदन आमंत्रित करेगा। योग्यता प्राप्त कलाकारों को मासिक निवृतिका राशि चार हजार दिए जायेंगे।

**इस नियम का संशोधन करने की उठी मांग:** सरकार द्वारा बुधवार को झारखंड के स्थानीय लोक कलाकारों को मासिक वृतिका साहयता देने की बात पर अब स्थानीय कलाकारों ने सरकार के इस संकल्प का विरोध किया है। कहा है कि 80 वर्ष उम्र वाले नहीं, बल्कि इसे कम से कम साठ साल के कलाकारों को मासिक वृतिका साहयता देने की शुरुआत की जाए। मुख्य रूप से अंतराष्ट्रीय लोक कलाकार फिल्म निर्माता-निर्देशक संगीत नाटक अकादमी के सदस्य नंदलाल नायक, राजकुमार नागवंशी, अरुण नायक,रमण गुप्ता, परवेज कुरेशी, दशरथ हंसदा, उज्जवल रॉकी आदि ने विरोध जताया है और संशोधन की मांग की है।

# रांची को जाम मुक्त बनाने के लिए जन भागीदारी जरूरी: जमॉ

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** रांची शहर में जाम की स्थिति जस की तस बनी हुई है। झारखंड गठन के 22 साल हो जाने के बाद भी रांची को व्यवस्थित रुप से सुंदर तरीके से राजधानी बनाने में अब तक हम सभी असफल साबित हुए हैं। अब 4 मार्च 2023 को नवनियुक्त यातायात पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमॉ को रांची शहर के यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। अब इसमें वह कितने सफल होते हैं। यह तो आने वाला समय बताएगा। इन सभी समस्याओं पर हिंदी दैनिक प्रभात मंत्र ने यातायात पुलिस अधीक्षक से बातचीत की।

**सवालः शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर खड़े होकर आपने महसूस किया है कि 22 सालों में रांची राजधानी के रूप में सुसज्जित नहीं हो सका है ?**

**जवाबः** यह कहना उचित नहीं होगा कि हमने रांची को राजधानी बना पाए हैं या नहीं बना पाए हैं। निश्चित तौर पर 22 सालों में बहुत विकास हुआ है। आप यह जरूर कह सकते हैं कि हम लोगों को जितना बेहतर करना चाहिए था, उतना हम नहीं कर पाए हैं। इसलिए राज्य सरकार ने फ्लाईओवर और सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी के साथ करवा रही है। व्यवस्था जरूर सुधरेगी। 22 साल पहले हमारे पास 500+1200 कैमरा नहीं थे। व्यवसायिक प्रतिष्ठान नहीं थी। एजुकेशन सॉल्यूशन आया है। वह पहले नहीं था तो एक तरीके से यह कह देना कि हमने रांची को राजधानी के रूप में सुसज्जित नहीं बना पाए। यह मेरे हिसाब से थोड़ी जल्दबाजी होगी। कुछ समस्याएं हैं। उन समस्याओं को मिलजुलकर दूर करने की जरूरत है। इस में जनभागीदारी भी जरूरी है। तभी बेहतर और जाम मुक्त रांची शहर बना सकेंगे।

**सवालः आपने रांची शहर का भ्रमण किया है, कहां-कहां आपको जाम की समस्याएं नजर आ रही है ?**

**जवाबः** देखिए, रांची शहर के अंतर्गत यातायात और रांची नगर निगम दोनों संयुक्त रूप से काम कर रही है। दोनों के समन्वय से ही बेहतर और खूबसूरत रांची बनाया जा सकता है। अलग झारखंड गठन के बाद रांची शहर को अर्बननाइजेशन किया गया है। वह बिना किसी प्लानिंग का ही हुआ है। अर्बननाइजेशन होने से वाहनों की संख्या बढ़ी है। आबादी भी बढ़ी है। इसलिए बहुत ही व्यवस्थित ढंग से रांची को नहीं बसाया गया है। मैंने कुछ दिनों से रांची शहर के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण किया है। कुछ जगहों को चिन्हित भी किया है। मुख्य रूप से बिरसा चौक, कांटाटोली, अरगोड़ा, न्यू मार्केट, शनि मार्केट, रातू रोड से लेकर पिस्का मोड तक, न्यूक्लियस मॉल, मेन रोड आदि। इन चौक चौराहों पर अव्यवस्थित ढंग से ऑटो व अन्य वाहनों को पार्किंग किया गया है। वहीं फुटपाथ पे यहां वहां दुकानें लगी हुई देखी गई है। इन सब जगह पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

**सवालः व्यवस्थित ढंग से सब कुछ हो, इसके लिए आप कैसे काम करेंगे। ताकि जाम की स्थिति नहीं बने ?**

**जवाबः** सभी चौक चौराहों की जो समस्याएं थी, वह मैंने आपको बताया। सभी चौक चौराहों की अपनी समस्याएं हैं। इसका हल कैसे हो, इस पर हम लोगों ने काम शुरू कर दिया है। जैसे सड़कों का चौड़ीकरण कराना, बिजली खंभे गलत जगहों पर है, उसे हटवाना, पेड़-पौधों को व्यवस्थित कराने, सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बाउंड्री वाल किया गया, उस बाउंड्री वाल को पीछे हटाने की जरूरत है। टेलीफोन पोस्ट भी अव्यवस्थित ढंग से लगाई गई है। इसे भी व्यवस्थित

नवनियुक्त यातायात पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमॉ के साथ प्रभात मंत्र की खास बातचीत



करने की जरूरत है। इन सब के लिए पथ निर्माण विभाग, बिजली विभाग, रांची नगर निगम, टेलीफोन विभाग, वन विभाग के सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। तभी फुटपाथ और सड़कों पर से जाम की निजात मिल सकेगी। इसके साथ ही हम लोग ट्रैफिक सिग्नल पर भी काम कर रहे हैं। क्योंकि रांची स्मार्ट सिटी की ओर बढ़ रहा है। पहले ट्रैफिक सिग्नल साठ सेकेंड तक लगी रहती थी। लेकिन अब सिस्टम में सुधार हुआ है। अब जिधर ट्रैफिक अधिक रहेगी उधर सिग्नल ग्रीन रहेगा, और जिस तरह ट्रैफिक काम रहेगी उधर का सिग्नल रेड बताएगा। पूर्व में इस तरह का नहीं होता था।

**सवाल : शहर में डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, ई रिक्शा ,पैडल रिक्शा व मालवाहक वाहनें चल रही है। इन सब का स्टैंड भी नहीं है ?**

**जवाबः** सभी तरह के ऑटो चौक-चौराहों पर स्टैंड बनाकर वैध और अवैध तरीके से लगाए गए हैं। इन सभी को पहले भी और फिर से सूचित किया गया है कि कोई भी ऑटो चालक किसी भी चौक चौराहों के 50 मीटर की दूरी पर अपना वाहन नहीं लगाएंगे। जिसका स्थान जहां चिन्हित किया गया है, वहीं पर लाइन से अपना ऑटो लगाएंगे। इन सभी पर रांची शहर में जो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उसकी संख्या और बढ़ाई जा रही है। जहां-जहां पार्किंग, ऑटो स्टैंड है। सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग की जाएगी। जिसका भी वाहन अवस्थित ढंग से दिखा। उसका वाहन जब्त कर लिया जाएगा। जुर्माना भी लगाया जाएगा। साथ ही एक और चेतावनी कि जिनके पास परमिट नहीं है, वह अपना वाहन सड़क पर नहीं चलाएं। वरना उसे जब्त कर लिया जाएगा।।किसी की पैरवी भी नहीं सुनी जाएगी। कोई भी ऑटो चालक अपनी सवारी को दाहिने तरफ से उतार चढ़ाव नहीं करेंगे। सभी ऑटो चालक वर्दी पहनेंगे। अपने ऑटो में फास्टेड बॉक्स जरूर रखेंगे।

**सवालः शहर में पैदल चलने वालों की जगहों पर ही दुकान लगा दी गई है ?**

**जवाबः** इस पर रांची नगर निगम और उसकी जो इंफोर्समेंट टीम है उनके साथ काम करने की जरूरत है। संयुक्त रूप से अभियान चलाया जाएगा। सभी को वहां से हटाने की पुरजोर कोशिश होगी।

**सवालः कुछ फुटपाथ दुकानदार को नगर निगम ने अटल वेंडर मार्केट में जगह दे दिए गए। फिर भी उसके कुछ रिश्तेदार फुटपाथ पर ही दुकानें लगा रहे हैं।।इससे कैसे चिन्हित करेंगे ?**

**जवाबः** इस तरह की शिकायतें मिली है। हम लोग इस पर काम कर रहे हैं। पहले भी उन लोगों को सावधान किया गया है।।इसके बाद भी नहीं समझ रहे हैं तो उन पर बड़ी कार्रवाई होगी।

**सवालः इन दिनों रांची शहर में फ्लाईओवर और सड़क चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है। ऐसे में वाहनों की लंबी कतार और स्कूल बस भी जाम में फंस जाती है। इसका निदान कैसे होगा ?**

**जवाबः** इसके लिए डीटीओ, नगर निगम और स्कूल, सभी के साथ बातचीत चल रही है। स्कूल से भी सूची मांगी गई है कि उसकी बसे कहां कहां स्टॉपेज होती हैं। हम लोग भी देख रहे हैं। कैसे इसे व्यवस्थित कर सकते हैं। ताकि स्कूल बस उसी स्थान पर स्टॉपेज करें, वहीं बच्चे को चढ़ाएं और उतारे।

**सवालः ओवर ब्रिज के सरकारी बस पड़ाव व खादगढ़ा बस पड़ाव से जो बसे निकलती है,सड़क के बीच पर रोक कर सवारी उठाती है, जो समस्याएं पैदा करती है, इसको कैसे रोकेंगे ?**

**जवाब :** यह जो बात आप कह रहे हैं यह एक गंभीर समस्या है। आपकी बात से मैं सहमत भी हूं कि खादगढ़ा बस स्टैंड या फिर सरकारी बस स्टैंड से जो वाहनें निकलती है, वह सड़कों पर रोककर सवारी उठाती है। जिस कारण से सड़क जाम की समस्या बनती है। सड़क दुर्घटना होने की संभावनाएं अधिक रहती है। इन सबको मैंने चिन्हित किया हूं। आगे से ऐसी समस्याएं देखने को नहीं मिलेगी।

**सवालः ऐसा देखने को मिलता है कि जहां नो एंट्री लगी हुई है, वहां भी बड़ी वाहन इन जगह पर दिख जाती है। इसको कैसे रोकेंगे ?**

**जवाबः** देखिए, इस तरह की समस्याएं कभी-कभी सुनने और देखने को मिलती है। अगर आपको भी लगता है कि नो इंट्री लगी है और वाहन की इंट्री हो रही है तो उसका वीडियो बनाकर भेजिए तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

**सवालः आप यातायात से संबंधित जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं ?**

**जवाबः** लंबे समय से यातायात जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। लोगों को यह बताया जा रहा कि हेलमेट पहने, सीट बेल्ट लगाएं, तभी गाड़ी चलाएं। ट्रिपल राइट ना करें। नशा में वाहन न चलाएं। चालीस की स्पीड से जायदा वाहन नहीं चलाएं।

भीड़भाड़ वाले इलाके में कोशिश करें कि 40 की स्पीड से कम में अपनी वाहन चलाएं। इधर-उधर पार्किंग न करें। अपनी गाड़ी को अच्छी तरह से लॉक करें। ताकि चोरी न हो सके। गाड़ी को मॉडिफाई न करें। गाड़ी के सारे कागजात दुरुस्त रखें। यदि इन सब चीजों को इग्नोर किया तो आप पर जुर्माना होगा।

### कौन हैं यातायात पुलिस अधीक्षक

मार्च 2023 को नवनियुक्त रांची यातायात पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापित हारिस बिन जमॉ के पिता मोहम्मद बदरूज्जमां स्टेट एडमिस्ट्रेटिव सर्विस सेवा में ज्योइंट सेक्रेटरी हेल्थ के पद सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मॉ गृहणी हैं उन्होंने अर्थशास्त्र में ग्रेजुएशन किया है। यातायात पुलिस अधीक्षक पद पर पदस्थापित हारिस बिन जमॉ ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा रांची के डीपीएस स्कूल से हुई। इसके बाद भुवनेश्वर से बीटेक की। कुछ दिनों तक सॉफ्टवेयर की नौकरी की। इसी दौरान सिविल सर्विसेज की तैयारी की और परीक्षा दी। जिसमें सफल हुए और इंडियन रेवेन्यू में काम करने का मौका मिला। लेकिन मन वहां लगा नहीं, तो फिर दूसरी बार सिविल सर्विसेज की परीक्षा दी और 2017 बैच इंडियन पुलिस सर्विस सेवा में झारखंड कैडर मिला। प्रशिक्षण करने के बाद पहला पदस्थापन चाईबासा, सहायक पुलिस अधीक्षक गिरिडीह और फिर रांची यातायात पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थापित हैं। मूल रूप से गुमला जिला निवासी हैं।

# दिल्ली व कोटा से कम नहीं है पलामू : अविनाश

## कैरियर काउंसिलिंग में बच्चों का अविनाश देव ने किया ब्रेन वाश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** हर साल लाखों बच्चे करोडों सपने लिए दसवीं बोर्ड की परीक्षा पास करते हैं। उनके सामने एक गहरा संकट छाया रहता है कि किधर जाऊं। इस उहापोह की स्थिति में विद्यार्थी जीवन के चैराहे पर निर्णय नहीं कर पाते हैं। ऐसी हालत में उन्हें मार्गदर्शन व परामर्श की जरूरत होती है। ताकि जिंदगी की गाड़ी साफ सड़कों पर सरपट दौड़ सके। इसे आम बोलचाल की भाषा मे जीवनवृत्ति हेतु परामर्श या कैरियर काउंसिलिंग कहते हैं। बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन परीक्षार्थियों के साथ जेएमपी कॉम्प्लेक्स में कैरियर काउंसलिंग के लिए निदेशक अविनाश देव ने बैठक की। इस अवसर पर विद्वान व अपने अपने क्षेत्र में महारत हासिल किये शिक्षकों द्वारा संवाद स्थापित की गई। खुल





कर बात किया। जिसमें सबों की रुचि अलग-अलग दिखी। मेडिकल व इंजीनियरिंग के साथ वाणिज्य और ब्यापार को भी बच्चों ने चुना। अंतिम में सबों को एक समान्य चुनौती दिखी। वह था अर्थ, वित्त व कम खर्च में बेहतर एवं परिणामवादी संस्थान कौन और कहाँ है। इस पर शिक्षकों ने राय दी। तुलना कर बच्चों का विजन साफ किया। एक तिहाई बच्चों ने विकल्प के तौर पर पलामू को ही चुना और बाहर के संस्थानों में जाने से असमर्थता जताई। अविनाश देव ने कहा कि ऊंची दुकान फीकी पकवान को आपलोग पहचान कर लें। दिल्ली,कोटा व बंगलौर में कोचिंग करने वालों की घर वापसी हो गई है। बेहतर नहीं कर सके। किंतु जो विद्यार्थी घर में रह कर मेहनत किया वह टॉप हुआ। दुकान भले ही फीका लगे पर पकवान ऊंचा है। क्योंकि यहीं के शिक्षक वहाँ हैं, जहाँ आप पढ़ते हैं। विकल्प के रूप में पलामू का दृश्यम कोचिंग संस्थान भी बेहतर है। जहाँ आईआईटी के शिक्षक सेवा प्रदान कर रहे हैं। आप सबों को बहुत बहुत शुभकामनाएं व उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

### कांके डैम संरक्षण समिति की हुई बैठक

**रांची :** कांके डैम संरक्षण समिति की बुधवार को अंतरराष्ट्रीय जल दिवस पर पतरागोंदा फुटबॉल मैदान में बैठक हुई। बैठक में मंटू मुंडा, सोनू लकड़ा, बड़कू मुंडा, बिरसा मुंडा, आजू मुंडा, सुनील मुंडा सहित कई गांवों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान समिति के संरक्षक अमृतेश पाठक की अध्यक्षता में दो घंटे का सत्याग्रह कार्यक्रम भी हुआ। पाठक ने कहा कि आज से दो साल पहले कांके डैम को बचाने को 22 दिनों तक आंदोलन हुआ था। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने डैम संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाए जाने का भरोसा दिलाया था लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है। उनके आश्वासन पर ज्यादा भरोसा करना समिति और स्थानीय लोगों के लिए ठीक नहीं रहा। ऐसे में फिर से पुरानी मांगों पर जोरदार आंदोलन करना होगा। कांके डैम जैसे महत्वपूर्ण जलाशय को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने को सबों को मिलकर सामने आना होगा।

# इंडियन रोटी बैंक ने गरीब महिला की रक्त देकर बचायी जान

प्रभात मंत्र संवाददा

**मेदिनीनगर :** इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप संयोजक धर्मवीर सिंह नामधारी उर्फ सोनू सिंह ने सोमवार को रक्तदान कर एक गरीब महिला की जान बचा ली। इसके साथ ही श्री नामधारी ने 48 वर्ष की उम्र में 50वीं बार रक्तदान करने का रिकार्ड भी कायम कर लिया। बताया जाता है कि जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डबरा निवासी कुंदन कुमार यादव की पत्नी प्रसूता नेहा कुमारी को आर्शी लाइफ केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था और उसकी सर्जरी होनी थी। चिकित्सकों द्वारा एक यूनिट ब्लड की मांग की गई। इससे प्रसूता नेहा कुमारी के परिजन काफी बेचैन हो गए क्योंकि रक्त जुटा पाना उनके लिए बहुत ही मुश्किल काम था। इसकी सूचना किसी प्रकार इंडियन रोटी बैंक के झारखंड राज्य संयोजक दीपक तिवारी को मिली तो उन्होंने तुरंत बी पॉजिटिव रक्त का प्रबंध किया और यह रक्त किसी और ने नहीं बल्कि इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप प्रभारी धर्मवीर सिंह नामधारी उर्फ सोनू सिंह ने दिया। श्री तिवारी ने मेडिकल कॉलेज स्थित ब्लड बैंक में सोनू सिंह नामधारी से एक यूनिट रक्तदान करा कर नेहा कुमारी के पति को सौंप दिया। इस मौके पर इंडियन रोटी बैंक के लोगों ने सोनू सिंह नामधारी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और उनकी हौसला आफजाई की। रक्तदान के समय डॉक्टर जयंत लकड़ा, ब्लड बैंक के प्रभारी अनवर आलम तनवीर आलम, बैंक के झारखंड प्रदेश उप संयोजक परवेज अख्तर, वॉइस कोऑर्डिनेटर पलामू राकेश तिवारी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साहिब सिंह नामधारी समेत अन्य लोग मौजूद थे। श्री नामधारी के इस मानवीय व्यवहार के बाद यह भी साबित हो गया कि इंडियन रोटी बैंक लोगों के पेट की आग ही नहीं बुझाता बल्कि सामाजिक और मानवीय कार्यों में भी उसका उत्कृष्ट योगदान रहता है।



सोनू नामधारी ने 48 की उम्र में 50वीं बार रक्तदान करने का बनाया रिकार्ड

# अल्बर्ट एक्का की जीवनी पुस्तक का हुआ लोकार्पण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** वरिष्ठ पत्रकार सह लेखक संजय कृष्ण द्वारा लिखित झारखंड के 50 क्रांतिकारी एवं परमवीर अल्बर्ट एक्का की जीवनी पुस्तक का लोकार्पण मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित प्रभात प्रकाशन के शोरूम में किया गया। इस आयोजित लोकार्पण समारोह में पुस्तक का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी, अल्बर्ट एक्का के पुत्र विसेंट एक्का, प्रसिद्ध कथाकार राकेश कुमार सिंह, इतिहासकार प्रो एलएन राणा, दूरदर्शन के पूर्व निदेशक पीके झा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि यह पुस्तक झारखंड के क्रांतिकारियों और सपूतों की जानकारी लोगों को देगा। यह पुस्तक झारखंड ही नहीं देश के लोगों को भी झारखंड के सपूतों के बारे में महत्पवूर्ण जानकारी देने में सहायक साबित होगा। संजय कृष्ण ने अद्भुत काम किया है। अल्बर्ट एक्का के पुत्र विसेंट एक्का ने कहा कि यह पुस्तक वर्तमान और आने वाले पीढ़ियों के लिए फायदेमंद साबित होगा। खासतौर पर स्कूली बच्चों को परमवीर अल्बर्ट एक्का की जीवनी और झारखंड के क्रांतिकारियों के बारे में जानने और उन्हें समझने आसानी होगी। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। लोकार्पण कार्यक्रम में लेखक संजय कृष्ण ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पुस्तक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के 50 क्रांतिकारी में छोटानागपुर से लेकर संताल परगना के महत्वपूर्ण क्रांतिकारियों की जीवनी है। पहली बार ऐसे गुमनाम नायकों को जगह दी गई है, जिनके बारे में लोग कम या नहीं जानते हैं। दूसरी पुस्तक अल्बर्ट एक्का की गाथा है, वे झारखंड-बिहार के इकलौते परमवीर चक्र से सम्मानित वीर सेनानी हैं। 1971 के युद्ध में वे वीर गति को प्राप्त हुए थे। मरणोपरांत उन्हें सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

### भाजपा वाले रामनवमी जामताड़ा आकर देखें इरफान अंसारी

**रांची।** मंगलवार को विधानसभा में हजारीबाग विधायक मनीष जयसवाल द्वारा हजारीबाग क्षेत्र में डीजे बजाने की मांग को लेकर हंगामा किया। उन्होंने अपना कुर्ता तक फाड़ दिया कहा कि सरकार जबरदस्ती डीजे बंद करवा रही है । हमारे लोगों को नोटिस भेजकर उसे जेल भेजने की धमकी दे रही है । रामनवमी मनाने से रोका जा रहा है । इस पूरे मामले पर जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि मनीष जयसवाल हजारीबाग के विधायक हैं और सदन में जो इस तरह से कपड़ा फाड़ रहे हैं कि अशोभनीय है । जहां तक डीजे नहीं बजाने को लेकर है तो यह सरकार का नहीं सुप्रीम कोर्ट का आदेश है, कि रात 10ः00 बजे के बाद डीजे नहीं बजाना है। रामनवमी सौहार्द, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। रामनवमी कैसे मनाया जाता है आइए जामताड़ा में ,मैं बताता हूं वहां हम लोग सब मिलकर एक साथ रामनवमी मनाते हैं।

# पर्यावरणविद कौशल ने पौधोरोपण कर वृक्षों पर किया रक्षाबंधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्व वाणिकी दिवस के 53 वां वर्षगांठ पर पर्यावरणविद द्वारा चलाए गए निशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वां वर्ष तथा वन राखी मूवमेंट और पर्यावरण धर्म दिवस के 46 वां वर्ष पूरा होने पर इस वर्ष 14 मार्च से चल रहे वृक्षों पर रक्षाबंधन पौधारोपण और स्कूलों में पर्यावरण धर्म के विस्तार के लिए आयोजित कार्यक्रम में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के अगुआ पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म से जुड़े लोगों के साथ वनों पर राखी बांधकर उसे बचाने की शपथ दिलाई। छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत मुरुमदाग के केरकी कला आयोजित कार्यक्रम में वनों पर रक्षाबंधन कर बरगद का पौधा लगाया गया। इसके उपरांत वनों की सुरक्षा में लगे बलराम सिंह, बनारसी देवी, नागेश्वर सिंह व ग्रामीणों को अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसी तरह हुलसम पंचायत के विषयपुर मध्य विद्यालय में सुभाष गुप्ता, कपिल सिंह, मनोज गुप्ता,पंकज विश्वकर्मा, सुधीर सिंह व शिक्षक अकील अहमद व बच्चों एवं ग्रामीणों के बीच पौधा वितरण सह रोपन कर वृक्षों पर रक्षाबंधन भी किया गया। वहीं डाली बाजार के कौशल नगर में मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान में चाइनीज अमरूद का पौधा लगाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन किया गया। विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित गोष्ठी में पर्यावरणविद कौशल किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति से केवल लेना नहीं देना भी सीखें क्योंकिअर्थ के लिए हो रहे अनर्थ के कारण कोरोना से भी अधिक भयावह प्रदूषण का खतरा लोगों के सिर पर मंडरा रहा है। उससे बचने के लिए लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रो को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा तभी हम उस विभीषिका को टालने में कामयाब हो सकते हैं।पर्यावरण धर्म पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता शिक्षक श्रवण जायसवाल ने की। जबकि संचालन छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के प्रतिनिधि सुचित कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व उप मुखिया अफजल अंसारी ने की। मौके पर शिव प्रसाद यादव जुबेर अंसारी , विनोद यादव, बनारसी देवी, प्रवीण कुमार, विजय राम, पन कलियां कुंवर,सत्यदेव प्रसाद, हरेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, विजय विश्वकर्मा, कृष्णा प्रसाद, राजेश्वर विश्वकर्मा, मुख्तार अंसारी, उमेश कुमार, जुम्मन अंसारी, मंत्री पासवान आदि उपस्थित थे।

